CMYK

अधिकतम : 33°C
न्यूनतम : 22°C

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, गुरुवार 4 जून 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 24 अंक 56 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2083 17 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




देश में कभी सोना नहीं बेचा गया : केजरीवाल

पेज 2



प्रज्ञानंद ने कार्लसन पर दूसरी जीत के साथ इतिहास रचा

खेल टाइम्स



दरगाह बघरा एकता की प्रतीक

सम्पादकीय



ईरान के केशम द्वीप पर अमेरिकी हमला, ईरान ने भी किया पलटवार

पेज 12

# दिल्ली के होटल में लगी भीषण आग, 21 की मौत

## मालवीय नगर के होटल फ्लोरिश स्टे बी एंड बी में सुरक्षा मानकों के गंभीर उल्लंघन सामने आए, होटल मालिक गिरफ्तार

16 लोग घायल, मृतकों में एक ही परिवार के आठ लोग शामिल, 11 मृतक अफ्रीकी नागरिक बताए गए

छह कमरों की थी परमिशन, बना लिए 25 कमरे, गैर इरादतन हत्या सहित अन्य संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज

होटल में प्रवेश और निकास के लिए था केवल एक ही रास्ता, आठ दमकल वाहनों की मदद से आग पर पाया काबू

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर स्थित एक रेस्तरां- सह-होटल में हुई भीषण आग की घटना में 21 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 16 मरीज अस्पताल में भर्ती हैं।

इस दुर्घटना के बाद दिल्ली पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की गैर इरादतन हत्या सहित अन्य संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। इस हादसे में 11 मृतक अफ्रीकी नागरिक बताए गए हैं। होटल अग्निकांड ने गुरुग्राम के सेक्टर 46 निवासी राधेश्याम अग्रवाल परिवार को गहरा सदमा दिया है। परिवार के बुजुर्ग सदस्य राधेश्याम अग्रवाल मैक्स अस्पताल में भर्ती हैं, जबकि उनकी पत्नी, बेटे, बहू, दो पोतियों और रिश्तेदारी से आए तीन अन्य लोगों की भी मौत हो गई। परिवार दिल्ली में इलाज के लिए आया था, जो हादसे का शिकार हो गया। जांच में होटल फ्लोरिश स्टे बी एंड बी में सुरक्षा मानकों के गंभीर उल्लंघन सामने आए हैं। अधिकारियों के अनुसार आग होटल के बेसमेंट में संचालित रेस्तरां 'लेमन ग्रीन' में लगी थी। सूत्रों के मुताबिक होटल में प्रवेश और निकास के लिए केवल एक ही रास्ता था, जिससे आपात स्थिति में लोगों को बाहर निकलने में भारी कठिनाई हुई। जांच में यह भी सामने आया है कि होटल को केवल छह कमरों के संचालन की अनुमति थी, जबकि वहां करीब 25 कमरे संचालित किए जा रहे थे और लगभग -शेष पृष्ठ दो पर



## प्रधानमंत्री ने हादसे पर जताया दुख सहायता राशि की घोषणा की

■ मृतक आश्रितों को दो-दो लाख व घायलों को 50-50 हजार रुपये अनुग्रह राशि का ऐलान

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजधानी दिल्ली के मालवीय नगर में बुधवार सुबह एक होटल में आग लगने की घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है और इस हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों एवं घायलों के लिए सहायता राशि की घोषणा की है।

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर कहा कि दिल्ली के मालवीय नगर में आग लगने की घटना में लोगों की जान जाना एक दुखद घटना है। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी संवेदनाएं हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। अधिकारी प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी और घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत समेत विश्वभर में तीन महीने तक सूखे की आशंका

**नई दिल्ली।** भारत समेत दुनियाभर में सूखे की आशंका बन रही है। भारतीय मौसम विभाग के बाद विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) ने मंगलवार देर रात वैश्विक जलवायु को लेकर चेतावनी जारी की है। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की इस मौसम एजेंसी के मुताबिक, प्रशांत महासागर में तेजी से गर्म हो रहे समुद्री जल के कारण जून से अगस्त के बीच अल नीनो बनने की आशंका 80 फीसदी है। नवम्बर तक इसके 90 फीसदी या उससे ज्यादा बने रहने की आशंका है। इन सबके बावजूद भारत में 2 एक्टिव सिस्टम यानी इंडियन ओशन डायपोल (आईओडी) और मैडेन-जूलियन आस्सिलेशन (एमजेओ) से मानसून बच सकता है। ये बादलों और हवाओं का एक ऐसा वैश्विक सिस्टम है तो भूमध्य रेखा पर घूमता रहता है।

### यूपी समेत 11 राज्यों में आंधी-बारिश

**नई दिल्ली।** देशभर में आंधी-बारिश से पारा 40 डिग्री सेल्सियस के नीचे आ गया है। मंगलवार को उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार, उत्तराखंड, झारखंड, छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक, तमिलनाडु और गुजरात में बारिश हुई। यूपी के आगरा में करीब एक घंटे तक तेज बारिश से सड़कें और फुटपाथ धंस गए। इसमें ट्रैक्टर-ट्रॉली, कारें और ट्रक पलट गए। एमपी के श्योपुर जिले में बुधवार को तेज आंधी के साथ बारिश हुई। पेड़ गिरने से एक की मौत हो गई। मंगलवार को सिंगरौली में बिजली गिरने से किशोर की और नीमच में जर्जर मकान की छत गिरने से मां-बेटे की मौत हो गई थी।

### विमान सेवा कंपनियों को बड़ी राहत

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय बाजार में विमान ईंधन की कीमतों में भारी उछाल के बीच केंद्र सरकार ने भारतीय विमान सेवा कंपनियों को बड़ी राहत देते हुए मूल्य स्थिरीकरण कोष की स्थापना को मंजूरी दी है। इससे उन्हें स्थिर दाम पर ईंधन मिल सकेगा और तेल विपणन कंपनियों को भी इस मद में बोझ नहीं उठाना पड़ेगा।

# डीके शिवकुमार कर्नाटक के सीएम बने

बेंगलुरु, वार्ता

**डीके शिवकुमार** ने बुधवार को बेंगलुरु के लोक भवन में कर्नाटक के 24वें मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इस दौरान वे हाथ में संविधान लिए हुए थे। उन्हें 30 मई को कांग्रेस विधायक दल का नेता चुना गया था।

जी. परमेश्वर ने नए डिप्टी चीफ मिनिस्टर पद की शपथ ली। इनके अलावा 12 अन्य विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ली। इनमें पूर्व सीएम सिद्धारमैया के एमएलसी बेटे यतींद्र सिद्धारमैया भी शामिल हैं। शिवकुमार, सिद्धारमैया की जगह राज्य की कमान संभालेंगे। सिद्धारमैया ने 28 मई को सीएम पद से इस्तीफा दे दिया था। वे 20 मई 2023 से 28 मई 2026 तक मुख्यमंत्री रहे। डीके शिवकुमार ने शपथ समारोह के लिए लोक भवन पहुंचे। उन्होंने वहां संतों का आशीर्वाद लिया।



■ जी. परमेश्वर बने डिप्टी सीएम, सिद्धारमैया के बेटे समेत 12 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली

डीके शिवकुमार ने शपथ से पहले अपनी मां गौरम्मा के पैर छूकर उनका भी आशीर्वाद लिया। इससे पूर्व डीके शिवकुमार ने बुधवार को बेंगलुरु में पूर्व बीजेपी सीएम और लिंगायत नेता बीएस येदियुरप्पा से उनके घर पर मुलाकात की। नई कैबिनेट में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे प्रियांक भी शामिल हैं। मंत्रिमंडल का दूसरा विस्तार विधान परिषद और राज्यसभा चुनाव के बाद होने की संभावना है। शपथ ग्रहण समारोह में राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे के अलावा केरल, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना के कांग्रेस मुख्यमंत्री और अन्य कांग्रेस नेता शामिल हुए। शपथ ग्रहण से ठीक एक दिन पहले सिद्धारमैया को कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) का सदस्य नियुक्त किया गया। कर्नाटक के नए मुख्यमंत्री बनने जा रहे डीके शिवकुमार देश के सबसे अमीर नेताओं में हैं। उनके पास 1413 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति है। वह रियल एस्टेट, खनन, होटल कारोबारी हैं।




## दिल्ली-NCR में पुराने ट्रकों व बसों को बदलने की योजना को मंजूरी

**नई दिल्ली।** सरकार ने दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण कम करने के लिए पुराने बीएस-4 या उससे पुराने ट्रकों और बसों को बदलने के लिए 9,585 करोड़ की योजना को मंजूरी दी है।

यह योजना राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड द्वारा लागू की जाएगी। केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में वायु प्रदूषण कम करने और स्वच्छ परिवहन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक दो वर्षीय योजना को मंजूरी दी है। इस योजना का वित्तपोषण आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड करेगी तथा इसका कार्यान्वयन सड़क परिवहन, राजमार्ग मंत्रालय और पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा किया जाएगा।

## सोना बेचने की रिपोर्टों का आरबीआई ने किया खंडन

**मुंबई।** रिजर्व बैंक ने विदेशी मीडिया में आई उन रिपोर्टों का जोरदार खंडन किया है, जिनमें दावा किया गया था कि केंद्रीय बैंक ने विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट को रोकने के लिए भारी मात्रा में सोना बेचा है।

केंद्रीय बैंक ने कहा कि ये रिपोर्ट सही नहीं हैं। उसने कहा कि वह हर महीने उसके पास पड़े भौतिक सोने के आंकड़े जारी करता है। बैंक ने स्पष्ट किया गया है कि मई में जारी पिछली रिपोर्ट उसकी वेबसाइट पर उपलब्ध है।

■ रिजर्व बैंक ने कहा: हर महीने उसके पास पड़े भौतिक सोने के आंकड़े जारी करता है

## ममता की टीएमसी टूटी, 58 विधायकों ने अलग गुट बनाया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की टीएमसी में टूट पड़ गई है। पार्टी से निकाले गए विधायक ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व में 58 विधायकों ने अलग गुट बना लिया है।

इन्होंने बुधवार को विधानसभा स्पीकर रथिंद्र बोस को समर्थन पत्र सौंपा। इसमें बताया गया कि ऋतब्रत विधायक दल के नेता हैं और उन्हें नेता विपक्ष घोषित किया जाए। विधानसभा सूत्रों के अनुसार, स्पीकर ने मंजूरी दे दी है। जावेद खान, संदीपन साहा और सिउली साहा को उपनेता जबकि अखरुज्जमान को चीफ व्हिप बनाया गया है। ऋतब्रत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि दो और विधायक हमारे साथ हैं। हालांकि, इस पूरे घटनाक्रम पर अभी विधानसभा स्पीकर और ममता बनर्जी का कोई बयान नहीं आया है। ममता के पास अब 22 विधायकों का समर्थन है। टीएमसी ने 294 सीटों में से 80 सीटें जीती थीं। इसी बीच सीनियर लीडर कुणाल घोष ने बताया कि टीएमसी एमएलए फिरहाद हकीम ने कोलकाता के मेयर पद से इस्तीफा दे दिया है। यह विवाद उस समय शुरू हुआ, जब नेता विपक्ष के चयन से जुड़े प्रस्ताव पर फर्जी हस्ताक्षर का आरोप लगने के बाद ऋतब्रत बनर्जी और संदीपन साहा को पार्टी से बाहर कर दिया गया था।



■ ऋतब्रत बनर्जी को विधायक दल का नेता चुना गया, स्पीकर ने उन्हें नेता विपक्ष माना

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### रसोइयों व विद्यालयी कर्मियों को कैशलेस इलाज की सुविधा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजी.बीवी) और पीएम पोषण योजना से जुड़े हजारों कर्मियों एवं उनके परिवारों को अब कैशलेस चिकित्सा सुविध उपलब्ध कराने की दिशा में योगी सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सरकार का उद्देश्य शिक्षा और पोषण व्यवस्था को मजबूत बनाने वाले कर्मियों को बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कर्मयोगी कल्याण की अवधरणा के अनुरूप बेसिक शिक्षा विभाग ने योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रदेशव्यापी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है, जिससे पात्र लाभार्थियों तक स्वास्थ्य सुरक्षा का लाभ समयबद्ध तरीके से पहुंचाया जा सके। शिक्षा निदेशक (बेसिक) अनिल भूषण चतुर्वेदी ने इस संबंध में सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं।

### सीआईके ने कश्मीर घाटी में तलाशी अभियान चलाया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर (सीआईके) शाखा ने बुधवार को आतंकवाद से जुड़े एक मामले की जांच के सिल. सिले में घाटी में कई जगहों पर तलाशी अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि यह तलाशी अभियान कुलगाम, अनंतनाग, श्रीनगर, बांदीपोरा, सोपोर और कुपवाड़ा सहित कई जिलों में चलाया गया। अधिकारियों ने बताया कि ए छापेमारी एजेंसी द्वारा जांच किए जा रहे एक आतंकवाद-संबंधी मामले की चल रही जांच के तहत की गई है। उन्होंने कहा, ष्तलाशी अभियान फिलहाल जारी है। मामले से संबंधित विस्तृत जानकारी बाद में साझा की जाएगी।

### संगठन और प्रशासनिक समन्वय को मजबूत करने की बनाई रणनीति

# मिशन 2027 के तहत योगी सरकार का प्रशासनिक दांव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ मंत्रियों के प्रभार वाले जिलों में बड़ा फेरबदल करते हुए कई वरिष्ठ और नए मंत्रियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने मंत्रियों के प्रभार वाले जिलों में बड़ा फेरबदल करते हुए कई वरिष्ठ और नए मंत्रियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं। हाल ही में मंत्रिमंडल में शामिल किए गए मंत्रियों को भी महत्वपूर्ण जिलों का प्रभार दिया गया है।

भाजपा सरकार के इस कदम को वर्ष 2027 के विधनसभा चुनावों से पहले संगठन और प्रशासनिक समन्वय को मजबूत करने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। नई व्यवस्था के तहत वरिष्ठ मंत्री भूपेंद्र चौधरी को आगरा के साथ कासगंज जिले का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। हाल ही में कैबिनेट में शामिल हुए मनोज पांडेय को सीतापुर का प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा अजीत पाल को फतेहपुर, समेंद्र तोमर को मुजफ्फरनगर, हंसराज विश्वकर्मा को सोनभद्र तथा सुरेन्द्र दलेर को बुलंदशहर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कैबिनेट मंत्रियों में सूर्य प्रताप शाही को अयोध्या और बस्ती, सुरेश कुमार खन्ना को वाराणसी और लखनऊ, स्वतंत्र देव सिंह को प्रयागराज और गोरखपुर, बेबी रानी मौर्य को इटावा और हाथरस, लक्ष्मी नारायण चौधरी को अलीगढ़ और फिरोजाबाद तथा जयवीर सिंह को झांसी और फर्रुखाबाद का प्रभार दिया गया है। इसी प्रकार धर्मपाल सिंह को गाजियाबाद और रामपुर, नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी को मिर्जापुर और चित्रकूट, अनिल राजभर को आजमगढ़ और सिद्धार्थनगर, राक. ेश सचान को रायबरेली और कन्नौज तथा अरविन्द कुमार शर्मा को जौनपुर और भदोही की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा योगेन्द्र उपाध्याय को कानपुर नगर, आशीष पटेल को गोंडा, संजय निषाद को कानपुर देहात, ओम प्रकाश राजभर को अंबेडकरनगर, दारा सिंह चौहान को कुशीनगर और श्रावस्ती, सुनील कुमार शर्मा को सहारनपुर तथा अनिल कुमार को मुरादाबाद का प्रभारी बनाया गया है। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के स्तर पर नितिन अग्रवाल को लखीमपुर खीरी, कपिल देव अग्रवाल को बिजनौर, रवीन्द्र जायसवाल को गाजीपुर, सन्दीप सिंह को मथुरा, गुलाब देवी को अमरोहा तथा गिरीश चन्द्र यादव को सुल्तानपुर का प्रभार सौंपा गया है। वहीं धर्मवीर प्रजापति को मैनपुरी, असीम अरुण को हरदोई और मेरठ, जे-पी-एस- राठौर को संभल और बरेली, दयाशंकर सिंह को देवरिया और मऊ, नरेन्द्र कुमार कश्यप को शाहजहांपुर, दिनेश प्रताप सिंह को बांदा और बहराइच, अरुण कुमार सक्सेना को बदायूं तथा दयाशंकर मिश्र दयालु को बलिया और महराजगंज का प्रभार सौंपा गया है।

### संविदाकर्मियों को हटाने की शिकायतों पर सख्त हुए ऊर्जा मंत्री

**लखनऊ।** उप्र के ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने विद्युत विभाग में संविदाकर्मियों को कार्य से हटाए जाने की मिल रही शिकायतों पर नाराजगी जताई है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि बिना उचित और वैध कारण किसी भी संविदाकर्मी को नौकरी से न हटाया जाए।

## देश में कभी सोना नहीं बेचा गया: केजरीवाल

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ मोदी सरकार में देश के आर्थिक हालात बदतर हो चुके

आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा है कि मोदी सरकार में देश के आर्थिक हालात इतने बदतर हो चुके हैं कि सरकार को अब देश का सोना बेचना पड़ रहा है। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने देश का सोना बेचने पर न सिर्फ मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से देश के आर्थिक हालात भी जनता के सामने रखने की मांग की है।

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट को साझा करते हुए केजरीवाल ने कहा कि पिछले 76 साल में कई ऐसे मौके आए जब देश कठिन स्थिति में था लेकिन देश का सोना तो कभी नहीं बेचा गया। इसका मतलब हालात बहुत ज्यादा खराब हैं? सरकार कुछ बताती क्यों नहीं? देश के क्या हालात हैं? मोदी जी कहते हैं कि वो तो झोला उठा के चल देंगे। पर हमें तो यहीं रहना है, इसी देश में रहना है। आप के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने कहा कि कुछ दिन पहले तक देश को समझाया जा रहा था कि सोना मत बेचो, सोना भविष्य की सुरक्षा है। अब ब्लूमबर्ग की इस रिपोर्ट में खुलासा हो रहा है कि प्रधानमंत्री ने खुद ही देश का सोना बेच डाला। अगर देश को चलाने के लिए सोने का भंडार बेचने की मजबूरी जैसे हालात बन गए हैं, जो भारत के इतिहास में कभी नहीं हुआ, तो देश को साफ-साफ बताया जाना चाहिए कि आर्थिक हालात क्या हैं। सरकार सामने आए और सच बताए। देश को प्रचार नहीं, पारदर्शिता चाहिए। वहीं, आप के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि रेल, सेल, तेल, कोयला, गैस, पोर्ट, एयरपोर्ट, और आपका पेपर बेचने के बाद, आजाद भारत के इतिहास में पहली बार मोदी ने एक लाख 14 हजार करोड़ का देश का सोना भी बेच दिया। देश की आर्थिक हालत अति गंभीर है। मोदी तो झोला लेकर चल देंगे, आप सोंचिए आपका क्या होगा?

## वाराणसी में अजबैग शहीद मस्जिद ध्वस्त

**वाराणसी, वार्ता**

■ काशी मॉडल स्टेशन परियोजना के तहत की कार्रवाई

उत्तर प्रदेश के वाराणसी में काशी रेलवे स्टेशन के विस्तार एवं आधुनिकीकरण परियोजना के तहत मंगलवार देर रात आदमपुर थाना क्षेत्र के राजघाट के निकट स्थित अजगैब शहीद मस्जिद को प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया।

कार्रवाई रात लगभग 12 बजे शुरू की गई और भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पूरी की गई। प्रशासन के अनुसार मस्जिद रेलवे की भूमि पर निर्मित थी और काशी मॉडल स्टेशन परियोजना के लिए भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जाना आवश्यक था। कार्रवाई के दौरान रेलवे, जिला प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर मौजूद रही। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए क्षेत्र में एक हजार से अधिक पुलिसकर्मियों, पीएसी तथा केंद्रीय बलों के जवानों की तैनाती की गई थी। पुलिस उपायुक्त काशी जोन गौरव कुमार, पुलिस उपायुक्त वैभव बांगर, एसीपी विजय प्रताप सहित कई वरिष्ठ अधिकारी पूरी कार्रवाई की निगरानी करते रहे। कार्रवाई से पूर्व अपर पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था एवं मुख्यालय) शिवहरि मीणा ने क्षेत्र का निरीक्षण किया। भदऊ चुंगी स्थित किला कोहना इलाके में अजगैब शहीद मस्जिद के साथ मजार और कब्रिस्तान भी स्थित थे। मुस्लिम पक्ष का दावा है कि मस्जिद लगभग 200 वर्ष पुरानी थी। अधिकारियों का कहना है कि संबंधित भूमि रेलवे की संपत्ति है। उनके अनुसार, प्रारंभ में वहां मजार का निर्माण हुआ था, जिसके बाद मस्जिद और कब्रिस्तान विकसित किए गए।

## धर्मेंद्र प्रधान को बचाने की वजह बताएं मोदी: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ मंत्रालय की अक्षमता और भ्रष्टाचार के आरोपों से जुड़े नए तथ्य लगातार सामने आ रहे

कांग्रेस ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग दोहराते हुए कहा है कि उनके मंत्रालय की अनियमितताओं के लगातार सामने आने के बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उन्हें बचाने में आमादा हैं और इसका जवाब उन्हें देश को देना चाहिए।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के शीर्ष नेतृत्व का तबादला कर दिया गया है लेकिन प्रधान पद पर बने हुए हैं, जबकि उनके मंत्रालय की अक्षमता और भ्रष्टाचार के आरोपों से जुड़े नए तथ्य लगातार सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मीडिया रिपोर्टों के अनुसार शिक्षा संबंधी संसदीय स्थाई समिति के समक्ष सीबीएसई अपने ऑन स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली की खरीद प्रक्रिया से जुड़े सवालों का संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। उन्होंने दावा किया कि इन सवालों को सबसे पहले 18 वर्षीय छात्र सार्थक सिद्धांत ने सोशल मीडिया के माध्यम से उठाया था, जिससे सीबीएसई और शिक्षा मंत्रालय में जवाबदेही की कमी उजागर हुई है। रमेश ने कहा कि एक मीडिया जांच में यह भी सामने आया है कि ओएसएम प्रणाली के ड्राई रन में शामिल कई प्रतिभागियों ने इसके क्रियान्वयन को लेकर गंभीर आपत्तियां दर्ज कराई थीं और सभी मूल्यांकनकर्ताओं को पर्याप्त प्रशिक्षण दिए जाने तक इसे लागू नहीं करने की सलाह दी थी। उनका आरोप है कि सीबीएसई ने इन सुझावों और तकनीकी आपत्तियों की अनदेखी करते हुए प्रणाली को लागू कर दिया। उन्होंने कहा कि सीबीएसई छात्रों की उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन के लिए निर्धारित समयसीमा का पालन करने में भी विफल रहा है। पहले 29 मई की समयसीमा बढ़ाई गई और बाद में एक जून की संशोधित समयसीमा भी पूरी नहीं हो सकी। उन्होंने आरोप लगाया कि दो जून को पोर्टल शुरू होने के बाद भी अनेक छात्रों को उस तक पहुंचने और शुल्क जमा करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि शिक्षा मंत्रालय भ्रष्ट, अक्षम और असंवेदनशील तरीके से काम कर रहा है तथा विभिन्न सर्वेक्षणों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के समर्थकों द्वारा भी शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग उठाई जा रही है। उन्होंने सवाल किया कि आखिरकार प्रधानमंत्री उन्हें बचाने पर इतने क्यों अड़े हैं।

### दिल्ली होटल अग्निकांड पर मायावती ने जताया दुख

**लखनऊ।** बसपा की प्रमुख मायावती ने दिल्ली के मालवीय नगर स्थित एक होटल में हुए भीषण अग्निकांड पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने इस हादसे में लोगों की मौत और कई लोगों के घायल होने की घटना को अत्यंत दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण बताया। सोशल मीडिया पर जारी अपने संदेश में मायावती ने कहा कि राजधनी दिल्ली के मालवीय नगर के एक होटल में हुआ अग्निकांड बेहद दुखद है। उन्होंने हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। ऐसी दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने आग से सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं को और अधिक मजबूत करने तथा भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की।


काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 74346.17
निफ्टी 23405.60
सोना 156370 प्रति 10 ग्राम
चांदी 280000 प्रति किलो

## आईटी सेक्टर के दबाव में लुढ़के शेयर बाजार

**मुंबई, वार्ता**



■ आईटी सेक्टर में मुनाफावसूली से टीसीएस ने बीएसई में सबसे अधिक 8.43 प्रतिशत का नुकसान उठाया

आईटी सेक्टर में भारी बिकवाली होने से बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट रही और टीसीएस का शेयर सबसे अधिक 8.43 प्रतिशत टूट गया।

बीएसई का सेंसेक्स 303.67 अंक (0.41 प्रतिशत) टूटकर 74,346.17 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 77.95 अंक यानी 0. 33 प्रतिशत नीचे 23,405.60 अंक पर रहा। बाजार पर आज सुबह के समय ज्यादा दबाव था। दोपहर तक सेंसेक्स 1,157 अंक लुढ़कर 73,492.60 अंक तक उतर गया था। इसके बाद बैंकिंग और वित्तीय कंपनियों में हुई लिवाली ने इसे 74,515.65 अंक तक चढ़ने में मदद की, हालांकि यह कभी हरे निशान में नहीं पहुंच सका। आईटी सेक्टर में मुनाफावसूली से टीसीएस ने बीएसई में सबसे अधिक 8.43 प्रतिशत का नुकसान उठाया। सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा का शेयर 6.23 प्रतिशत, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 5.25 प्रतिशत और इंफोसिस का 3.82 प्रतिशत गिर गया। आईटीसी में 2. 21 फीसदी, इटरनल में 1.48 फीसदी और एलएंडटी में 1.19 फीसदी की गिरावट रही। अल्ट्राटेक सीमेंट, अडानी पोर्ट्स, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, बीईएल और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर भी नीचे बंद हुए। भारतीय स्टेट बैंक का शेयर सेंसेक्स में सबसे अधिक 1.43 प्रतिशत चढ़ा। आईसीआईसीआई बैंक का शेयर 1.30 प्रतिशत, ट्रेंट का 1.13, इंडिगो का 1.04 और पावरग्रिड का 1.01 प्रतिशत मजबूत हुआ। एचडीएफसी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, भारती एयरटेल, टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एक्सिस बैंक के शेयर भी ऊपर रहे। वृहत बाजार में भी बिकवाली हावी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0. 56 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.11 प्रतिशत लुढ़क गया। आईटी निफ्टी सूचकांक 5. 57 प्रतिशत लुढ़क गया। एफएमसीजी, रियलटी और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के सूचकांकों में भी अधिक गिरावट रही। बैंकिंग और वित्तीय सेक्टर में सबसे ज्यादा लिवाली देखी गई, विशेषकर सार्वजनिक बैंकों में। स्वास्थ्य और फार्मा सेक्टरों के सूचकांक भी ऊपर रहे। एनएसई में जिन 3,402 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें 1,915 के शेयर गिरकर और 1,379 के बढ़त के साथ बंद हुए। अन्य 108 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्ति रहे। वैश्विक स्तर पर एशिया में जापान में निक्केई 2.50 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.22 प्रतिशत ऊपर रहा जबकि हांगकांग का हैंग सेंग 1.56 प्रतिशत गिर गया। यूरा. ेपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.98 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.41 प्रतिशत नीचे था।

## हरित ऊर्जा क्षेत्र में 44 लाख पूर्णकालिक रोजगार सृजन की क्षमता: रिपोर्ट

**नई दिल्ली, वार्ता**

देश का 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य और नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन के तहत निर्धरित उद्देश्य आने वाले समय में 44 लाख से अधिक रोजगार सृजित कर सकते हैं।

काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वॉटर (सीईईडब्ल्यू) और नेचुरल रिसोर्सेज डिफेंस काउंसिल इंडिया (एनआरडीसी इंडिया) के एक नए अध्ययन में यह तथ्य सामने आया है। बुधवार को जारी अध्ययन रिपोर्ट में कहा गया है कि रूफटॉप सोलर सबसे बड़ा रोजगारदाता होगा, जिसकी कुल अनुमानित नई नौकरियों में लगभग 43 प्रतिशत हिस्सेदारी रहेगी। ड्राइविंग एनर्जी ट्रांजिशन: वर्कफोर्स, स्किल्स, एंड जेंडर इन इंडियाज रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर' नाम से जारी यह रिपोर्ट नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के तकनीकी मार्गदर्शन में तैयार किया गया है। यह वर्ष 2024-25 में सौर, पवन, जैव ऊर्जा और जलविद्युत क्षेत्रों की कंपनियों के बीच किए गए एक प्राथमिक सर्वेक्षण पर आधरित है। इस अध्ययन ने विभिन्न स्वच्छ ऊर्जा तकनीकों और व्यवसाईकरण वाले चरणों में कर्मचारियों की जरूरत का आकलन करने के लिए नया पूर्णकालिक रोजगार गुणांक तैयार किया है। इसके जरिए उपकरणों के विनिर्माण, परियोजनाओं की स्थापना और संचालन में आने वाले प्रत्यक्ष रोजगार का आकलन किया गया है। भारत अब कुल स्थापित अक्षय ऊर्जा क्षमता के मामले में दुनिया में तीसरे स्थान पर है। इसके अलावा, कुल बिजली उत्पादन क्षमता का 50 प्रतिशत हिस्सा गैर-जीवाश्मुोतों से हासिल करने का लक्ष्य समय से पांच साल पहले 2025 में पूरा कर चुका है। इस क्षेत्र में रोजगार सृजन की संभावनाओं पर बात करते हुए नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय में सचिव संतोष कुमार सारंगी ने कहा, ष्एक सफल हरित परिवर्तन के लिए लोगों की भागीदारी एकदम बुनियादी तत्व है। लोगों को इस हरित परिवर्तन के केंद्र में रखने से होने वाले सकारात्मक और अप्रत्यक्ष लाभ इसमें शामिल होते हैं। भारत ने यह दिखा दिया है कि हमारा आर्थिक विकास और पर्यावरण को एक साथ लेकर चलना संभव है।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

### प्रथम पृष्ठ का शेष...

**दिल्ली के...**

40 लोग ठहरे हुए थे। अधिका. रियों ने बताया कि भवन का उपयोग स्वीकृत क्षमता से कहीं अधिक किया जा रहा था। बेसमेंट क्षेत्र का भी कथित रूप से रेस्तरां संचालन और अतिथियों के ठहरने दोनों के लिए अनधिकृत उपयोग किया जा रहा था। प्रारंभिक जांच के अनुसार आग बेसमेंट स्थित रेस्तरां में लगी, जहां लगभग छह कमरे भी बने हुए थे। देर रात होटल मालिक लवकेश बजाज को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना के बाद से ही वह फरार हो गया था।जांच एजेंसियां अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं की कमी और सीमित निक. ासी मार्गों को हादसे का प्रमुख कारण मानकर जांच कर रही हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुबह लगभग 8:48 बजे पहली आपातकाल. ीन सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस और बचाव दल तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत एवं निकासी अभियान शुरू किया गया। आठ दमकल वाहनों की मदद से आग पर काबू पाया गया। दिल्ली पुलिस, अग्निशमन सेवा और अन्य आपातकालीन एजेंसियों के संयुक्त प्रयास से 40 से अधिक लोगों को सुरक्षित बाहर निकालकर अस्पतालों में भर्ती कराया गया। इस बीच मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, साकेत ने बताया कि उसके आपातकालीन विभाग में कुल 39 लोगों को लाया गया। इनमें 18 लोगों को मृत अवस्था में लाया गया, जबकि 15 मरीज आईसीयू में भर्ती हैं। इनमें से आठ वेंटिलेटर पर हैं और उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पांच लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को सफदरजंग अस्पताल भेजा गया। अस्पताल ने पुष्टि की है कि पीड़ितों में भारतीय और विदेशी दोनों नागरिक शामिल हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग बहुत तेजी से फैली, जिससे भवन के भीतर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने बचाव कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और आपातकालीन सेवाओं के पहुंचने से पहले कई लोगों को बाहर निकाला। स्थानीय निवासी प्रीति शर्मा ने बताया कि भवन से धमाके जैसी आवाजें सुनाई देने के बाद लोग मदद के लिए चिल्लाने लगे। उन्होंने कहा कि मैंने कई धमाके जैसी आवाजें सुनीं और फिर भवन के अंदर से चीख-पुकार सुनाई दी। लोग मदद के लिए चिल्ला रहे थे और कुछ लोग जान बचाने के लिए खिड़कियों से कूद रहे थे। चारों ओर अफरा-तफरी थी और स्थानीय लोग फंसे हुए लोगों को बचाने के लिए दौड़ पड़े। एक अन्य प्रत्यक्षदर्शी विशाल कुमार ने बताया कि भवन से घना धुआं निकलता देख स्थानीय लोगों ने तत्काल राहत कार्य शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि हमने भवन से घना धुआं निकलते देखा और समझ गए कि लोग अंदर फंसे हैं। स्थानीय लोगों ने कंबल और रजाइयां जुटाई तथा बाहर निकलने की कोशिश कर रहे लोगों की मदद की। हमने खिड़कियों के शीशे तोड़कर बाहर निकलने का रास्ता बनाया और कई लोगों को सुरक्षित निकाला। अंदर से लगातार मदद की आवाजें आ रही थीं और हर व्यक्ति अपनी ओर से मदद करने का प्रयास कर रहा था। अधिका. रियों ने भवन की विस्तृत सुरक्षा और अनुपालन जांच के आदेश दिए हैं तथा नियमों के उल्लंघन के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का संकेत दिया है। हादसे में अब तक 21 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कई अन्य का विभिन्न अस्पतालों में उपचार जारी है।

### खड़गे, राहुल, प्रियंका ने मालवीय नगर अग्निकांड पर जताया शोक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने राष्ट्रीय राजधनी के मालवीय नगर स्थित एक होटल में आग लगने की घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के परि. जनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है। कांग्रेस नेताओं ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से राहत और बचाव में पूरा सहयोग करने की अपील करते हुए सरकार से पीडि़त परिजनों को सहायता देने का भी आग्रह किया है। खड़गे ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि मालवीय नगर में हुई दुखद अग्निकांड की घटना से वह अत्यंत दुखी हैं। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवे. दना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और संबंधित अधिकारियों को पीड़ितों को समय पर तथा पर्याप्त मुआवजा उपलब्ध कराना चाहिए तथा घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से पीड़ितों की हरसंभव सहायता करने का आग्रह किया। गांधी ने कहा कि मालवीय नगर में आग लगने से कई लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। उन्होंने शोकाकुल परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं से राहत एवं बचाव कार्यों में हरसंभव योगदान देने की अपील की।

## आदिवासियों के पास जाकर उनकी समस्याओं को समझना होगा: मुर्मू

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ आदिवासी खुलकर अपनी दिक्कतें और समस्याओं लोगों से बताते नहीं हैं

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि जनजातियों के समग्र विकास और सरकार की योजनाएं उन तक सुचारु रूप से पहुंचाने के लिए अधिकारियों को उनके पास जाकर उनकी समस्याओं को समझना होगा।

श्रीमती मुर्मू ने यहां एकीकृत जनजातीय विकास एजेंसी (आईटीडीए) और एकीकृत जनजातीय विकास परियोजना (आईटीडीपी) से जुड़े अधिकारियों के राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में कहा कि अधिकारी गांव-गांव जाकर आदिवासियों से मिलें और उनके साथ घुल-मिलकर उनकी समस्याओं को समझें, तभी वे वास्तविकताओं से अवगत हो सकेंगे। इसके बाद ही आदिवासियों के समग्र विकास की योजनाएं शासन स्तर पर बनाई जा सकेंगी। उन्होंने कहा कि आदिवासी खुलकर अपनी दिक्कतें और समस्याओं लोगों से बताते नहीं हैं। उनके साथ घुल-मिलकर ही उनकी दुश्वारियां समझी जा सकती हैं। उन्होंने आदिवासियों को शिक्षा और उचित पोषण की सुविधएं उपलब्ध कराने के लिए तन-मन से योगदान देने का अधिकारियों से आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आदिवासी बहुत आत्मसम्मान से जीते हैं, उनके पास धन नहीं होगा, उनके पास खाने को कुछ नहीं होगा लेकिन वे आत्मसम्मान से समझौता नहीं करेंगे। वे हमेशा चाहते हैं कि उनके आत्मसम्मान पर कोई आंच न आए। इसलिए उनके पास जाकर और उनसे घुल-मिलकर ही उनकी दिक्कतें समझी जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रत्येक गर्भवती आदिवासी महिला को उचित पोषण मिले। हर आदिवासी बालक-बालिका को स्कूल जाने की सुविधाएं मिलें और प्रत्येक आदिवासी को गरिमा के साथ आजीविका प्राप्त हो। राष्ट्रपति ने कहा कि आदिवासी अपनी संस्कृति को लेकर बहुत संवे. दनशील रहते हैं, अत: विकास योजनाएं बनाते समय यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि उनकी संस्कृति के साथ कोई समझौता न हो।

### कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

# माइक्रो प्लान के तहत सभी व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करें सम्बंधित विभाग: डीएम

**■ बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा पूर्व तैयारियों की प्रगति की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आगामी कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ की अध्यक्षता में महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं विभागाध्यक्षों/प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रा की समस्त तैयारियां माइक्रो प्लान के आधार पर समयबद्ध ढंग से पूर्ण की जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

उन्होंने कहा कि यात्रा मार्गों पर आवश्यक सुविधाओं के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवाएं, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, विश्राम स्थलों एवं प्रकाश व्यवस्था की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

बैठक में कांवड़ मार्गों को गड्ढामुक्त, स्वच्छ एवं सुन्दर बनाए रखने, मार्गों पर नियमित साफ-सफाई, पथ प्रकाश व्यवस्था तथा जलपान केंद्रों की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही संवेदनशील स्थलों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं यातायात प्रबंधन को प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कांवड़ यात्रा के दौरान आमजन एवं स्थानीय निवासियों को न्यूनतम असुविधा हो, इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा एवं सुगम आवागमन के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों के दैनिक जीवन पर न्यूनतम प्रभाव सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है।

बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा पूर्व तैयारियों की प्रगति की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। बैठक में मुख्य रूप से सीडीओ कुमार सौरभ, एडीएम ई ज्योति मौर्य, एडीएम सिटी विकास कश्यप, सिटी मजिस्ट्रेट सतीश चन्द्र त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## रामपार्क एक्सटेंशन में अवैध फैक्ट्रियां सील

**लोनी।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने थाना ट्रोनिका सिटी क्षेत्र के रामपार्क एक्सटेंशन में बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग आधा दर्जन अवैध फैक्ट्रियों को सील कर दिया। ये सभी इकाइयां रिहायशी इलाकों में बिना नक्शा पास कराए व्यावसायिक गतिविधियां चला रही थीं। जीडीए की प्रवर्तन टीम को रामपार्क एक्सटेंशन के रिहायशी क्षेत्रों में अवैध फैक्ट्रियों के संचालन की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। जांच में सामने आया कि दर्जनभर इकाइयां बिना स्वीकृत नक्शे के अवैध निर्माण कर चलाई जा रही थीं। मंगलवार शाम को जीडीए की टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। टीम ने सभी 6 अवैध इकाइयों पर नोटिस चस्पा कर उन्हें सील कर दिया।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा

# समरकूल होम एप्लायंसेज लिमिटेड को गीडा में 25,000 वर्ग मीटर का औद्योगिक भूखंड आवंटित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) के अंतर्गत आयोजित औद्योगिक भूखंड वितरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समरकूल होम एप्लायंसेज लिमिटेड के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता को 25,000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल का औद्योगिक भूखंड आवंटन पत्र सौंपा। समरकूल इस भूखंड पर शीघ्र ही उद्योग स्थापित करेगा और 100 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करेगा। इसके साथ ही कंपनी लगभग 500 से अधिक लोगों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार सृजित करेगी, जिससे



क्षेत्रीय आर्थिक विकास को बल मिलेगा। इस अवसर पर समरकूल के सेल्स हेड नरेश बत्रा एवं कंपनी के सी एंड एफ पार्टनर संतोष इलेक्ट्रिकल्स के अजय अग्रवाल भी उपस्थित रहे। आवंटन पत्र प्राप्त करने पर समरकूल के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता ने प्रदेश सरकार का धन्यवाद किया। तथा समरकूल परिवार ने उत्तर प्रदेश सरकार के चहुंमुखी विकास, प्रयासों और उद्योग जगत को दी जा रही हर संभव सहायता की सराहना की। संजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि समरकूल सदैव मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने की दिशा में पूर्ण सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है।

### एचएलएम 14वीं लीग ऑफ इमर्जिंग प्लेयर्स

# मौलाना आजाद ने टीएनएम क्रिकेट अकादमी को 4 विकेट से हराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एचएलएम कॉलेज ग्राउंड पर खेले गए एचएलएम 14वीं लीग ऑफ इमर्जिंग प्लेयर्स के रोमांचक मुकाबले में मौलाना आजाद टीम ने ज्छड क्रिकेट अकादमी को 4 विकेट से पराजित कर शानदार जीत दर्ज की। टॉस जीतकर मौलाना आजाद ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए टीएनएम क्रिकेट अकादमी ने निर्धारित 40 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 277 रन बनाए।



टीएनएम की ओर से विकाश चौहान ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए 68 गेंदों में 105 रन बनाए, जिसमें 7 चौके और 9 छक्के शामिल रहे। शौर्य ने 54 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली, जबकि कबीर पंचाल ने नाबाद 45 रन बनाकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुँचाया। मौलाना आजाद की ओर से युवराज सिंह और निश्चय गुप्ता ने 2-2 विकेट हासिल किए, जबकि करण डाटा, अभिनव यादव, निखिल जोशी और काव्ये चौहान को 1-1 सफलता मिली। 278 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मौलाना आजाद टीम ने 39 ओवरों में 6 विकेट खोकर 281 रन बनाते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया।

मौलाना आजाद की ओर से निश्चय गुप्ता ने नाबाद 73 रनों की शानदार पारी खेली। यश शर्मा ने 70 रन, काव्ये चौहान ने 62 रन तथा पार्थ ,ने 50 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। टीएनएम क्रिकेट अकादमी की ओर से कबीर पंचाल सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 8 ओवर में 61 रन देकर 3 विकेट चटकाए। इसके अलावा दैविक तिवारी, विहान विष्णोई और प्रजित (ओजस) वशिष्ठ को 1-1 विकेट मिला। अपनी शानदार नाबाद 73 रनों की मैच जिताऊ पारी और 2 विकेट के हरफनमौला प्रदर्शन के लिए निश्चय गुप्ता को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

# विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर साइकिल रैली का आयोजन

**■ डॉ. मुकेश ग्रोवर ने कहा कि वर्तमान समय में साइकिल परिवहन का एक ऐसा साधन है जो ईंधन की बचत करने के साथ-साथ प्रदूषण को कम करने में भी प्रभावी है**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर आईएमए के चिकित्सकों एवं कर्म योग स्टूडियो ग्रुप के राइडर्स द्वारा 8 किलोमीटर वॉक और साइकिल रैली का आयोजन किया गया। सभी ने गार्गी अस्पताल द्वारा बनाई टी शर्ट्स पहनी। रैली का उद्देश्य आमजन को स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण एवं ईंधन बचत के प्रति जागरूक करना था।

आई एम ए अध्यक्ष डॉ अल्पना कंसल ने कहा कि नियमित साइकिल चलाना शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी है। डॉ रिजवान खान ने कहा यह न केवल हृदय एवं फेफड़ों को स्वस्थ रखने में सहायक है, बल्कि बढ़ती जीवनशैली संबंधी बीमारियों की रोकथाम में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

डॉ मुकेश ग्रोवर ने कहा कि वर्तमान समय में साइकिल परिवहन का एक ऐसा साधन है जो ईंधन की बचत करने के साथ-साथ प्रदूषण को कम करने में भी प्रभावी है। साइकिल का अधिकाधिक उपयोग पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है तथा यह सतत एवं स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देता है। रैली में बड़ी संख्या में चिकित्सकों एवं साइकिल प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा समाज को स्वस्थ एवं पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। डॉ राजीव त्यागी, डॉ सारिका जैन, डॉ अरुणा अग्रवाल ने सभी का रैली में सम्मिलित होने का धन्यवाद किया।

## बच्चे की जान बचाने के लिए नहर में कूदा युवक

**मोदीनगर।** गाजियाबाद के प्रताप विहार निवासी 29 वर्षीय हरमीत सिंह भाटिया बुधवार दोपहर अपने दोस्तों के साथ मुरादनगर गंगनहर में नहाने गए थे। इसी दौरान नहर किनारे एक बच्चा डूबने लगा और मदद के लिए शोर मचाने लगा। बच्चे को संकट में देख हरमीत सिंह तुरंत उसे बचाने के लिए नहर में कूद गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हरमीत सिंह ने बच्चे की जान बचाकर उसे सुरक्षित बाहर निकाल दिया, लेकिन खुद नहर के तेज बहाव में फंस गए। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन वह पानी में बह गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंच गई।

# पूर्व अपराधियों को थाने में दिलाई शपथ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोनी।** थाना परिसर में एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम के द्वारा अपराध नियंत्रित करने के लिए 190 ऐसे लोगों को थाने में आमंत्रित किया गया जिनका पूर्व में किसी न किसी अपराध में शामिल होना रहा है।

थाने में बुलाकर एसीपी ने सभी अपराधियों से चर्चा करते हुए कहा कि भविष्य में क्षेत्र में किसी भी प्रकार की घटना को अगर किसी ने अंजाम दिया तो वह कानून के शिकंजे से नहीं बच पाएगा। साथ ही उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। क्योंकि लोनी पुलिस किसी भी अपराध को बर्दाश्त नहीं करेगी।

अपराधियों की असली जगह जेल होगी। बुलाए गए सभी पूर्व अपराधियों से थाना परिसर में शपथ ली गई कि भविष्य में वह किसी भी ऐसी घटना को अंजाम नहीं देंगे जिससे क्षेत्र में शांति भंग हो तथा पुलिस को उनके खिलाफ कार्रवाई करनी पड़े साथ ही चेताया कि अगर किसी ऐसी संदिग्ध घटना को वह देखते हैं तो वह तुरंत ही पुलिस को सूचना दें अर्थात अपराध नियंत्रण में पुलिस का सहयोग करें।

### डासना में एक हेक्टयर में बना मदरसा ध्वस्त, ग्राम सभा भूमि कराई कब्जामुक्त

# सरकारी भूमि पर कब्जा व राजस्व में सेंध लगाने वालों के विरुद्ध रहेगा अभियान जारी: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के क्रम में सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराने हेतु जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए परगना डासना स्थित ग्राम सभा की भूमि पर निर्मित एक अवैध मदरसा जामिया अरबिया इशातुल इस्लाम को लगभग एक हेक्टेयर भूमि में बनाया गया था। जिसमें 07 बड़े कमरे, 02 शौचालय, एक विद्युत कमरा पक्का निर्माण व दो कमरों में टिन शेड डाला हुआ था व अन्य जगह निर्माणधीन व बाउंड्रीवाल थी, को ध्वस्त किया गया। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार ग्राम डासना के खसरा संख्या 1548ख की भूमि राजस्व अभिलेखों में ग्राम सभा/सरकारी भूमि के रूप में दर्ज है। राजस्व विभाग की रिपोर्ट के आधार पर उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता, 2006 की धारा-67 के अंतर्गत वाद संचालित किया गया। तहसीलदार (न्यायिक)/असिस्टेंट कलेक्टर प्रथम श्रेणी, गाजियाबाद द्वारा पारित आदेश में मदरसा जामिया अरबिया इशातुल इस्लाम को लगभग एक हेक्टेयर भूमि से बेदखल करने तथा 1.23 करोड़ रुपये का हर्जाना वसूलने के निर्देश दिए



गए थे। प्रशासन ने बताया कि आदेश के बावजूद कब्जा नहीं हटाया गया और 2025 तक मदरसे का संचालन जारी रखा। इस संबंध में संबंधित संचालक फारूख बेग नि० दिल्ली के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई है। एडिशनल पुलिस कमिश्नर राज करन नैय्यर एवं डीसीपी ग्रामीण सुरेन्द्र नाथ तिवारी ने बताया कि अवैध निर्माण और बिना अनुमति संचालित गतिविधियों के संबंध में विधिक कार्रवाई की गई है। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ने कहा कि जनपद में सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराने तथा राजस्व हानि पहुंचाने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा स्वीकार्य नहीं। ष्उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने तथा राजस्व को क्षति पहुंचाने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं के विरुद्ध नियमानुसार वसूली के साथ-साथ दण्डात्मक कार्रवाई भी की जाएगी। कार्रवाई के दौरान जिला प्रशासन, राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारी तथा पर्याप्त संख्या में पुलिस बल एवं बड़ी संख्या में मीडिया बन्धु उपस्थित रहे।

### पैरा खिलाड़ी चिराग त्यागी के हत्यारों के एनकाउंटर की मांग को लेकर

# परिजनों ने सहित सैकड़ों लोगों ने किया डीएम कार्यालय का घेराव



**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर रहे लोग पैरा खिलाड़ी चिराग त्यागी को इन्साफ दिलाने की मांग कर रहे है। उनका कहना है कि एक प्रतिभावान खिलाड़ी की इस तरह हत्या कर दी गयी ऐसे में उनके हत्यारों का एनकाउंटर होगा चाहिये।

धरने पर बैठे चिराग के माता-पिता ने कहा कि हमारी सरकार से केवल एक ही मांग है कि चिराग के हत्यारों का एनकाउंटर हो इससे कुछ हमें मंजूर नहीं, ना ही हमें सरकारी आर्थिक सहायता चाहिए और ना कुछ और मदद। इस मामले में पुलिस दो आरोपियों को पकड़ कर पहले ही जेल भेज चुकी है।

ऐसे में चिराग के माता-पिता की मांग कैसे पूरी हो, साथ ही चिराग के अंतिम संस्कार से पहले समाज के जो नेता दम भर रहे थे अब वो भी कहीं नजर नहीं आ रहे। उनको अच्छी तरह मालूम है इस मामले में अब क्या कारवाई होगी।

ऐसे में वो चिराग त्यागी के घर वालों को क्या आश्वासन दे और किसके भरोसे दें। बहरहाल चिराग के माता-पिता की आवाज सूर्या की मां की आवाज की तरह सत्ता के सिंहासन पर बैठे लोगों के कानों तक नहीं पहुंच पाई, जो वो अपना दर्द लिए दर दर पर गुहार लगा रहे है।

# केशव बलिराम हेडगेवार के जीवन पर आधारित नाटक का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉक्टर साहब केशव बलिराम हेडगेवार के जीवन पर आधारित नाटक 'राष्ट्र सेवक डॉक्टर हेडगेवार' का मंचन श्री उमापति ग्रुप द्वारा एस.पी. सिंह सेंगर के लेखन और निर्देशन में हिन्दी भवन समिति, लोहिया नगर में आयोजित किया गया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मेरठ प्रांत के कार्यवाहक, विभाग प्रचारक, हिन्दी भवन के अध्यक्ष, महामंत्री के साथ अनेकों स्वयंसेवकों की उपस्थिति रही।

आरएसएस के 100 पूरे हो रहे हैं उस उपलक्ष्य में श्री उमापति थिएटर ने इस नाटक का मंचन किया इसमें दिखाया गया डॉक्टर साहब ने कैसे बचपन में ही अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की।



बचपन में माता पिता का साथ छूट गया बिपरीत परस्थितियों में भी स्वतंत्रता संग्राम की अलख जलाये रखी।

असहयोग आंदोलन में 1 साल की कारावास उसके बाद 9 महीने की जेल, कांग्रेस में रहकर स्वतंत्रता की लड़ाई में उनका मन परतंत्रता का कारण ढूँढता रहा और उनको एहसास हुआ कि हमको संगठित रहकर ही राष्ट्र को गुलामी से बचाया जा सकता है। तब उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक की स्थापना की और हिन्दू समाज को मजबूत बनाने में कार्य किया और स्वयसेवक प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप में स्वतंत्रता के लिए शामिल रहे। डॉक्टर साहब का उद्देश्य हिन्दू समाज मजबूत बनाते हुए राष्ट्र को परम वैभव तक पहुंचाने का रहा है। उनका मानना था हिन्दुस्थान में रहने वाला हर व्यक्ति हिन्दू है।

उसी दिशा में संघ पिछले 100 सालों से काम कर रहा है और संघ से जुड़े सभी संगठन समाज में अलग क्षेत्रों में काम कर रहे। नाटक में स्वयंसेवक के साथ आम दर्शकों ने काफी सराहा हेडगेवार की भूमिका में थे विवेक कविश्वर, गर्वित गौड़ और दक्ष। जिनका अभिनय डॉक्टर साहब के बाल्य,युवा और प्रौढ़ अवस्था को जीवंत कर गया। राघवेन्द्र तिवारी की ने पत्रकार की भूमिका बखूबी निभाई।

गुरु जी और गांधी जी के किरदारों को भी कलाकारों कमाल का अभिनय किया। इसका लेखन और निर्देशन एस.पी.सिंह सेंगर द्वारा काफी शोध और इतिहासकारों के आधार पर शानदार रहा। प्रवीण, दीप, नीतेश और राज ने बखूबी अपने किरदार निभाए।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र सावेज से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

इसरार पुत्र शाबिर निवासी म.न.80ख, आदर्श कालोनी थाना मुरादनगर, जनपद गाजियाबाद।

# 21 मौतों के बाद मालवीय नगर में पसरा सन्नाटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मालवीय नगर के हौजरानी स्थित एक रेस्तरां में बुधवार सुबह आठ बजे आग लग गई। फायर ब्रिगेड के अनुसार, सुबह 8.50 बजे आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद दमकल विभाग की 10 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। मालवीय नगर स्थित श्फ्लरिश स्टे बीएंडबीश गेस्ट हाउस में अचानक भीषण आग लग गई। इस हादसे में अब तक 21 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 40 से अधिक लोगों को सुरक्षित बाहर निकालकर अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। बिल्डिंग के नीचे चल रहा था रेस्टोरेंट, जहां की आग बिल्डिंग में फैल गई। कई लोग जान बचाने के लिए बिल्डिंग से नीचे कूदे।

मालवीय नगर की जिस इमारत में आग लगी है, वह 80 के दशक की बनी हुई है। धीरे-धीरे समय के साथ अवैध तरीके से बिल्डिंग में फ्लोर की संख्या बढ़ती चली गई लेकिन आज तक किसी भी विभाग के किसी अधिकारी ने यहां इंस्पेक्शन करने की जहमत नहीं उठाई। एक विदेशी व्यक्ति तभी फर्स्ट फ्लोर से कूदने के चक्कर में लटक गया था।

हादसे वाली बिल्डिंग के पीछे बिस्तर बनाने वाली दुकान थी वहां नीचे बिस्तर रखा जिसपर चार लोगों ने कूदकर जान बचाई। पूरा गेस्ट हाउस शीशे से पैक है। आग लगने पर धुंआ इतनी तेजी से फैलना शुरू हुआ कि लोग निकल नहीं पाए। लोगों को शीशा तोड़कर निकाला गया तब तक अधिकतर झुलस चुके थे। तीन महीने पहले हुए पालम अग्निकांड जिसमें 9 लोगों की जान गई थी उसमें भी घर शीशे से ही पैक था जिसके चलते आग तेजी से फैली थी और लोग निकल नहीं पा रहे थे। दिल्ली दक्षिण जिला के मुख्य अग्निशमन अधिकारी अभिलाष कुमार मलिक ने बताया, श्हमें सुबह 8:50 बजे एक रेस्टोरेंट में आग लगने की सूचना मिली। शुरुआत में 7 वाहन और एक सहायक मंडल अधिकारी को भेजा गया। हालांकि, जैसे-जैसे कॉल बढ़ती गईं, हमने वाहनों की संख्या और



- एम्स में 10 दमकलकर्मी भी भर्ती, जो राहत कार्य के समय घायल हुए
- बच्चे के साथ तीसरे फ्लोर से कूदी महिला
- स्टोरेंट के ऊपर बने गेस्ट हाउस में थी 6 कमरे की ही परमिशन बनाए गए थे 25 कमरे

अधिकारियों की श्रेणी बढ़ा दी। हमारी टीम के पहुंचने पर, उन्होंने आग बुझाने और तलाशी अभियान चलाया। हमने वहां से 39 लोगों को सुरक्षित निकाला और उन्हें नीरस अस्पताल में भर्ती कराया, कुल पीड़ितों को दो अलग-अलग अस्पतालों में स्थानांतरित किया गया है।

मैक्स अस्पताल जहां 39 लोग लाए गए थे, वहां के ग्रुप मेडिकल डायरेक्टर, डॉ. संदीप बुद्धिराजा ने कहा, मैक्स में लाए गए लोगों में 18 मृत स्थिति में पहुंचे थे। एम्स में तीन लोग मृत स्थिति में पहुंचे। अब तक कुल 21 लोगों की मौत हुई है। 15 की हालत गंभीर है। दुर्घटनाग्रस्त इमारत से कुल 74 लोगोंको बाहर निकाला जा चुका है। इसमें 39 को मैक्स, 03 को मालवीय नगर हॉस्पिटल और 32 एम्स सहित अन्य अस्पताल भेजे गए हैं। चीफ फायर ऑफिसर ने कहा, श्उचित वेंटिलेशन या धुएं के निकास के लिए एक भी खिड़की खुली नहीं छोड़ी गई है। आग लगने की स्थिति में, इस तरह से बनी संरचनाएं चिमनी की तरह काम करती हैं। जैसे ही आग लगती है, बंद स्तंभ घने धुएं और तीव्र गर्मी को तुरंत ऊपरी मंजिलों तक धकेल देता है। यह इतनी तेजी से होता है कि अंदर रहने वाले लोग पूरी तरह से अलग-थलग पड़ जाते हैं और उन्हें सुरक्षित बाहर निकलने का समय नहीं मिलता। प्राइम एशिया के साथ बचाव अभियान चलाते समय, हमें तुरंत पता चला कि इमारत में आंतरिक अग्नि सुरक्षा प्रणाली का पूरी तरह से अभाव था तलाशी अभियान के दौरान मैंने इमारत का ऊपर से नीचे तक अच्छी तरह निरीक्षण किया। इमारत में एक तहखाना, एक भूतल और पांच ऊपरी मंजिलें हैं। पूरी इमारत में केवल एक ही लिफ्ट के बगल में एक अकेली सीढ़ी थी और इमारत पूरी तरह से सीलबंद है। सामने का मुखौटा पूरी तरह से ढंका हुआ है और बाथरूम की खिड़कियों सहित हर एक खिड़की को कसकर बंद कर दिया गया है। यह गेस्ट हाउस दिल्ली सरकारी की बेड एंड ब्रेक फास्ट (बीएनबी) स्कीम के तहत चल रहा था। यह योजना केंद्र सरकार की है, जिसे राष्ट्रमंडल खेल के दौरान वर्ष 2010 में लागू किया गया था। उसके तहत छह कमरों को बीएनबी में स्वीकृति थी। उसे अग्निशमन, एमसीडी या पुलिस से मंजूरी की आवश्यकता नहीं है। दिल्ली में ऐसे 1000 से अधिक प्रतिष्ठानों में बीएनबी है। दिल्ली के मालवीय नगर के एसडीएम जितेंद्र कुमार ने बताया, हमारा खोज और बचाव अभियान 12:12 पर खत्म हो चुका है। कुल 47 लोगों को रेस्क्यू किया गया है और 21 लोगों की मृत्यु हुई है, 2-3 लोगों की हालत गंभीर है। इमारत के नीचे कोई होटल स्थित है हालांकि अग्निशमन विभाग इस बात की पुष्टि नहीं कर पाया है कि आग लगने के क्या कारण है। आग ग्राउंड फ्लोर से शुरू हुई थी।

दिल्ली पुलिस के अनुसार, हादसे वाले होटल में आने-जाने का केवल एक ही रास्ता था। इस दर्दनाक हादसे में जान गंवाने वाले 21 लोगों में से ज्यादातर विदेशी नागरिक हैं। वहीं, लगभग 26 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनमें भी विदेशी नागरिकों की संख्या अधिक है। पुलिस इस मामले में गैर-इरादतन हत्या और अन्य संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करने की तैयारी कर रही है।इस रेस्टोरेंट के ऊपर बने गेस्ट हाउस में 6 कमरे की ही परमिशन ली गई थी लेकिन यहां 25 कमरे बनाए गए थे। यह इलाका बड़ी संख्या में विदेशी मेहमानों को ठहराने के लिए जाना जाता है । इनमें से कई लोग दिल्ली में इलाज के लिए आते थे क्योंकि कई बड़े अस्पताल यहां से नजदीक हैं।



मालवीय नगर में फायर फाइटर्स, पुलिस व अन्य अधिकारी घटनास्थल का मुआयना करते हुए।

# मालवीय नगर हादसे में एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत

- पीड़ित ने आरोप लगाया कि अस्पताल में परिजनों को देखने नहीं दिया जा रहा।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मालवीय नगर के एक रेस्टोरेंट में हुई आगजनी की घटना में कई लोगों की जान जा चुकी है।

वहीं घायलों को साकेत के मैक्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस मामले के सामने आने के बाद मृतकों और पीड़ितों के परिजनों में हड़कंप मच गया है। ऐसे ही जब एक शख्स इस भीषण अग्निकांड के बाद अपने परिजनों को खोजते हुए मैक्स अस्पताल पहुंचा तो उसे भयंकर शोक से गुजरना पड़ा। शख्स ने बताया कि उसके परिवार के कई लोगों की मौत हो गई है। ये सभी उसी इमारत में ठहरे हुए थे, जहां आग लगी थी। पीड़ित ने कहा कि 6 लोगों के शव अस्पताल पहुंचाए जा चुके हैं और 2 लोग अभी भी लापता हैं। मेरी बेटी और उसकी बेटी लापता हैं। उन्होंने कहा कि अस्पताल की तरफ से कोई जानक. ारी नहीं मिल रही है। मेरी बेटी और उसके दामाद के पिता अस्पताल में भर्ती थे, उन्हीं से मिलने के लिए ये लोग बेंगलुरु से कल रात दिल्ली आए थे। रात 8:28 बजे मेरी बेटी से बात हुई थी। तब उसने बताया था कि सभी लोग सो रहे हैं। बाद में मेरे पास पुलिस का फोन आया कि चार मोबाइल फोन मिले हैं। जब मैंने उनकी जानकारी देखी तो वे सभी हमारे परिवार के लोगों के थे। पीड़ित ने आरोप लगाया कि अस्पताल में परिजनों को देखने नहीं दिया जा रहा है। छह लोग रात में ही अस्पताल लाए गए थे और सुबह दो अन्य लोगों को लाया गया।

## मालवीय नगर अग्निकांड की जांच के निर्देश, तीन दिन में मांगी रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली के मालवीय नगर स्थित एक रेस्टोरेंट में हुए भीषण अग्निकांड पर दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना जताई तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। महापौर ने इस घटना को अत्यंत गंभीर और चिंताजनक बताते हुए कहा कि इससे सार्वजनिक सुरक्षा और अग्नि सुरक्षा मानकों के पालन को लेकर कई महत्वपूर्ण प्रश्न खड़े हुए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और घटना के कारणों की निष्पक्ष तथा व्यापक जांच कराई जाएगी।प्रवेश वाही ने दिल्ली नगर निगम आयुक्त संजीव खिरवार को पत्र लिखकर मामले की विस्तृत जांच कराने के निर्देश दिए हैं। जांच में यह देखा जाएगा कि संबंधित प्रतिष्ठान में भवन उपविधियों, अग्नि सुरक्षा मानकों और अन्य वैधानिक प्रावधानों का पालन किया गया था या नहीं। साथ ही किसी स्तर पर प्रशासनिक लापरवाही या नियमों की अनदेखी हुई है तो उसकी भी जांच की जाएगी। महापौर ने कहा कि यदि जांच में किसी अधिकारी या कर्मचारी की भूमिका संदिग्ध पाई जाती है अथवा कर्तव्य निर्वहन में लापरवाही सामने आती है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ने जताया दुःख, मुआवजे की घोषणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दिल्ली के मालवीय नगर में भीषण आग की घटना पर दुख जताते हुए मुआवजे की घोषणा की है।

प्रधानमंत्री ने एक्स पर कहा कि दिल्ली के मालवीय नगर में आग लगने की घटना में जनहानि बेहद दुखद है। अपनों को खोने वाले सभी लोगों के प्रति उनकी गहरी संवेदना है। वे घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। अधिकारी प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता प्रदान कर रहे हैं। प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री आपदा राहत कोष से 2 लाख की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50 हजार रुपये दिए जाएंगे। दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने कहा कि वे मालवीय नगर के हौज रानी स्थित एक होटल में लगी भीषण आग से मैं अत्यंत व्यथित हैं।

पुलिस, नागरिक और अग्निशमन दल घटनास्थल पर मौजूद हैं और बचाव कार्य में जुटे हुए हैं। उन्होंने अधिकारियों से बात की है और उन्हें तत्काल चिकित्सा सहायता, राहत कार्य और इस दुखद घटना की गहन जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दुख जताते हुए कहा कि घटना की सूचना मिलते ही, दिल्ली अग्निशमन सेवा, दिल्ली पुलिस, डीडीएमए, सीएटीएस एम्बुलेंस सेवा और अन्य आपातकालीन प्रतिक्रिया एजेंसियों की टीमें तुरंत सक्रिय हुईं और बचाव एवं राहत अभियान शुरू किया। त्वरित कार्यवाही से प्रभावित परिसरों से कई लोगों को बचाने और सुरक्षित निकालने में मदद मिली। दिल्ली सरकार स्थिति पर कड़ी नजर रख रही है। प्रभावित परिवारों को सभी आवश्यक चिकित्सा सहायता और समर्थन प्रदान किया जा रहा है।

## अग्निकांड पर 'आप' ने उठाए सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मालवीय नगर हादसे के बाद आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेताओं ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए दिल्ली की फायर सेफ्टी व्यवस्था और प्रशासनिक जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के माध्यम से घटना पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि मालवीय नगर में लगी भीषण आग में जान गंवाने वाले लोगों की आत्मा की शांति के लिए वह भगवान से प्रार्थना करते हैं। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में लोगों की मौत की खबर बेहद दुखद और चिंताजनक है।

केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में लगातार हो रहे अग्निकांड और उनमें मासूम लोगों की जान जाना गंभीर चिंता का विषय है, जिस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। वहीं, आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता सौरभ भारद्वाज ने इस घटना को 'इंटरनेशनल शेम' करार दिया। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए दावा किया कि स्थानीय लोगों के अनुसार फायर ब्रिगेड की गाड़ियां घटनास्थल पर करीब 45 मिनट की देरी से पहुंचीं। उन्होंने कहा कि आग में फंसे विदेशी नागरिकों को बचाने के लिए स्थानीय लोगों को स्वयं गद्दे बिछाकर राहत कार्य करना पड़ा। आतिशी ने सवाल उठाया कि दिल्ली में बार-बार हो रहे अग्निकांडों और लोगों की मौतों की जिम्मेदारी आखिर कौन लेगा।

## गद्दे बेचने वाले बने मसीहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** फ्लोरिश स्टे ब्रेड एंड ब्रेकफास्ट के ठीक सामने सड़क की दूसरी तरफ कई लोगों की गद्दा और चादर बेचने की दुकान है। इस भयावह स्थिति में दुकानदारों ने दूकान पर बिकने वाले गद्दे एक के ऊपर एक सड़क पर बिछा दिए और होटल में फंसे हुए लोगों से कूदने को कहा। सड़क पर बिछे गद्दों पर कूद कर कई लोगों ने अपनी जान बचाई। इन्हीं दुकानदारों में रियाजुद्दीन मंसूरी गेस्ट हाउस के सामने सड़क किनारे एस्बेस्टस शीट लगाकर रूई के बने गद्दे बेचता है। आग के दौरान उसके गद्दे बहुत काम आए। रियाजुद्दीन मंसूरी ने बताया कि आग आठ-साढ़े आठ के बीच लगी।



स्टैंडिंग कमिटी अध्यक्ष सत्या शर्मा अधिकारियों संग घटना स्थल का जायजा लेते हुए।
फोटो: भूपेश गुप्ता

## अग्निकांड के दोषियों पर होगी कार्रवाईः सत्या शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने निगम आयुक्त संजीव खिरवार के साथ मालवीय नगर स्थित अग्निकांड प्रभावित होटल का दौरा किया। इस दौरान दक्षिणी क्षेत्र के उपायुक्त राकेश कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। घटना स्थल का निरीक्षण करने के बाद श्रीमती शर्मा ने कहा कि मामले की जांच के निर्देश दे दिए गए हैं और घटना से जुड़े सभी पहलुओं की विस्तार से पड़ताल की जाएगी। उन्होंने बताया कि भवन की आयु, स्वामित्व, अनुज्ञा की स्थिति तथा अग्नि सुरक्षा मानकों के पालन से संबंधित जानकारी एकत्र की जा रही है।

उन्होंने कहा कि जांच में जो भी व्यक्ति या संस्था दोषी पाई जाएगी, उसके विरुद्ध नियम अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही क्षेत्र में संचालित अन्य होटलों और आवासीय प्रतिष्ठानों की भी व्यापक जांच कराई जाएगी। स्थायी समिति की अध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।

## भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आग लगने की घटना पर शोक जताया

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने मालवीय नगर क्षेत्र में आग लगने से हुई जनहानि पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है। नवीन ने इस दुर्घटना को अत्यंत दुखद, पीड़ादायक एवं हृदयविदारक बताते हुए दिवंगतों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवे. दनाएं व्यक्त कीं।नितिन नवीन ने कहा कि मालवीय नगर में आग लगने की घटना में लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत व्यथित करने वाला है। किसी भी परिवार के लिए अपने प्रियजनों को इस प्रकार अचानक खो देना अपूर णीय क्षति है।


**☛ रेलयात्री कृपया ध्यान दें! ☚**

**पैसेंजर रेलगाड़ी का विस्तार**

सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा रेलगाड़ी सं. 74001/74004 दिल्ली जं. – रेवाड़ी जं. – दिल्ली जं. डीएमयू का रींगस जं तक विस्तार एवं यह गाड़ी सप्ताह में 2 दिन नई रेलगाड़ी संख्या 74041/74042 के साथ निम्न समय-सारणी के अनुसार चलायी जायेंगी:-

**रेलगाड़ी सं. 74041/74042 दिल्ली जं.–रींगस जं.– दिल्ली जं. पैसेंजर रेलगाड़ी (सप्ताह में 2 दिन)**

| रेलगाड़ी सं.: 74041 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 74042 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 20:05 | दिल्ली जं. | 08:10 | ---- |
| दिल्ली जं. – रेवाड़ी – दिल्ली जं. के बीच कोई परिवर्तन नहीं है | | | | |
| 22:30 | 22:50 | रेवाड़ी जं. | 05:10 | 05:30 |
| 23:19 | 23:21 | अटेली | 03:53 | 03:55 |
| 23:37 | 23:39 | नारनौल | 03:36 | 03:38 |
| 00:02 | 00:04 | डाबला | 03:13 | 03:15 |
| 00:24 | 00:26 | नीम का थाना | 02:51 | 02:53 |
| 00:43 | 00:45 | कांवट | 02:32 | 02:34 |
| 01:00 | 01:02 | श्री माधोपुर | 02:15 | 02:17 |
| 01:45 | ---- | रींगस जं. | ---- | 02:05 |

चलने के दिन : 74041 दिल्ली जं से शनिवार व रविवार (सप्ताह में 2 दिन) दिनांक 06.06.2026 से और 74042 रींगस जं से रविवार व सोमवार (सप्ताह में 2 दिन) दिनांक 07.06.2026 से।

**74001/74004 दिल्ली जं. – रेवाड़ी जं. – दिल्ली जं. पैसेंजर रेलगाड़ी के फेरों में कमी**

| रेलगाड़ी सं. | से | तक | वर्तमान आवृत्ति | संशोधित आवृत्ति | प्रभावी होने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 74001 | दिल्ली जं | रेवाड़ी जं | प्रतिदिन | सप्ताह में 5 दिन शनिवार व रविवार को छोड़कर | 05.06.2026 |
| 74004 | रेवाड़ी जं | दिल्ली जं | प्रतिदिन | सप्ताह में 5 दिन रविवार व सोमवार को छोड़कर | 06.06.2026 |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## इलेक्ट्रॉनिक गेट बना बड़ी अड़चन स्थानीय लोग आए आगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** चश्मदीदों ने बताया कि जब आग की लपटें तेजी से बहुमंजिला इमारत में फैल गईं, तो वहां अफरा-तफरी मच गई। जान बचाने की कोशिश में कई लोगों को ऊपरी मंजिलों से कूदना पड़ा।

इमारत के मुख्य दरवाजे पर एक इलेक्ट्रॉनिक गेट था जो रात में अपने आप बंद हो जाता था। क्योंकि आग की वजह से बिजली चली गई थी, इसलिए गेट पूरी तरह से जाम हो गया था और खुल नहीं रहा था। बाहर निकलने का कोई रास्ता ही नहीं था। आग ग्राउंड और पहली मंजिल पर लगी थी, जिससे दूसरी, तीसरी और चौथी मंजिल पर रहने वाले लोग पूरी तरह से फंस गए थे। स्थनीय लोगों ने बताया कि हमने नीचे से ईंटें और पत्थर फेंके, जिससे शीशे टूट गए। दो भारतीय आदमी दूसरी मंजिल से कूद गए, लेकिन उन्हें चोट लग गई। फिर हम लेमन ग्रीन होटल गए और आस- पास के सभी होटलों से गद्दे निकालकर इकट्ठा किए।

उन्होंने बताया कि कुछ विदेशी थे, वे चौथी मंजिल से बाहर नहीं निकल पा रहे थे, फिर, हम सामने वाली इमारत में गए और ऊपर से एक रस्सी डाली। उस महिला ने रस्सी पकड़ भी ली थी, लेकिन वह फिसल गई, फिर भी वह गद्दों पर गिरी। वह बच गई।

## दिल्ली में घट रहा दिन-रात के तापमान का अंतर

- 25 मई 2026 को दिल्ली ने पिछले 14 वर्षों की सबसे गर्म रात दर्ज की।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में अब सिर्फ दिन की गर्मी ही नहीं, बल्कि रातों की तपिश भी लोगों की परेशानी बढ़ाने लगी है। कभी दिनभर की झुलसाने वाली गर्मी के बाद रातें राहत लेकर आती थीं, लेकिन अब राजधानी की रातें भी अंगारों जैसी महसूस होने लगी हैं। हालात ऐसे हैं कि दिल्ली धीरे-धीरे अपनी प्राकृतिक ठंडक खोती जा रही है।

सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (सीएसई) की हालिया रिपोर्ट 'मेकिंग दिल्ली हीट-रेजिलिएंट' ने इस चिंता. जनक बदलाव की तस्वीर सामने रखी है। रिपोर्ट के मुताबिक, 25 मई 2026 को दिल्ली ने पिछले 14 वर्षों की सबसे गर्म रात दर्ज की। उस दिन न्यूनतम तापमान 32.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया जो सामान्य से काफी अधिक था।

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि अभी से प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले वर्षों में दिल्ली की रातें और ज्यादा गर्म हो सकती हैं। ऐसे में चुनौती केवल बढ़ते तापमान से निपटने की नहीं, बल्कि शहर को इस बदलती जलवायु के अनुरूप ढालने की भी है। बढ़ती गर्मी का सबसे ज्यादा असर उन लोगों पर पड़ रहा है जो खुले आसमान के नीचे या सीमित संसाधनों के साथ जीवन बिताते हैं।

इनमें निर्माण श्रमिक, गिग वर्कर, रेहड़ी-पटरी वाले, बेघर लोग, झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले परिवार, महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग शामिल हैं। ये लोग दिल्ली की करीब आधी आबादी का हिस्सा हैं, लेकिन गर्मी से बचने के लिए इनके पास पर्याप्त साधन नहीं हैं।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, जब दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो और रात का तापमान सामान्य से 4.5 से 6.4 डिग्री सेल्सियस ज्यादा बना रहे, तो उसे 'गर्म रात' माना जाता है। 25 मई को दिल्ली का तापमान इसी श्रेणी में दर्ज किया गया। मई 2024 के सीएसई के 'दिल्ली अर्बन हीट स्ट्रेस ट्रैकर' अध्ययन के अनुसार, 2014 से 2023 के बीच दिल्ली में दिन और रात के तापमान के अंतर में लगभग 9 प्रतिशत की कमी आई है।

हले दिन और रात की भूमि सतह के तापमान में करीब 12 डिग्री सेल्सियस का अंतर होता था, लेकिन 2023 तक यह घटकर 9.8 डिग्री सेल्सियस रह गया। इसका मतलब है कि रातें पहले की तुलना में कम ठंडी हो रही हैं।

# सेना में भर्ती के बहाने लोगों को ठगने वाला इनामी भगोड़ा को धर-दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने सेना में भर्ती दिलाने के बहाने लोगों को ठगने वाले आरोपी को कोलकाता से गिरफ्तार किया है।

पुलिस द्वारा उसपर बीस हजार का इनाम घोषित था और उसे कोर्ट द्वारा पीओ घोषित किया गया था।आरोपी ने अपना भेष बदलकर अलग रूप धारण कर रखा था। दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) हर्ष इंदौरा ने बताया कि सरकारी नौकरी का एक इच्छुक उम्मीदवार भारतीय सेना में भर्ती के लिए होने वाली परीक्षाओं में अक्सर शामिल होता था। जनवरी 2025 के महीने में उससे सेना की वर्दी में बलविंदर सिंह,उससे दिल्ली कैंट इलाके में मिला। उसने अपना परिचय ऐसे व्यक्ति के रूप में दिया जिसकी गृह मंत्रालय में अच्छी जान-पहचान है और उसे भरोसा दिलाया कि वह सरकारी नौकरी दिलाने में उसकी मदद कर सकता है। इसके बाद बलविंदर सिंह ने सह आरोपी प्रखर मिश्रा के साथ नौकरी का इंतजाम करने के लिए पांच लाख रूपये लिए। इस तरह, आरोपियों ने भारतीय सेना में सरकारी नौकरी दिलाने का झूठा बहाना बनाकर उसके साथ धोखा किया। इसके बाद दिल्ली कैंट थाने के तहत मामला दर्ज किया गया।जांच के दौरान, उपलब्ध मोबाइल नंबरों और टेक्निकल एनालिसिस के आधार पर, टीम को आरोपी का असली नाम रोशन खान /एस. के. रोशन / बलविंदर सिंह सामने आया, जबकि आरोपी प्रखर मिश्रा की पहचान बबाई हल्दर के रूप में हुई।

हालाँकि, बार-बार कोशिशों के बावजूद, स्थानीय पुलिस दोनों आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पाई। नतीजतन, 09.जनवरी.2026 के आदेश के तहत, कोर्ट ने रोशन खान /ैज्ञ रोशन / बलविंदर सिंह को भगोड़ा घोषित कर दिया। इसके अलावा, 16.फरवरी के आदेश के तहत, दिल्ली पुलिस ने उनकी गिरफ्तारी पर प्रत्येक के लिए बीस हजार रुपये का इनाम घोषित किया।

## मनी ट्रांसफर एजेंट के कर्मचारी ने खुद रची 54.5 लाख रुपये की रॉबरी की साजिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तरी जिला पुलिस के लाहौरी गेट थाने और स्पेशल स्टाफ की संयुक्त टीम ने मनी ट्रांसफर एजेंट के कर्मचारी द्वारा खुद ही रची गई 54.5 लाख रुपये की रॉबरी का मामला सुलझाकर छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से पचास लाख रुपये नकद बरामद किए है।दिल्ली के उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त राजा बथिया ने बताया कि शिकायतकर्ता वायुदेव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 26 मई को, उसके मालिक ने उसे 54.5 लाख रुपये नकद से भरा एक बैग दिया, जिसे उसे चांदनी चौक स्थित एक मनी ट्रांसफर कार्यालय में पहुंचाना था। शिकायतकर्ता ने एक रैपिडो ऑटो बुक किया और टी-पॉइंट फतेहपुरी पर ऑटो से उतर गया। इसी बीच, दो लड़के वहां आए और उसका नकदी से भरा बैग छीन लिया। उन्होंने उसे लात मारकर शर्ट फाड़ दी । इस दौरान उन्होंने, उसका मोबाइल फोन छीन लिया और पैदल ही पुल मिठाई की ओर भाग गए। इसके बाद, लाहौरी गेट थाने के तहत एफआईआर दर्ज कर एसीपी कोतवाली शंकर बनर्जी और एसीपी ऑपरेशन विशेष दत्तरवाल की देखरेख में एसएचओ लाहौरी गेट योगेश्वर और इंस्पेक्टर रोहित सारस्वत के नेतृत्व में संयुक्त टीमों ने जांच शुरू की।जाँच घ्क्के दौरान, टीमों ने घटना स्थल और उसके आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का विश्लेषण किया।इस विशेषण में टीम ने गौर किया कि जब आरोपी नकदी से भरा बैग रॉब कर रहे थे, तब शिकायतकर्ता ने न तो कोई विरोध किया और न ही उनका पीछा किया।

# विशेष पुलिस आयुक्त ने मोबाइल पेट्रोल वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** दिल्ली के विशेष पुलिस आयुक्त (स्पेशल यूनिट फॉर वूमेन एंड चाइल्ड) डेविड लालरिन्सांगा ने पुलिस मुख्यालय, से बत्तीस नई पीसीआर मोबाइल पेट्रोल वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया हे।

इन नई पीसीआर एमपीवी का आवंटन दक्षिण, दक्षिण-पश्चिम, पश्चिम, रोहिणी, बाहरी, बाहरी-उत्तरी, उत्तरी, उत्तर-पूर्वी, शाहदरा, पूर्वी, दक्षिण-पूर्वी और मध्य जिलों के लिए किया गया है जिसका उद्देश्य पुलिस की गतिशीलता बढ़ाना, क्षेत्र कवरेज का विस्तार करना और पीसीआर यूनिटों की समग्र दृश्यता और प्रतिक्रियाशीलता को बढ़ाना है। दिल्ली के पुलिस उपायुक्त पवन कुमार ने बताया कि पीसीआर एमपीवी के जुड़ने के साथ, पीसीआर बेड़े में एमपीवी की कुल संख्या अब 857 से बढ़कर 889 वाहन हो गई है, जिससे आधुनिकीकरण, परिचालन दक्षता और सक्रिय जन सेवा वितरण के प्रति दिल्ली पुलिस की प्रतिबद्धता और मजबूत हुई है। इन वाहनों को शामिल करने का काम पुलिस की प्रतिक्रिया समय को कम करने के लिए किया गया है, विशेष रूप से उन क्षेत्रों में जहाँ पीसीआर कॉल्स की संख्या अधिक है और पीसी आर यूनिट के समग्र कामकाज को और अधिक सक्रिय बनाने के लिए किया गया है।

# मुख्यमंत्री ने नागरिकों से किया सीधा संवाद समस्याओं के निस्तारण के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मुख्यमंत्री जन सेवा सदन में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों से सीधे संवाद किया। मुख्यमंत्री ने उनकी समस्याओं, शिकायतों और सुझावों को गंभीरता से सुना। इस दौरान बड़ी संख्या में नागरिक अपनी व्यक्तिगत, सामाजिक और प्रशासनिक समस्याओं को लेकर जन सेवा सदन पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को मामलों के तुरंत और प्रभावी समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई केवल शिकायत दर्ज कराने का माध्यम नहीं, बल्कि सरकार और जनता के बीच विश्वास, संवाद और जवाबदेही को मजबूत करने का अहम मंच है।

जनसुनवाई के दौरान नागरिकों ने दिल्ली नगर निगम, पुलिस, शिक्षा, सामाजिक कल्याण, राजस्व और अन्य विभागों से संबंधित विभिन्न समस्याएं मुख्यमंत्री के सामने रखी गईं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से मामलों की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान एक मामले में नगर निगम से जुड़ी समस्या लेकर आए नागरिकों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित मामलों की प्राथमिकता के आधार पर समीक्षा कर उचित समाधान सुनिश्चित किया जाए।

वहीं, शिक्षा से संबंधित विषय लेकर पहुंची एक महिला ने अपने बच्चों की पढ़ाई में आ रही कठिनाइयों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया, जिस पर मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।इसी प्रकार, एक महिला ने बैंकिंग और पारिवारिक विवाद से जुड़े मामले में अपनी समस्या मुख्यमंत्री के समक्ष रखी।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता मुख्यमंत्री जन सेवा सदन में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों से सीधे संवाद करते हुए।

## एक नजर

### जल संकट से जूझ रही दिल्ली: नीलम चौधरी

**नई दिल्ली।** समस्त रोहताश नगर निवासी कल्याण संघ की संस्थापक अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता नीलम चौधरी ने राजधानी में गहराते जल संकट को लेकर सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के बीच दिल्ली की जनता पानी की गंभीर समस्या से जूझ रही है, लेकिन सरकार इसका प्रभावी समाधान करने में विफल साबित हो रही है। नीलम चौधरी ने कहा कि राजधानी में हर वर्ष अलग-अलग मौसम के साथ नई समस्याएं सामने आती हैं। मानसून के दौरान जलभराव, सर्दियों में प्रदूषण और गर्मियों में जल संकट जैसी चुनौतियों से निपटने में सरकार असफल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जनता की समस्याओं के समाधान के बजाय केवल बयानबाजी की जा रही है।

### यादें में कृष्णा भारद्वाज की एंट्री



**नई दिल्ली।** सोनी सब का शो यादें अपनी इमोशनल स्टोरीटेलिंग, दिलचस्प मेडिकल केस और अनपेक्षित ट्विस्ट्स के साथ दर्शकों को लगातार जोड़े हुए है। जैसे ही डॉ. देव मेहता (इकबाल खान) और अस्पताल की टीम अजीबोगरीब मेडिकल मिस्ट्रीज को सुलझाने में जुटी है, एक नया केस सबको यह सोचने पर मजबूर कर देगा कि असलियत क्या है और भ्रम क्या। कहानी में नया मोड़ जोड़ते हुए, अभिनेता कृष्णा भारद्वाज शो में सतेन्द्र तिवारी (सत्तू) के किरदार में नजर आएंगे। सत्तू की रहस्यमयी हालत ने उसके परिवार और डॉक्टरों दोनों को उलझन में डाल दिया है। जहां हर कोई मानता है कि वह अपनी मृत पत्नी की आत्मा से ग्रस्त है, वहीं डॉ. देव और अस्पताल की टीम सच्चाई का पता लगाने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

### जैकलीन फर्नांडीज ने आरोपों से किया इनकार

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज 200 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पटियाला हाउस कोर्ट में पेश हुईं। कोर्ट में सुनवाई के बाद वह कोर्ट परिसर से रवाना हुईं। उन्होंने अपने ऊपर लगे आरोपों से इनकार किया है।

### मनोज तिवारी के आवास पर संजीव झा का समर्थकों के साथ हंगाम

**नई दिल्ली।** दिल्ली के जगतपुर गांव में ओ-जोन को लेकर प्रशासन की कार्रवाई के मामले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद मनोज तिवारी के आवास पर आम आदमी पार्टी विधायक संजीव झा के समर्थकों के साथ मंगलवार देर रात पहुंचने के बाद हंगामा शुरू हो गया। आप विधायक और उनके समर्थकों को पुलिस ने वहां से हटाया। सांसद मनोज तिवारी ने यहां पत्रकारों को संबोधित करते हुए आज कहा कि बुराड़ी के आआआ विधायक संजीव झा और झड़ौदा पार्षद गगन चौधरी खुद सरकारी जमीन पर किए गए कब्जे को बचाने के लिए जनता को भ्रमित कर उन्हें भड़काने का प्रयास कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि विधायक संजीव झा और पार्षद गगन चौधरी उनके घर आए थे। सांसद ने दावा किया कि अवैध रूप से हथियाई गई जमीन को बचाने के लिए इन दोनों ने साजिश रची और ग्रामीणों को गुमराह करके सरकार को बदनाम कर रहे हैं। सांसद मनोज तिवारी ने स्पष्ट कहा कि ओ-जोन नियमों के तहत उन क्षेत्रों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है, जो पहले से ही तटबंध के पीछे हैं और यमुना की तरफ नहीं हैं, जहां पिछले 25 से 30 वर्षों से तटबंध का बाढ़ का पानी नहीं पहुंचा है।

### अगवा बच्चा को सुरक्षित बचाया, महिला गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा जिला पुलिस के जीटीबी एन्क्लेव थाने के स्टाफ ने छह महीने का अगवा बच्चा को सुरक्षित बचाकर आरोपी महिला को गिरफ्तार किया है। दिल्ली के संयुक्त पुलिस आयुक्त( पूर्वी रेंज)अजीत कुमार सिंगला ने बताया कि 31 मई को जीटीबी एन्क्लेव थाने में सीलमपुर की रहने वाली महिला से एक शिकायत मिली, जिसमें उसने बताया कि कुछ दिन पहले एक अनजान महिला उनके घर आई थी और उसने खुद को बच्चों का टीकाकरण करवाने में मदद करने वाली व्यक्ति बताया था।घटना वाले दिन, वह महिला फिर से शिकायतकर्ता के पास आई और उसके 6 महीने के बेटे के साथ टीकाकरण के लिए जीटीबी अस्पताल गई।

## सुल्तानपुरी में नेता सदन का जर्जर भवनों के पुनर्निर्माण के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम में नेता सदन एवं स्थायी समिति के सदस्य जय भगवान यादव ने बुधवार को वार्ड संख्या-43 सुल्तान पुरी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की सड़कों, सामुदायिक सुविधाओं और सार्वजनिक स्थलों की स्थिति का जायजा लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान स्थानीय पार्षद बॉबी, रोहिणी क्षेत्र की उपायुक्त ऋषिता गुप्ता तथा निगम के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। जय भगवान यादव ने स्थानीय नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सुल्तान पुरी स्थित जर्जर सामुदायिक भवन के पुनर्निर्माण का कार्य निगम निधि से कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा सी-6 स्थित निगम विद्यालय के जर्जर भवन के पुनर्निर्माण की भी बात कही। उन्होंने कहा कि भवन की खराब स्थिति के कारण विद्यार्थियों को दूसरे भवन में पढ़ाई करनी पड़ रही है, जिससे उन्हें असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। जय भगवान यादव ने क्षेत्रीय मलेरिया कार्यालय में शीघ्र विद्युत व्यवस्था बहाल करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि जनसेवाओं से जुड़े कार्यालयों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित होना आवश्यक है।

# पिता को अपशब्द कहे जाने पर ले ली जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** द्वारका के बिंदापुर इलाके में हंसी-मजाक के बीच पिता को अपशब्द कहने से आक्रोशित नाबालिग ने दोस्तों के साथ मिलकर सोनू (24) को इतना पीटा की उसकी मौत हो गई। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर 17 वर्षीय नाबालिग के साथ नमेश पांडेय उर्फ अमन (22) और चिराग उर्फ अमन (20) को पकड़ लिया है। द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त कुशल पाल सिंह ने हत्यारोपियों के एक अन्य साथी को दबोचने के लिए पुलिस संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त कुशल पाल सिंह ने बताया कि सोनू कुमार परिवार के साथ मोहन गार्डन इलाके में रहता था। इसके परिवार में पिता, भाई व चाचा हैं। सोनू छोटा-मोटा काम करता था। मंगलवार सुबह पुलिस को खबर मिली कि केडी बैंक्वेट हॉल, द्वारका मोड़ के पास एक युवक को कुछ लड़कों ने बुरी तरह पीटा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर हालत में सोनू को आईजीआई अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। हत्या का मामला दर्ज कर पुलिस ने छानबीन शुरू की तो सीसीटीवी और मुखबिरों से मिले इनपुट के आधार पर मंगलवार को तीनों आरोपियों को दबोच लिया गया।

## गांजे के साथ महिला को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्वी जिला पुलिस के पांडव नगर थाने के स्टाफ ने गांजे के साथ महिला को पकड़ा है।पुलिस ने उसके पास से 216 ग्राम गांजा और 5,13,350/- की नकद राशि बरामद की है।

दिल्ली के पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त राजीव कुमार ने बताया कि नशीले पदार्थों की तस्करी और अवैध बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए एसीपी मयूर विहार की देखरेख में एसएचओ पांडव नगर के नेतृत्व में टीम इलाके में काम कर रही थी। इसी बीच कांस्टेबल सरवेंद्र और महिला कांस्टेबल. आकांक्षा जवाहर मोहल्ला, शशि गार्डन क्षेत्र में गश्त ड्यूटी पर थे।

# जेईई एडवांस्ड 2026 में स्टूडेंट्स ने चमक बिखेरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** टेस्ट की तैयारी कराने वाली सर्विसेज में देश की लीडर, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने एक बार फिर जेईई एडवांस्ड 2026 एग्जाम में शानदार परफॉर्मेंस दी है। दिल्ली एनसीआर में आकाश सेंटर्स के कुल 47 स्टूडेंट्स ने एआईआर 1000 के अंदर रैंक हासिल की, जिससे रीजन का मजबूत एकेडमिक फाउंडेशन और कॉम्पिटिटिव स्पिरिट दिखा। दिल्ली के अचीवर्स में सबसे आगे दिल्ली-साउथ एक्सटेंशन के आरव गुप्ता हैं, जिन्होंने एआईआर 17 हासिल की, इसके बाद दिल्ली-द्वारका सेक्टर-12 के उत्कर्ष खोखर (एआईआर 35), CoE-दिल्ली के एकाग्र अग्रवाल (एआईआर 42), दिल्ली-साउथ एक्सटेंशन के सुशांत अग्रवाल (एआईआर 59), और गुड़गांव साउथ सिटी-II के उद्यान गोयल (एआईआर 86) हैं। स्टूडेंट्स को उनकी शानदार अचीवमेंट पर बधाई देते हुए, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के चीफ एकेडमिक और बिजनेस हेड, डॉ. यशपाल ने कहा, 'हमें जेईई एडवांस्ड 2026 में उनके शानदार परफॉर्मेंस के लिए अपने स्टूडेंट्स पर बहुत गर्व है।




तीस जनवरी मार्ग स्थित गांधी स्मृति परिसर में आयोजित कार्यक्रम में समिति के उपाध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल पश्चिम चंपारण के सांसद संजय जायसवाल को प्रोजेक्टर सौंपते हुए।

# गांधी स्मृति ने वितरित किए प्रोजेक्टर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा को आधुनिक तकनीक से जोड़ने और विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति ने महत्वपूर्ण पहल की है। समिति की ओर से बिहार के पश्चिम चंपारण जिले के सिरसिया अड्डा और कुमारबाग स्थित बुनियादी विद्यालयों के लिए डिजिटल शिक्षा हेतु प्रोजेक्टर वितरित किए गए। तीस जनवरी मार्ग स्थित गांधी स्मृति परिसर में आयोजित कार्यक्रम में समिति के उपाध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल ने पश्चिम चंपारण के सांसद संजय जायसवाल को प्रोजेक्टर सौंपे। इन उपकरणों का उद्देश्य विद्यालयों में तकनीक आधारित शिक्षण को बढ़ावा देना तथा विद्यार्थियों को आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक संसाधनों से जोड़ना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संजय जायसवाल ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा के क्षेत्र में तकनीक का समावेश अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा कि डिजिटल शिक्षण संसाधनों के माध्यम से विद्यार्थियों को बेहतर सीखने का अवसर मिलेगा।

# बवाना में 47.26 करोड़ की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री एवं बवाना विधान सभा के विधायक रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने गृह निर्वाचन क्षेत्र बवाना विधानसभा में क्षेत्र के समग्र विकास एवं आधारभूत संरचना को सुदृढ़ बनाने वाली महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

इस अवसर पर दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश साहिब सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिलान्यास कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 47.26 करोड़ रूपये की लागत से क्षेत्र के विकास को नई गति प्रदान करने वाली परियोजनाओं का शुभारंभ किया गया। इनमें कंझावला रोड ड्रेन परियोजना (पंजाब स्वीट्स से रोहिणी सेक्टर-21/22 डिवाइडिंग रोड तक) तथा रोहिणी सेक्टर-20 एवं 21 ग्रामीण पुनरुद्धार परियोजना प्रमुख हैं। इन परियोजनाओं का उद्देश्य क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना, नागरिक सुविधाओं का विस्तार करना तथा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के संतुलित एवं योजनाबद्ध विकास को सुनिश्चित करना है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने कहा कि बवाना विधानसभा दिल्ली देहात का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है और यहां के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में बवाना विधानसभा तेजी से विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है।

उन्होंने घोषणा की कि आने वाले समय में बवाना विधानसभा क्षेत्र में लगभग घ्60 करोड़ की अतिरिक्त विकास परियोजनाएं भी प्रारंभ की जाएंगी, जिनसे क्षेत्र की आधारभूत संरचना और अधिक मजबूत होगी तथा नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी। इन्द्राज ने कहा, "बवाना विधानसभा और दिल्ली देहात के विकास की रफ्तार अब रुकने वाली नहीं है। हमारी सरकार क्षेत्र की वर्षों पुरानी समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। विकास की यह यात्रा निरंतर जारी रहेगी और आने वाले समय में बवाना को आधुनिक, सुव्यवस्थित एवं समृद्ध विधानसभा क्षेत्र के रूप में स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार जनकल्याण, आधारभूत संरचना विकास तथा ग्रामीण क्षेत्रों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरकार का उद्देश्य विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा प्रत्येक नागरिक के जीवन स्तर को बेहतर बनाना है।

इस अवसर पर उपस्थित जन प्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं क्षेत्रवासियों ने इन विकास परियोजनाओं का स्वागत करते हुए दिल्ली सरकार एवं मंत्रीगणों का आभार व्यक्त किया।

# अवैध निर्माण के चलते हुआ हादसा: कांग्रेस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने मालवीय नगर के हौजरानी स्थित लेमन ग्रीन रेस्टोरेंट में हुए भीषण अग्निकांड को लेकर भाजपा सरकार, नगर निगम और संबंधित एजेंसियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि जब तक अवैध निर्माण में शामिल सरकारी एजेंसियों और अधिकारियों की कथित मिल-भगत समाप्त नहीं होगी, तब तक इस प्रकार की घटनाएं होती रहेंगी और लोगों की जान जाती रहेगी। देवेंद्र यादव ने अग्निकांड स्थल का दौरा किया और हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस दुर्घटना में 21 लोगों की मौत और दर्जनों लोगों का घायल होना अत्यंत दुखद और चिंताजनक है। उनके साथ प्रदेश महासचिव संगठन अनिल भारद्वाज, पूर्व मंत्री डॉ. योगानंद शास्त्री, निगम में सदन के पूर्व नेता जितेंद्र कुमार कोचर, दिल्ली प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष पुष्पा सिंह सहित अन्य कांग्रेस नेता भी मौजूद रहे। देवेंद्र यादव ने आरोप लगाया कि राजधानी में लगातार सामने आ रहे अग्निकांड और इमारत ढहने की घटनाएं प्रशासनिक विफलता तथा भ्रष्टाचार का परिणाम हैं।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# 25 लाख के ड्रग्स के साथ दो गिरफ्तार

## 37 किलो गांजा पकड़ा, उड़ीसा-पश्चिम बंगाल से साड़ियों में छिपाकर तस्करी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा पुलिस ने 2 बड़े गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 37 किलो 696 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। इसकी बाजार में कीमत करीब 25 लाख है। साथ ही 39 साड़ियां बरामद की गई हैं।

एडीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि दिल्ली के रहने वाले शुभम पाठक और उसके साथी शिवम दुबे को गिरफ्तार किया गया। दोनों स्नातक तक पढ़े हैं। मास्टरमाइंड शुभम है। दोनों को सेक्टर-17 से पकड़ा गया। दोनों करीब दो साल से गांजा तस्करी कर रहे थे। इनकी आजिविका का साधन ही यही है। उन्होंने बताया कि शुभम और शिवम दोनों ही



उड़ीसा और अन्य पर्वतीय राज्यों से गांजा मंगवाते है और दिल्ली एनसीआर में सप्लाई करते हैं। यहां महंगे दामों पर बेचते हैं।

**साड़ियों के बीच में आता गांजा:** ये लोग पर्वतीय क्षेत्रों के सप्लायरों के संपर्क में है। वहां से बल्क में साड़ियों को मंगवाते है। इन साड़ियों की पैकिंग के बीच में गांजा सप्लाई किया जाता है। साड़ियों को कोरियर के जरिए आधे अधूरे पते पर मंगवाते हैं। ऐसे में कोरियर करने वाला जब इनको फोन करता तो उससे डिलिवरी लेते हैं। इसके बाद छोटे छोटे पैकेट में गांजा भरकर बेचते हैं।

**हाई क्वालिटी का गांजा:** पूछताछ में बताया कि गांजे को साड़ियों की पैकिंग में इस तरह से छिपाया जाता था ताकि जांच के दौरान किसी प्रकार का शक नहीं होता है। ये गांजा उच्च गुणवत्ता का है, जिसे ओडिशा, आंध्र प्रदेश व पर्वतीय क्षेत्रों में पाई जाने वाली विशेष पत्तियों को सुखाकर, बार-बार केमिकल प्रोसेस करके तैयार किया जाता है। जिससे इसकी मादक क्षमता सामान्य गांजे की तुलना में कई गुना अधिक हो जाती है। इसकी मांग बाजार में ज्यादा है।

# एक्सप्रेसवे पर छिड़काव के लिए छह एजेंसियां आगे आई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे पर स्थित हरियाली में स्प्रिंकलर के तहत छिड़काव करने के लिए छह एजेंसियां आगे आई हैं। अब इन एजेंसियों की फाइनेनशियल बिड खोली जाएगी। इसमें आर्थिक स्थिति की जांच की जाएगी। जिस एजेंसी ने सबसे कम रेट दिया होगा, उसी को काम का जिम्मा दिया जाएगा। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि एक्सप्रेसवे के दोनों ओर ग्रीन बेल्ट में 12 भूमिगत टैंक बनाए जाएंगे। टैंक से सड़क किनारे व डिवाइडर तक पानी की लाइन बिछाई जाएगी, जहां पर स्प्रिंकलर से छिड़काव कराया जाएगा। इसको स्प्रिंकलर सिंचाई योजना नाम दिया गया है। इसके लिए प्राधिकरण ने कंपनियों से आवेदन मांगे थे। अधिकारियों ने बताया कि स्प्रिंकलर के जरिए एक्सप्रेसवे पर लगे पेड़-पौधे व ग्रीन बेल्ट में छिड़काव किया जाएगा। पायलट प्रोजेक्ट के रूप में महामाया फ्लाईओवर से 5 किलोमीटर दूरी तक का हिस्सा चयनित किया गया है। यह हिस्सा महामाया फ्लाईओवर से सेक्टर-128 अंडरपास तक है। काम शुरू होने के बाद पूरा होने में तीन से चार महीने का समय लगेगा।प्राधिकरण के उद्यान विभाग के निदेशक आनंद मोहन ने बताया कि एक्सप्रेसवे के बराबर में ग्रीन बेल्ट में यह टैंक लगाए जाएंगे। टैंक से लाइन डिवाइडर पर लगने वाले स्प्रिंकलर तक पहुंचाई जाएगी। इससे वायु प्रदूषण भी नियंत्रित होगा। इस परियोजना पर 3 करोड़ 40 लाख रुपये का खर्चा आएगा। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि एक्सप्रेसवे पर महामाया फ्लाईओवर से ग्रेटर नोएडा की ओर जाते समय 6 टैंक और फिर ग्रेनो से महामाया फ्लाईओवर की ओर आते समय 6 किलोमीटर दायरे में ही 6 टैंक बनवाए जाएंगे। छिड़काव में जो पानी प्रयोग होगा, वह सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट-एसटीपी- में शोधित हुआ पानी होगा। उन्होंने बताया कि फाइनेनशियल बिड प्रक्रिया पूरी कर कोशिश है कि इस महीने के अंत तक काम शुरू करा दिया जाए।गौरतलब है कि अभी प्राधिकरण टैक्टर में लगे टैंकर से कर्मचारियों के जरिए छिड़काव कराता है। एक्सप्रेसवे होने के कारण वाहन काफी तेजी से निकलते हैं, इस वजह से हादसे का खतरा बना रहता है।

## किशोरी से यौन उत्पीड़न के आरोपी की जमानत याचिका खारिज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिला न्यायालय ने किशोरी का अपहरण कर यौन उत्पीड़न करने के आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी। किशोरी के पिता ने सेक्टर बीटा-2 कोतवाली में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया था। अधिवक्ता टीकम सिंह भाटी ने बताया कि आरोपी कार चालक विजेंद्र 22 मार्च को किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले गया। पिता ने इस मामले में आरोपी कार चालक विजेंद्र के खिलाफ सेक्टर बीटा-2 कोतवाली में मुकदमा दर्ज करवाया था। पुलिस की छानबीन में पता चला था कि आरोपी ने एक सप्ताह तक किशोरी को हरिद्वार में रखा और उसका यौन शोषण किया।

# आबकारी आयुक्त ने की मेरठ प्रभार की समीक्षा

**■ पीओएस से मदिरा बिक्री और नियमों के सख्त अनुपालन के निर्देश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश सरकार के आबक. ारी आयुक्त डॉ. आदर्श सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार, गौतमबुद्धनगर में मेरठ प्रभार के समस्त आबकारी अधिकारियों एवं जनपद में तैनात आबकारी निरीक्षकों की विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में राजस्व वृद्धि, मदिरा बिक्री में पारदर्शिता तथा आबकारी नियमों के प्रभावी अनुपालन की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में निर्देशित किया गया कि सभी जनपदों के फुटकर अनुज्ञापनों पर पीओएस



मशीनों के माध्यम से बिक्री सुनिश्चित की जाए। साथ ही थोक अनुज्ञापनों, बीआईओ, बॉन्ड, बार अनुज्ञापनों एवं प्रीमियम वेंड्स पर प्राप्त होने वाली समस्त मदिरा का स्टॉक-इन कर पीओएस प्रणाली के माध्यम से ही बिक्री की जाए। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि यदि किसी स्तर पर इसका अनुपालन नहीं पाया जाता है तो संबंधित आबकारी निरीक्षक एवं अनुज्ञापन धारक के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

आबकारी आयुक्त ने निर्देश दिए कि जनपदों में संचालित समस्त बीआईओ तथा बीडब्ल्यूएफएल-2ए, 2बी एवं 2सी पर अन्य राज्यों से आने वाली मदिरा के स्टॉक का नियमित निरीक्षण कर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही कस्टम बॉन्ड से मदिरा की निकासी निर्धारित नियमों एवं प्रावधानों के अनुरूप कराई जाए।

बैठक में मेरठ प्रभार के अंतर्गत कंपोजिट दुकानों से मॉडल शॉप में परिवर्तित की गई सभी दुकानों का संचालन नियमानुसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

इसके अतिरिक्त फुटकर मदिरा दुकानों की न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा (एमजीक्यू), कंपोजिट दुकानों में अंग्रेजी मदिरा के एमजीआर तथा बीयर के त्रैमासिक एमजीआर की समयबद्ध निकासी सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया।

डॉ. आदर्श सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिए कि देशी मदिरा की दुकानों पर देशी मदिरा के अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार की मदिरा परा. ‘से जाने अथवा पिलाए जाने की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने नोएडा और गाजियाबाद के सभी मॉल्स में प्रीमियम रिटेल वेंड अनुज्ञापन को बढ़ावा देने तथा लो-अल्कोहलिक बार्स एवं लो-अल्कोहलिक प्रीमियम रिटेल वेंड्स के प्रचार-प्रसार के निर्देश भी दिए। साथ ही यह सुनिश्चित करने को कहा कि इन प्रतिष्ठानों में किसी भी स्थिति में अन्य राज्यों की मदिरा का उपभोग न हो।

## एक नजर

### अवैध निर्माण को ध्वस्त करने की तैयारी

**यमुना सिटी (शाह टाइम्स)।** यमुना विकास प्राघधिकरण ने टप्पल-बाजना अर्बन सेंटर में हो रहे अवैध निर्माण पर कार्रवाई की तैयारी पूरी कर ली है। प्राघधिकरण को यहां नौझील रोड पर एक मॉल और कुछ अवैध कॉलोनियों के निर्माण शुरू होने की घशिकायत मिली है। कॉलोनाइजरों को नोटिस जारी किए जाएंगे। सीईओ राकेश कुमार घसिंह ने बुधवार को अलीगढ़ के डीएम अविनाश कुमार से इस कार्रवाई में सहयोग के लिए वार्ता की। सीईओ का कहना है कि डीएम को वहां हो रही अवैध गतिविघधियां और अनियोजित विकास की जानकारी दी गई है। उनसे कहा गया है कि स्थानीय पुलिस और तहसील प्रशासन से अवैध निर्माणों पर सख्ती कराई जाए। यमुना प्राघधिकरण के ओएसडी और डिप्टी कलेक्टर भी इन अवैध निर्माणों को तोड़ने में समन्वय कर यहां कार्रवाई कराएंगे। ऐसे निर्माणों को चिह्नित कर लिया गया है। धारा-10 में एक नोटिस जारी कर इन निर्माणों को तोड़ने घ्की कार्रवाई यीडा करा सकेगा।

### मेडिकल डिवाइस पार्क का संचालन करेगा संयुक्त कार्य समूह

**यमुना सिटी (शाह टाइम्स)।** यमुना सिटी के सेक्टर-28 स्थित मेडिकल डिवाइस पार्क में जापानी निवेशकों के सहयोग से चिकित्सा उपकरणों का निर्माण होगा। इन कामों की निगरानी के लिए संयुक्त कार्य समूह बनाया गया है। इसमें जापानी संस्था मेडिकल एक्सीलेंस जापान (एमईजे) के अलावा केंद्र, राज्य और यमुना प्राधिकरण के अधिकारी शामिल होंगे। अधिकारियों ने बताया कि चिकित्सा उत्पादन के लिए अब तक कंपनियों को 101 भूखंडों का आवंटन किया जा चुका है। एक कंपनी ने उत्पादन भी शुरू कर दिया है। वहीं, दस कंपनियों में निर्माण चालू है। तकनीक साझेदारी और आस्का लैब की स्थापना के लिए यीडा और एमईजे के बीच बीते महीने एक अनुबंध हुआ था। अब संयुक्त कार्य समूह बनाया गया है जिसमें यीडा की तरफ से मुख्यमंत्री के सलाहकार, यीडा के सीईओ आरके सिंह, एसीईओ शैलेंद्र भाटिया, एमडीपी के दो आवंटी शामिल हैं। वहीं, एमईजे की तरफ से जापान की सरकार के प्रति. निधियों और निवेशक शामिल हैं। यह संयुक्त कार्य समूह एमडीपी के लिए आवश्यक अवसंरचना, नियामकीय सहयोग, भूमि आवंटन, उपयोगिताएं और निवेशकों के लिए नीतिगत प्रोत्साहन देगा।

### नोएडा एयरपोर्ट तक तीन रूट पर ई-बसें चलेगी

**यमुना सिटी (शाह टाइम्स)।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक तीन रूट पर इलेक्ट्रिक बसें चलेंगी। यमुना विकास प्राधिकरण (यीडा) ने ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभान्वित करने के लिए रूट का निर्धारण किया है। यह बस सेवा 10 जून तक शुरू होगी। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से 15 जून से उड़ानें शुरू करने की तैयारी है। इससे पहले यात्रियों के लिए बस सेवा शुरू की जानी है। उत्तर प्रदेश सरकार ने नोएडा एयरपोर्ट तक 110 बसों के संचालन का आदेश दिया है। इसी के तहत तीनों प्राधिकरण अपने-अपने स्तर पर रूट का निर्धारण करने में जुटे हैं। यमुना विकास प्राधिकरण ने क्षेत्र में तीन रूट तय किए हैं।

आरके सिंह ने बताया कि तीनों रूट पर लोगों की आवाजाही ज्यादा होती है। यमुना सिटी के सेक्टर-22डी में काफी लोग रहते हैं। लोग पूर्व में बस संचालन की मांग कर चुके हैं। वहीं, 60 मीटर रोड वाले रूट पर दो विश्वविद्यालय हैं, यहां ग्रेनो और दिल्ली से सैकड़ों छात्र पढ़ने आते हैं। इससे उन्हें भी आसानी होगी, जबकि परी चौक से वाया नोएडा एयरपोर्ट वाले रूट पर लोगों को कम समय में गंतव्य तक पहुंचने की सहूलियत मिलेगी। जल्द ही इन तीनों रूट पर बसों का संचालन शुरू कर दिया जाएगा।

**10 जून तक संचालन शुरू होगा:**

**पहला रूट :** ग्रेटर नोएडा के परी चौक से वाया यमुना एक्सप्रेसवे होते हुए नोएडा एयरपोर्ट तक होगा।

**दूसरा रूट :** परी चौक से 60 मीटर सड़क, नोएडा इंटरनेशनल विश्व. विद्यालय, गलगोटिया विश्वविद्यालय और रबुपूरा होकर नोएडा एयरपोर्ट तक होगा।

**तीसरा रूट :** नोएडा एयरपोर्ट से यमुना विकास प्राधिकरण क्षेत्र के सेक्टर-22डी होते हुए ग्रेटर नोएडा तक होगा।

# 1.80 करोड़ मांगने का विरोध पत्नी समेत छह पर प्राथमिकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** दादरी मायचा गांव के एक परिवार से एक करोड़ 80 लाख रुपये मांगने का विरोध करने पर युवक की शिकायत पर उसकी पत्नी समेत छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पीड़ित हैप्पी ने बताया कि उनकी और उनके भाई सागर की शादी दो दिसंबर 2019 को नवादा गांव निवासी काजल और मनीषा के साथ हुई थी। शादी बिना दान-दहेज के संपन्न हुई थी। विवाह के दौरान हैप्पी के पिता ने दोनों बहुओं को उपहार स्वरूप आभूषण और अन्य कीमती सामान दिए थे।

शादी के बाद मनीषा ने अपने पति सागर के साथ वैवाहिक संबंध बनाने से मना कर दिया, जिससे परिवार में तनाव बढ़ गया। परिजनों ने कई बार समझाने का प्रयास किया, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। परिवार का आरोप है कि मनीषा बिना बताए घर से आती-जाती रही, जिसका परिजनों ने विरोध किया। वहीं काजल भी अपनी बहन का साथ देती रही, जिससे करीब एक वर्ष तक परिवार में विवाद बना रहा।

शिकायत के अनुसार, इसके बाद दोनों बहनों ने परिवार से एक करोड़ 80 लाख रुपये की मांग की। दोनों बहनों के परिजनों ने भी द्वारा भी धमकियां दिलवाईं। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि हैप्पी के पिता हरिराम पर मानसिक दबाव बनाया गया, जिसके चलते उन्होंने आत्महत्या का प्रयास किया।

## केले के गोदाम में आग दमकल ने बुझाई, एक ऑटो भी जलकर राख

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र के तुगलपुर में आज तड़के केले के एक गोदाम में आग लग गई। तड़के लगभग 3:15 बजे हुई इस घटना में लाखों का सामान जलकर राख हो गया और गोदाम के बगल में खड़ा एक ऑटो भी आग की चपेट में आ गया। दमकल विभाग की टीमों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। पुलिस को तुगलपुर हल्द्वाना स्थित केले के गोदाम में आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही नॉलेज पार्क यूनिट की फायर सर्विस टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया। सहायता के लिए ग्रेटर नोएडा इकोटेक फास्ट एक्सप्रेसवे से भी दमकल की गाड़ियां बुलाई गईं।

# नो पार्किंग जोन में खड़े वाहन एक लाख से ज्यादा चालान काटे

**नोएडा।** जनवरी 2026 से लेकर मई 2026 के दौरान शहर में करीब 106688 वाहनों पर नो पार्किंग जोन में वाहन खड़े करने पर कार्रवाई की गई। वहीं, बीते साल जनवरी से दिसंबर के बीच 245922 और 2024 में 253697 वाहनों के नो पार्किंग जोन में खड़े होने पर चालान काटे गए थे।

ये संख्या हर साल इतनी ही है। हर साल औसतन ढाई लाख वाहनों पर नो पार्किंग जोन में वाहन खड़ा करने पर कार्रवाई की जाती है। शहर की छोटी से लेकर बड़ी बाजारों में भी नोएडा प्राधिकरण की पार्किंग बनीं हैं।

> नो पार्किंग में खड़े वाहनों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है ताकि वे सड़क किनारे वाहन न खड़ा करें। इन वाहनों के कारण जाम लगता है। साथ ही वाहन चालकों को नियमों के प्रति जागरूक भी किया जाता है।
>
> **-अभय कुमार मिश्र, डीसीपी ट्रैफिक**

कमर्शियल कॉम्पलेक्स, मॉल, पार्क, मेट्रो स्टेशन समेत तमाम सार्वजनिक स्थान पर पार्किंग की व्यवस्था है। हालांकि इसके लिए वाहन मालिक को शुल्क जरूर अदा करना पड़ता है। इतनी जगह पार्किंग के स्थान हैं फिर भी वाहन सड़कों पर खड़े हो रहे हैं।

**सड़क पर वाहन खड़ा करने से लग रहा जाम:** सड़क पर खड़े वाहन जाम का कारण भी बन रहे हैं। सुबह-शाम मुश्किल और बढ़ जाती है। होशियारपुर में तो अधिकतर वाहन सड़क पर खड़े रहते हैं। बैंक्वेट हॉल के बाहर वाहन खड़े होने के कारण लंबा जाम लगता है। ट्रैफिक पुलिस ने इसके लिए नोटिस जारी कर चेतावनी भी दी लेकिन कोई खास असर नहीं पड़ा। मेट्रो स्टेशन के बाहर भी कुछ ऐसी ही स्थिति रहती है।

# जनगणना ड्यूटी से लौट रही टीचर की मौत

**■ गाड़ी की टक्कर लगने से गंभीर रूप से हुई थी घायल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में जनगणना ड्यूटी से लौट रही एक शिक्षिका की बुधवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। करीब आठ दिन पहले यमुना एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पर एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और अब आरोपी की तलाश तेज कर दी गई है।

गाजियाबाद निवासी संगीता रानी (45) दनकौर कस्बे के प्राथमिक विद्यालय में सहायक



अध्यापक के पद पर कार्यरत थीं। इन दिनों उनकी ड्यूटी जनगणना कार्य में लगी हुई थी। परिजनों ने बताया कि 27 मई को वह क्षेत्र की सुपरटेक अपकंट्री सोसायटी में जनगणना का कार्य पूरा करने के बाद अपनी स्कूटी से घर लौट रही थीं। इसी दौरान यमुना एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पर किसी अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में संगीता रानी गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें तत्काल ग्रेटर नोएडा के यथार्थ अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

अस्पताल में उनकी हालत लगातार नाजुक बनी हुई थी और डॉक्टरों ने उन्हें वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा था। तमाम प्रयासों के बावजूद बुधवार को उन्होंने दम तोड़ दिया। उनकी मौत की खबर मिलते ही परिवार में शोक की लहर दौड़ गई।

मृतक के भाई प्रवीण कुमार की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस दुर्घटना में शामिल वाहन की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, हालांकि अभी तक कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लग सका है।

दनकौर कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार चौहान ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही दुर्घटना करने वाले वाहन और उसके चालक की पहचान कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मोबाइल स्नेचर को पकड़ने में टीएसआई की उंगली टूटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में ड्यूटी के दौरान साहस का परिचय देते हुए यातायात पुलिस में तैनात टीएसआई रमेश पंवार ने मोबाइल छीनकर भाग रहे एक बदमाश को पकड़ लिया। आरोपी को दबोचने के दौरान उनके हाथ में गंभीर चोट आई और एक उंगली में फ्रैक्चर हो गया, लेकिन उन्होंने उसे भागने नहीं दिया।

**चलती बस से मोबाइल छीनकर भाग रहा था आरोपी:** सेक्टर-37 चौराहे पर यातायात व्यवस्था संभाल रहे टीएसआई रमेश पंवार की नजर एक संदिग्ध युवक पर पड़ी। इसी दौरान युवक चलती बस में सवार एक यात्री का मोबाइल फोन छीनकर भागने लगा। घटना देखते ही टीएसआई ने बिना देर किए उसका पीछा शुरू कर दिया। आरोपी भागने की कोशिश करता रहा, लेकिन रमेश पंवार ने सतर्कता और साहस दिखाते हुए उसे पकड़ लिया। इस दौरान हुई धक्का-मुक्की में उनके हाथ में चोट लगी और एक उंगली में फ्रैक्चर हो गया। घायल होने के बावजूद उन्होंने आरोपी को नहीं छोड़ा और उसे थाना सेक्टर-39 पुलिस के हवाले कर दिया।

**मोबाइल बरामद, आरोपी गिरफ्तार:** टीएसआई की तत्परता से पीड़ित का मोबाइल बरामद कर लिया गया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। बाद में घायल पुलिसकर्मी को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।

# एमडीपी में जापानी तकनीक से उपकरण तैयार होंगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** यमुना सिटी के सेक्टर-28 स्थित मेडिकल डिवाइस पार्क में जापानी तकनीक से चिकित्सा उपकरण तैयार होंगे। जापानी कंपनियां अपनी तकनीक साझा करेंगी। एमडीपी में कार्यों की निगरानी के लिए अब संयुक्त कार्य समूह भी बनाया जा चुका है। इसमें दोनों पक्षों के अधिकारी और प्रति. निधि शामिल हैं। यह प्रक्रिया मेडिकल एक्सीलेंस जापान (एमईजे) के साथ छह मई को हुए समझौता के तहत की गई है। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के अधिकारी ने बताया कि सेक्टर-28 में 350 एकड़ में मेडिकल डिवाइस पार्क विकसित किया जा रहा है। यहां अब तक 101 भूखंडों का आवंटन किया जा चुका है।

वहीं, एक कंपनी में उत्पादन भी शुरू हो गया है। इसके अलावा करीब 10 कंपनियों में निर्माण कार्य जारी है। उन्होंने बताया कि मेडिकल डिवाइस पार्क में कंपनियां गंभीर बीमारियों से इलाज और बचाव के लिए उपकरण तैयार करेंगी। ऐसे में यीडा और एमईजे मिलकर चिकित्सा उपकरण उद्योग में नवाचार, निवेश और प्रौद्योगिकी के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए विशेषज्ञता एवं संसाधनों का उपयोग करेंगे। इस संबंध में छह मई को समझौता हो चुका है। अब दोनों पक्षों के बीच संयुक्त कार्य समूह बनाया गया है।

## महिला पर हमला हत्या की धमकी

**ग्रेटर नोएडा।** बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के बिसनोली गांव के पास महिला पर नकाबपोश बदमाशों ने हॉकी और तमंचा से हमला कर मोबाइल तोड़ दिया। आरोपियों ने विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता मूलरूप से कासगंज निवासी ज्योति कुमारी ने धर्मेंद्र, अनुज व तीन अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक ज्योति किराये के मकान में माता-पिता के साथ रहती हैं। काफी समय से पति से विवाद चल रहा हैं। महिला का आरोप है कि पति फैसला करने का दबाव बना रहा है। 21 मई को भी पति के भेजे दो बदमाशों ने जीडीएस कॉलोनी के पास हमला किया। उपचार के एक सप्ताह बाद महिला ने प्राथमिकी दर्ज कराई है।

# सार्वजनिक स्थान पर नशा कर रहे 377 लोग पकड़े





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा जोन की पुलिस का नशे के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। पुलिस की अलग-अलग टीमों ने 48 घंटे में 377 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की। इससे नशा करने वाले लोगों में हड़कंप मच गया। डीसीपी डॉ. प्रवीण रंजन सिंह ने बताया कि पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर नशे के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा। ग्रेटर नोएडा जोन के जेवर, रबूपुरा, दनकौर, ईकोटेक वन, बीटा दो, नॉलेज पार्क व दादरी थाना क्षेत्र में पुलिस की अलग-अलग टीमों ने 48 घंटे में 377 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की।

पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर शराब, हुक्का वह अन्य नशे का सेवन करने वाले लोगों को गिरफ्तार किया और उन्हें थाने ले जाकर आवश्यक कार्रवाई की।

पुलिस की कार्रवाई के दौरान नशा करने वाले लोग इधर-उधर भागते नजर आए। पुलिस द्वारा लोगों से अपील की गई कि कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थल पर शराब, हुक्का अथवा अन्य नशे का सेवन न करे। शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ आगे भी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**शाह टाइम्स**
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
**प्रवेश सिंह दतानियां**
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email : parveshnoida@gmail.com
**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# तालाबों को आकर्षण केंद्र के रूप में किया जाए विकसित:रंजन

## नोडल अधिकारी रंजन कुमार ने की अधिकारियों के साथ विभिन्न योजनाओं और जनसुविधाओं की गहन समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद भ्रमण के दूसरे दिन कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित विकास एवं कानून व्यवस्था समीक्षा बैठक में आयुष विभाग उत्तर प्रदेश शासन के प्रमुख सचिव एवं जनपद नोडल अधिकारी रंजन कुमार ने अधिकारियों के साथ विभिन्न योजनाओं और जनसुविधाओं की गहन समीक्षा की। बैठक में उनका फोकस साफ तौर पर जनहित, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर रहा।

प्रमुख सचिव ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे केवल कार्यालयी कार्यवाही तक सीमित न रहें, बल्कि फील्ड में जाकर योजनाओं की वास्तविक स्थिति का मूल्यांकन करें। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता जनता को बेहतर सुविधाएं और मजबूत विकास व्यवस्था उपलब्ध कराना है। बैठक में तालाबों के संरक्षण,




जल संरक्षण और साफ-सफाई पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने निर्देश दिए कि तालाबों को आकर्षण केंद्र के रूप में विकसित किया जाए तथा बरसात से पहले उनकी सफाई और जलभराव क्षमता बढ़ाने के लिए अभियान चलाया जाए। बड़ौत नगर पालिका की सफाई व्यवस्था और टूटी सड़कों को लेकर प्रमुख सचिव ने नाराजगी जताई। उन्होंने अधिशासी अधिकारी को स्वयं बॉडी कैमरा लगाकर क्षेत्र भ्रमण करने और सफाई व्यवस्था की वास्तविक स्थिति का आकलन



करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की समीक्षा के दौरान बी और सी श्रेणी में शामिल विभागों को प्रदर्शन सुधारने की चेतावनी दी गई। वहीं परिवहन विभाग और जिला खनन अधिकारी के कार्यों की सराहना की गई। भीषण गर्मी को देखते हुए 'कूल रूफ' मॉडल को प्रमुख सचिव ने जनहित में उपयोगी पहल बताया। उन्होंने सभी सरकारी भवनों, थानों और विद्यालयों में कम लागत वाली कूल रूफ व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए और जिलाधिकारी के नवाचारों की प्रशंसा की। पर्यावरण संरक्षण को लेकर उन्होंने वृक्षारोपण अभियान को मिशन मोड में संचालित करने, छायादार पौधों के रोपण तथा ग्राम स्तर पर युवाओं को 'आयुष एम्बेसडर' के रूप में प्रशिक्षित करने के निर्देश दिए। साथ ही योग और स्वस्थ जीवनशैली को जन आंदोलन बनाने पर भी जोर दिया। बैठक में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, किसानों के गन्ना भुगतान, जनशिकायतों के निस्तारण और स्थानीय उत्पादों के प्रचार-प्रसार पर भी चर्चा हुई। प्रमुख सचिव ने 'बागपत ब्लूम' उत्पादों की सराहना करते हुए उन्हें ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से जोड़ने की आवश्यकता बताई। बैठक में जिला. धिकारी अस्मिता लाल, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एएसपी प्रवीण कुमार चौहान, एडीएम विनीत कुमार उपाध्याय समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय पंचायती राज प्रधान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे पर ग्राम प्रधानों ने किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ललित शर्मा का खेकड़ा पहुंचने पर ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम प्रधानों ने जोरदार स्वागत किया। ग्राम पंचायतों में प्रधानों को प्रशासक बनाए जाने के निर्णय के बाद ललित शर्मा पहली बार बागपत जनपद के खेकड़ा ब्लॉक पहुंचे, जहां प्रधानों में उत्साह का माहौल देखा गया।

खेकड़ा ब्लॉक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदेश अध्यक्ष ललित शर्मा ने क्षेत्र के ग्राम प्रधानों से मुलाकात की। उन्होंने पंचायतों के विकास, प्रशासनिक व्यवस्था और ग्राम स्तर पर जनहित कार्यों को लेकर चर्चा की। इस अवसर पर ग्राम प्रधानों ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया और उनके प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया। प्रधानों ने कहा कि ग्राम प्रधानों को ग्राम पंचायत का प्रशासक बनाए जाने से विकास कार्यों की गति बनी रहेगी। इससे गांवों में चल रही योजनाओं पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस निर्णय से पंचायतों में प्रशासनिक कामकाज सुचारू रूप से जारी रहेगा और गांवों के विकास की धारा लगातार बहती रहेगी। प्रदेश अध्यक्ष ललित शर्मा ने अपने संबा. धन में कहा कि ग्राम प्रधान गांवों की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं और गांव के विकास में उनकी भूमिका बेहद अहम है। उन्होंने जोर दिया कि पंचायतों को मजबूत करना और गांवों को आत्मनिर्भर बनाना संगठन की प्राथमिकता है। शर्मा ने प्रधानों से गांवों में विकास कार्यों को ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ आगे बढ़ाने का आहवान किया। कार्यक्रम में खेकड़ा ब्लॉक के कई ग्राम प्रधान और प्रतिनिधि मौजूद रहे। इनमें गजेन्द्र त्यागी (प्रधान सुभानपुर), लोकेंद्र त्यागी (प्रधान डूंडाहेड़ा), बलूरी (प्रधान प्रतिनिधि गढ़ी कलंजरी), संजीव (प्रधान बसी), दिनेश त्यागी (प्रधान बड़ागांव), दिनेश (प्रधान फखरपुर) सहित अन्य प्रधानों ने सहभागिता की। इस दौरान पंचायतों के विकास और ग्राम हित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

## पानी की निकासी की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ढिकोली गांव में पिलाना-चमरावल मार्ग पर बनें मकानों के पानी निकासी के लिए नाला निर्माण न होने से पानी सड़कों पर जमा रहता है। ग्रामीणों नें नाला बनवाने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। ग्रामीणों की मांग है जब तक समस्या का समाधान नही होता है वह धरना जारी रखेगे।

ढिकोली गांव में मंदिर के पास से गुजरने वाली पिलाना-चमरावल मेन सड़क पर बने मकानों के पानी की निकासी ने होने को लेकर सड़क पर जलभराव और गंदगी की स्थिति बनी रहती है। कस्बें के लोगो ने कई बार उच्च अधिकारियों से शिकायत कर समस्या का समाधान कराने की मांग की है, लेकिन कोई समाधान नही हुआ है जिससे लेकर भारतीय किसान यूनियन के पिलाना



ब्लॉक अध्यक्ष नीरज ढाका नें कार्यकताओं और ग्रामीणों नें साथ समस्या के समाधान की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। नीरज ढाका ने बताया कि जल भराव और गंदगी के चलते ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वही नाली निर्माण न होने के कारण यह स्थिति बनी हुई है। उन्होंने कहा जब तक समस्या का समाधान नही होता है वह धरना जारी रखेगे। इस मौकें पर वीरेंद्र, पंकज, बिल्लू प्रजापति, पिंटू प्रजापति, विनोद, अजय प्रमोद, ऋषि प्रजापति, सत्य प्रजापति, दीपक प्रजापति, रामपाल ढाका, तरुण फौजी ढाका, अक्षय ढाका, सचिन ढाका, अरुण ढाका, उज्जवल ढाका ,सविता देवी, संतोष देवी , रविता देवी, रामवती देवी , कमल प्रजापति,आदि मोजूद रहे।

## बड़ौत के सभासदों ने जल निगम के खिलाफ कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर डीएम को सौपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बड़ौत नगर पालिका के सभासदों ने जल निगम के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने बागपत कलेक्ट्रेट पर जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। सभासदों ने आरोप लगाया कि जल निगम द्वारा नगर पालिका क्षेत्र में किए जा रहे कार्यो में गंभीर अनियमितताएं बरती जा रही हैं, जिससे आम जनता को परेशानी हो रही है।

सभासदों ने बताया कि गांधी रोड स्थित नगर की मुख्य सड़क कई महीनों से उखड़ी पड़ी है। नगर पालिका परिषद ने ठेकेदार को मरम्मत और पाइपलाइन डालने के लिए कई बार नोटिस दिए, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके अतिरिक्त, पानी की टंकी का निर्माण कार्य भी पिछले तीन महीने से पूरी तरह बंद है। सभासदों ने यह भी आरोप लगाया कि नगर के



विभिन्न वार्डों में कराए गए बोरिंग में पिछले दो वर्षों से मोटर नहीं डाली गई है। नगर पालिका ने ठेकेदार को लगभग 60 अन्य सड़कों की सूची सौंपी थी जहां पाइपलाइन बिछाई जानी थी, लेकिन बार-बार अनुरोध के बावजूद ठेकेदार ने यह कार्य शुरू नहीं किया। जिन स्थानों पर पाइपलाइन डालने के बाद सड़कों की मरम्मत की गई है, वे सभी घटिया गुणवत्ता की हैं और जगह-जगह से उखड़ गई हैं। कुछ जगहों पर पाइपलाइन डालने के बाद सड़कें लगभग एक वर्ष से टूटी पड़ी हैं, जिनकी मरम्मत नहीं की गई। सभासदों ने आरोप लगाया कि जहां पाइपलाइन डालने का कार्य आवश्यक है, वहां ठेकेदार काम नहीं कर रहा है, जबकि कुछ ऐसी कॉलोनियों में लाइनें बिछाई जा रही हैं जिनका कोई रिकॉर्ड नहीं है, जिससे धन का दुरुपयोग हो रहा है। उन्होंने जिलाधिकारी से इन मामलों में तत्काल संज्ञान लेकर कार्रवाई करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान नगर पालिका के दर्जनों सभासद मौजूद रहे।

### तलवार से हमला करना वाला आरोपी तीन दिन बाद भी पुलिस की पकड़ से दूर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र में एक परिवार पर तलवार से हमला करने के मामले में तीन दिन बाद भी आरोपी फरार हैं। पुलिस टीम लगातार उनकी तलाश कर रही है, लेकिन अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। इस हमले में पीड़ित परिवार का एक सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गया था।

यह घटना बागपत के पुराने कस्बे में हुई थी। विवाद बाइक टकराने को लेकर शुरू हुआ था। पहले बाइक सवार दो युवकों ने एक युवक को टक्कर मारी और गाली-गलौज कर फरार हो गए। इसके बाद, दोनों युवक हाथ में तलवार लेकर पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और हमला कर दिया। हमले में एक युवक की गर्दन में तलवार लगने से वह घायल हो गया। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें एक युवक हाथ में तलवार लिए धमकी देते हुए दौड़ता नजर आ रहा है। पीड़ित परिवार की तहरीर पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिका. रियों का कहना है कि आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की जाएगी। सीओ विजय चौधरी ने बताया कि, ष्मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों को बहुत शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा।

## छेड़छाड और मारपीट के मामले में पुलिस ने सात लोगों पर किया मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र में एक युवती से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। युवती को बचाने आए उसके भाई पर आरोपियों ने हमला कर दिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित परिवार ने इस संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

कोतवाली में दर्ज शिकायत के अनुसार, पीड़िता ने बताया कि पड़ोस में रहने वाला वाजिद उसे अक्सर फब्तियां कसता था और अश्लील इशारे करता था। कई बार शिकायत के बावजूद उसकी हरकतों में कोई सुधार नहीं हुआ। हाल की घटना तब हुई जब पीड़िता घर से सामान लेने दुकान जा रही थी। रास्ते में वाजिद ने उसका हाथ पकड़कर उसे एक खाली प्लॉट में खींचने का प्रयास किया। पीड़िता के शोर मचाने पर आसपास के लोगों को आता देख आरोपी वाजिद मौके से भाग गया। हालांकि, कुछ देर बाद वह फिर लौटा और पीड़िता को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया। जब पीड़िता का भाई उसे बचाने आया, तो आरोपियों ने उसके सिर में डंडा मारकर उसे घायल कर दिया। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि वाजिद अपने साथ चार अन्य युवकों को भी लाया था। हमला करने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

कस्बा चौकी प्रभारी शिवकुमार ने जानकारी दी कि पीड़ित परिवार की तहरीर पर सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## किशोरी ने युवक व उसके दो साथियों पर लगाया बहला-फुसलाकर ले जाने और नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रमाला थाना क्षेत्र में एक किशोरी ने गंभीर आरोप लगाए हैं। किशोरी का आरोप है कि गांव के ही एक युवक ने उसे बहला-फुसलाकर पहले दुष्कर्म किया और फिर नशीला पदार्थ पिलाकर अपने दो साथियों से भी दुष्कर्म कराया। पीड़ित परिवार ने एसपी कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है।

पीड़िता के अनुसार, गांव का युवक उसे बहला-फुसलाकर पहले निवाड़ा स्थित एक होटल ले गया। हालांकि, किशोरी की कम उम्र देखकर होटल संचालक ने कमरा देने से इनकार कर दिया। इसके बाद आरोपी युवक उसे अपने कमरे पर ले गया, जहां उसने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। किशोरी का आरोप है कि बाद में आरोपी ने अपने दो साथियों को बुलाया। उसने कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर किशोरी को पिलाया, जिसके बाद दोनों साथियों ने भी उसके साथ दुष्कर्म किया। किसी तरह किशोरी अपने घर पहुंची और परिजनों को आपबीती बताई। पीड़ित परिवार का आरोप है कि जब उन्होंने थाने में शिकायत की, तो आरोपी युवक के खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई नहीं की गई। परिजनों ने अब अधिका. रियों से न्याय की मांग की है। फिलहाल, अधिकारियों ने पीड़ित परिवार को मामले में कार्रवाई का आश्वासन दिया है। रमाला थाना प्रभारी सूर्यदीप ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## अवैध निर्माण पर प्रशासन की कार्रवाई, बिना अनुमति निर्मित मस्जिद व मदरसा हटाया





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शासन स्तर पर प्राप्त शिकायत के क्रम में जिलाधिकारी अस्मिता लाल के निर्देशानुसार तहसील बड़ौत क्षेत्र के ग्राम बोपुरा में बिना वैधानिक अनुमति के किए जा रहे निर्माण की जांच तहसील बड़ौत की राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की गई।

जांच में पाया गया कि मुजफ्फरनगर जनपद की तहसील बुढ़ाना निवासी शौकीन द्वारा ग्राम बोपुरा में मस्जिद एवं मदरसा इस्लामिया सबीलुल फलाह के नाम से निर्माण कार्य कराया जा रहा था, जिसके संबंध में आवश्यक अनुमतियां एवं वैधानिक अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए गए। जिलाधिक. ारी के निर्देशों के अनुपालन में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिका. रियों की मौजूदगी में नियमानुसार कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण को हटाया गया। संबंधित प्रबंधन समिति एवं जिम्मेदार व्यक्तियों को भविष्य में किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के न करने की सख्त हिदायत दी गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनपद में किसी भी प्रकार के अवैध निर्माण, अतिक्रमण अथवा बिना अनुमति किए जाने वाले निर्माण कार्यों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई लगातार जारी रहेगी तथा कानून-व्यवस्था एवं शासन के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। इस अवसर पर टीम में नायब तहस. ीलदार विनोद कुमार, प्रदीप कुमार व राजस्व निरीक्षक जितेन्द्र गुप्ता व लेखपाल सचिन और धर्मेंद्र मैं थाना अध्यक्ष केवल सिंह पुलिस टीम के साथ उपस्थित रहे।

## मामूली कहासुनी में युवक पर जानलेवा हमला, पुलिस से की कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** कस्बे में मामूली कहा. सुनी के बाद एक युवक पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए खेकड़ा सीएचसी में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

जानकारी के अनुसार, खेकड़ा के मोहल्ला पट्टी औरंगाबाद निवासी निसार पुत्र तैय्यब आज सुबह अपनी स्कूटी से लोनी ट्रॉनिका सिटी कम पर जा रहा था। बताया गया कि जब वह खेकड़ा पब्लिक स्कूल के पास पहुंचा तो सामने से आ रहे ट्रैक्टर चालक से किसी बात को लेकर उसकी कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर ट्रैक्टर चालक मारपीट पर उतारू हो गया, लेकिन मौके पर मौजूद राहगीरों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करा




दिया। आरोप है कि इसके बाद निसार जैसे ही होली चाइल्ड अकैडमी के पास पहुंचा, तभी ट्रैक्टर चालक ने अपने साथियों को फोन कर बुला लिया। कुछ ही देर में तीन से चार युवक लोहे की रॉड, डंडे और नुकीली वस्तुएं लेकर मौके पर पहुंच गए। पीड़ित का आरोप है कि नाम पूछने के बाद हमलावरों ने गाली-गलौज करते हुए उस पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में निसार गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। राहगीरों को अपनी ओर आता देख आरोपी युवक को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

हमलावरों के जाने के बाद घायल ने किसी तरह अपने परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को लेकर कोतवाली खेकड़ा पहुंचे। पुलिस ने घायल की हालत को देखते हुए उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खेकड़ा में भर्ती कराया। कोतवाल खेकड़ा प्रभाकर केंतुरा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# पुल जोगियान व चौक फव्वारा से हटाया अतिक्रमण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम ने आज पुल जोगियान के निकट आधी सड़क कब्जा कर चटाई व सरकण्डे आदि बेचने वालों का अतिक्रमण जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया। कुछ सामान भी जब्त किया गया और आठ अतिक्रमणकारियों से साढे सात हजार रुपये का जुर्माना भी वसूला गया। इसके अलावा ढमोला पुल, चौक फव्वारा तथा लिंक रोड पर भी अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने के बाद पुलिस और प्रशासन के आला अफसरों को भी अवगत कराया गया है तथा



उक्त स्थानों को अतिक्रमण मुक्त रखने के लिए सम्बंधित थानों को पत्र लिखा गया है।

शहर के विभिन्न क्षेत्रों में रास्ता जाम से परेशान लोगों द्वारा नगर निगम में लगातार अतिक्रमण की शिकायत की जा रही थी। इन शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण हटाओं दस्ते ने आज अनेक स्थानों पर जोरदार अभियान चलाया। अभियान चलाने से पहले पांच दिन तक लगातार स्वयं अतिक्रमण हटाने की अपील भी की गयी थी।

आज दोपहर जब निगम का अतिक्रमण हटाओं दस्ता अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा के नेतृत्व में पुल जोगियान पहुंचा तो नदी की पटरी पर आधी सड़क घेर कर बैठे अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। पुल जोगियान से ढमोला पुल की ओर सरकण्डे -चटाई और छाज आदि बनाने वाले लोगों ने आधी सड़क घेर कर अवैध कब्जा कर रखा था जिससे वहां अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती थी। अतिक्रमण हटाओ दस्ते ने जेसीबी की मदद से समस्त अतिक्रमण ध्वस्त कर दिया और दो काउण्टर, दो खोखे, चार मूढे, एक रैक सहित कुछ अन्य सामान जब्त कर लिया। जबकि आठ लोगों पर साढे सात हजार रुपये जुर्माना भी लगाया गया।

चौक फव्वारा पर सेहरे-पगड़ी व कपडे बेचने वालों ने ट्रांसफॉर्मरों को चारों तरफ से घेर कर भारी अतिक्रमण कर रखा था जिससे हर समय वहां जाम की स्थिति बनी रहती थी। ट्रांसफॉर्मरों में स्पार्किंग होने पर यहां किसी भी अनहोनी की आशंका बनी रहती थी।

# भागवत कथा का भावपूर्ण रसपान



**नकुड़।** श्री राधे गोविंद सेवा समिति के तत्वावधान में शिवालय महादेव मंदिर में चल रहे श्रीमद् भागवत ज्ञानामृत सप्ताह के तृतीय दिवस पर श्रद्धालुओं ने भावपूर्ण कथा का रसपान किया।

कथा व्यास आचार्य भगवती प्रसाद शुक्ल ने महारानी सती के आदर्श चरित्र का मार्मिक वर्णन करते हुए भक्ति, त्याग और समर्पण का संदेश दिया, जिसे सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। कथा के दौरान उन्होंने कहा कि भगवान के अनंत अवतार हैं, जिनमें 24 अवतार प्रमुख माने गए हैं। भगवान अपने भक्तों के उद्धार तथा दुष्टों के विनाश के लिए विभिन्न रूपों में अवतरित होते हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ नीरज गोयल सर्राफ ने परिवार सहित विधिवत पूजन एवं हवन-यज्ञ के साथ किया।

# मवाना में ईडी की दो स्थानों पर छापेमारी, मचा हड़कंप

## ऑनलाइन गेमिंग की अवैध कमाई को लेकर हुई ईडी की कार्रवाई, बीए के दो छात्रों के घर घंटों डटी रही टीम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** ऑनलाइन गेमिंग से होने वाली अवैध कमाई को लेकर मिली टिप के आधार पर ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) की टीम ने मवाना क्षेत्र में दो स्थानों पर छापेमारी की। हालांकि छापेमारी के दौरान मीडिया अंदर प्रवेश नहीं कर पाई। सूत्रों की मानें तो कई सौ करोड़ अवैध कमाई की सूचना पर ईडी की कई टीमें सांधन गांव व मवाना नगर में दो युवकों के घर घंटों जमी रही। हालांकि वहां से टीमों को क्या हासिल हुआ, इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। बुधवार तड़के ही ईडी की कई टीमें मवाना पहुंच चुकी थी। एक टीम मवाना के मोहल्ला कोटला में अकेब जैदी व दूसरी टीम सांधन गांव में शुभम नाम के युवक के घर पहुंची। दोनों युवकों की आपस में दोस्ती है। दोनों युवक ही घर पर नहीं मिले और टीम ने उनके घरों में घंटों डटे रहकर छानबीन की। जानकारी मिली कि दोनों युवक ऑनलाइन गेमिंग के कारोबार से जुड़े थे। इस मामले में करोड़ों की अवैध कमाई होने की चर्चा रही, हालांकि दोनों के घरों से क्या बरामदगी हो पाई, इसकी जानकारी ईडी के अधिकारियों ने नहीं दी और न ही उन्होंने मीडियार्मियों से कोई बात की। छापेमारी के दौरान टीम ने घरों को अंदर से लॉक कर दिया और न किसी को बाहर जाने दिया और न ही किसी को अंदर आने दिया। देर शाम तक टीम मवाना में ही जमी रहीं। इस दौरान तरह-तरह की चर्चाएं रहीं।



सांधन गांव में शुभम के घर में मौजूद टीम।



मवाना नगर में अकेब जैदी का घर, जिसके अंदर थी ईडी की टीम।

# 11 वर्षीय बालक से कुकर्म, वीडियो वायरल होने से मचा हड़कंप

■ **दो किशोरों पर गंभीर आरोप, परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने शुरू की कार्रवाई, एक आरोपी हिरासत में**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** मंगलवार देर शाम मेरठ जनपद के किठौर थाना क्षेत्र में मानवता को शर्मसार कर देने वाली एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। क्षेत्र के एक गांव में 11 वर्षीय मासूम बालक के साथ कथित रूप से दो किशोरों द्वारा कुकर्म किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना के बाद आरोपियों द्वारा उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किए जाने की सूचना से पूरे क्षेत्र में आक्रोश और चिंता का माहौल व्याप्त हो गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मासूम बालक को बहला-फुसलाकर सूनसान स्थान पर ले जाया गया, जहां उसके साथ यह घिनौना कृत्य किए जाने का आरोप है। घटना के दौरान आरोपियों ने कथित रूप से वीडियो भी रिकॉर्ड किया। इसके बाद बालक को किसी से घटना का जिक्र न करने की धमकी दी गई। भय और मानसिक दबाव के चलते पीड़ित कुछ समय तक चुप रहा, लेकिन जब वह लगातार तनाव और डर के माहौल में रहने लगा तो उसने अपने परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी।



मासूम की जुबानी दर्दनाक आपबीती सुनते ही परिवार के पैरों तले जमीन खिसक गई। परिजन तत्काल पुलिस के पास पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत जांच शुरू कर दी। सूत्रों के अनुसार घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने की जानकारी मिलने के बाद पुलिस और सक्रिय हो गई है। वायरल वीडियो के स्रोत, उसे प्रसारित करने वाले लोगों और पूरे घटनाक्रम की तकनीकी जांच की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि वीडियो किसने बनाया और किन माध्यमों से उसे साझा किया गया। थाना प्रभारी सुबोध कुमार सक्सेना का कहना है कि पीड़ित परिजनों कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है, पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी किशोर को हिरासत में ले लिया है, जबकि दूसरे आरोपी की तलाश में दबिश दी जा रही है। मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और किसी भी दोषी को बख्शा नही जाएगा।

# फरार आरोपी दबोचे, एससी एसटी कोर्ट ने तीनों को भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ के निर्देशन में अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना परीक्षितगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने थाना क्षेत्र के ग्राम खजूरी निवासी तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

थाना अध्यक्ष सुदीश सिंह सिरोही ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व ग्राम सोना निवासी दीपक ने थाने में तहरीर देते हुए आरोप लगाया था कि उक्त आरोपी गुलाम मोहम्मद पुत्र गुलफाम आवेश पुत्र मेहराज अदनान पुत्र अफरोज निवासी ग्राम खजूरी थाना परीक्षितगढ़ ने उसे पकड़कर गाली गलौज की तथा उसके कपड़े उतरवाए जबरन दुर्व्यवहार किया तथा घटना का वीडियो वायरल करने की धमकी दी। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपियों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी।



पीड़ित की शिकायत के आधार पर थाना परीक्षितगढ़ पुलिस ने संबंधित धाराओं एवं एससी एसटी एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करते हुए मामले को गंभीरता से देखते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को उनके घरों से गिरफ्तार कर लिया।

थानाध्यक्ष सुदीश सिंह सिरोही के नेतृत्व में गिरफ्तारी करते हुए कहा कि मामले की विधिक कार्यवाही जारी है तथा शेष बिंदुओं की भी जांच की जा रही है तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां पर आरोपी पक्ष के अधिवक्ता ने जमानतनामा पेश करते हुए जमानत की गुहार की लेकिन एससी/एसटी कोर्ट के न्यायाधीश अमित वीर सिंह ने जमानत के लिए बहस की अगली तारीख नियत कर तीनों आरोपियों को मामले की गंभीरता के आधार पर जेल भेज दिया।

# गुर्जर समाज ने मृत्यु भोज बंद कर पेश की बड़ी मिसाल

■ **फिजूलखर्ची रोकने का दिया संदेश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** जानी खुर्द क्षेत्र के पुठा गांव में गुर्जर समाज ने एक सराहनीय पहल करते हुए मृत्यु भोज की कुप्रथा को बंद कर समाज के सामने नई मिसाल पेश की है। कुछ दिन पूर्व गांव निवासी ब्रह्मपाल सिंह का निधन हो गया था। बुधवार को उनकी श्रद्धांजलि शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान अखिल भारतीय गुर्जर विकास मंच मेरठ के अध्यक्ष इंजीनियर जगदीश कुमार ने अपने बड़े भाई की तेरहवीं पर होने वाले मृत्यु भोज को न करने का निर्णय लिया। जगदीश कुमार ने कहा कि शोक की घड़ी दिखावे और फिजूलखर्ची का अवसर नहीं, बल्कि संवेदना, संस्कार और चेतना का समय है। समाज को इस तरह की कुरीतियों से बाहर आना होगा।

### मंत्री-विधायक ने की सराहना

शोक सभा में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री सोमेंद्र तोमर और विधायक प्रशांत चौधरी मौजूद रहे। दोनों ने





जगदीश कुमार की इस पहल की खुलकर सराहना की। अतुल प्रधान ने भी कहा कि संगठन द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान गुर्जर समाज के लिए मील का पत्थर साबित होगा। वक्ताओं ने कहा कि संयुक्त गुर्जर परिचय संघ और अखिल भारतीय गुर्जर विकास मंच भविष्य में भी समाज सुधार के कार्य जारी रखेंगे।

**ये रहे मौजूद:** शोक सभा में संयुक्त गुर्जर मुख्य संयोजक भोपाल सिंह गुर्जर, सहसंयोजक वीरेंद्र सिंह गुर्जर, नवाब सिंह चपराना, जितेंद्र सिंह दयालपुर, कर्मवीर सिंह गुमी, दीपक सरन, मोरल देशपाल गुर्जर, ऋषिपाल सिंह, विनोद बसोया, पुष्पेंद्र कसाना, वीरेंद्र प्रधान, सुमित प्रधान, सुशील चोपड़ा, सुधीर बैसला, सचिन गुर्जर, अंकुर सिंह, प्रवीण, प्रवेश सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

## दहेज की मांग का विरोध करने पर बेटे-बहू को घर से निकाला, एसएसपी से लगाई न्याय की गुहार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** दहेज प्रताड़ना का एक मामला सामने आया है, जहां एक विवाहिता ने अपने ससुराल पक्ष पर दहेज मांगने और उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता निशा की शादी करीब छह माह पूर्व बुलंदशहर जिले के स्याना क्षेत्र निवासी युवक से हुई थी। पीड़िता का आरोप है कि विवाह के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा लगातार दहेज की मांग की जा रही थी। जब उसके पति ने अपने परिवार के लोगों द्वारा की जा रही दहेज मांग का विरोध किया तो ससुराल वालों ने दोनों के साथ मारपीट कर उन्हें घर से निकाल दिया। निशा का कहना है कि उसने इस संबंध में स्याना थाने में शिकायत भी दर्ज कराई, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इसके चलते पति-पत्नी को कई दिनों तक घर के बाहर रहने को मजबूर होना पड़ा। बुधवार को पीड़िता अपने पति के साथ मेरठ पहुंची और एसएसपी कार्यालय में शिकायत देकर दहेज मांगने वाले ससुराल पक्ष के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

# कसेरूखेड़ा कट बंद करने के विरोध में फूटा जनाक्रोश, क्षेत्रवासियों ने रुकवाया कार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगानगर।** मवाना रोड स्थित कसेरूखेड़ा संपर्क मार्ग पर डिवाइडर के कट को बंद किए जाने के प्रस्ताव का विरोध लगातार तेज होता जा रहा है। बुधवार को जब मेरठ विकास प्राधिकरण (एमडीए) की टीम दोबारा कट बंद करने के लिए मौके पर पहुंची, तो कांग्रेस सेवा दल के जिला अध्यक्ष विनोद सोनकर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी वहां एकत्र हो गए और विरोध प्रदर्शन करते हुए कार्य रुकवा दिया।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि कट बंद होने से हजारों लोगों को रोजमर्रा की आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। क्षेत्रवासियों ने बताया कि शहर की ओर जाने के लिए अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ेगी। विशेष रूप से बुजुर्गों, महिलाओं, विद्यार्थियों और नौकरीपेशा लोगों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, जो लोग पैदल चलकर ई-रिक्शा, बस अथवा अन्य



सार्वजनिक परिवहन साधन पकड़ते हैं, उन्हें भी अनावश्यक परेशानी झेलनी पड़ेगी। कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष विनोद सोनकर ने कहा कि यह कट क्षेत्र की जीवनरेखा के समान है। इसे बंद करने से स्थानीय लोगों के साथ-साथ आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में भी देरी होगी। गंभीर रोगियों को शहर के अस्पतालों तक पहुंचाने के लिए लंबा चक्कर लगाना पड़ेगा, जिससे उनकी जान को भी खतरा हो सकता है।

क्षेत्रवासियों ने यह भी बताया कि कसेरूखेड़ा क्षेत्र में दशहरा मेला आयोजित होता है, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। इसके अलावा आसपास कब्रिस्तान और श्मशान घाट भी स्थित हैं, जहां दूर-दूर से लोग अंतिम संस्कार और दफन क्रिया के लिए आते हैं। ऐसे में कट बंद होने से सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों पर भी प्रतिकूल असर पड़ेगा। विनोद सोनकर ने बताया कि गुरुवार को एक प्रतिनिधिमंडल मंडलायुक्त मेरठ से मुलाकात करेगा और क्षेत्र की समस्याओं एवं जनभावनाओं से उन्हें अवगत कराएगा। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि जनहित को देखते हुए कट बंद करने के निर्णय पर पुनर्विचार किया जाए। कट बंद किए जाने की सूचना मिलने पर लालकुर्ती थाना प्रभारी भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने क्षेत्रवासियों से वार्ता कर उन्हें शांत कराया और उनकी मांगों को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। इसके बाद लोग शांतिपूर्वक अपने घर लौट गए। हालांकि क्षेत्रवासियों ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

## डीजेटी माइक्रोफाइनेंस ने लॉन्च किया गोल्ड लोन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ/नोएडा।** एनबीएफसी- एमएफआई डीजेटी माइक्रोफाइनेंस ने गोल्ड लोन सुविधा शुरू करने की घोषणा की है। शुरुआत में यह पूरे दिल्ली एनसीआर, उत्तराखंड और पश्चिमी उत्तर प्रदेश और हरियाणा में उपलब्ध होगा। इस लांचिंग पर डीजेटी माइक्रोफाइनेंस के सीओओ अविनाश कुमार ने कहा कि हमारे गोल्ड लोन की पेशकश ग्राहकों के लिए एक तेज, पारदर्शी और सुरक्षित तरीका उपलब्ध कराता है जिससे वे पूर्ण नियामकीय अनुपालन को बनाए रखते हुए अपने सोने की संपत्तियों के बदले नकदी ले सकें। जबरदस्त सुरक्षा प्रणालियों और लचीले पुनर्भुगतान विकल्पों के साथ एक डिजिटल प्रक्रिया मिलाकर हमारा लक्ष्य एक ऐसा विश्वसनीय वित्तीय समाधान उपलब्ध कराना है जो हमारे ग्राहकों की उभरती जरूरतें पूरी करता हो।

## फ्लिपकार्ट पर जीआरडब्लूएम जीआरडब्लूएम फैशन सेल हुई शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** फ्लिपकार्ट ने अपनी लेटेस्ट फैशन सेल जीआरडब्लूएम जीआरडब्लूएम पेश की है, जो भारत के डिजिटल-फर्स्ट ग्राहकों को शॉपिंग का बेहतरीन अनुभव प्रदान करेगी। फ्लिपकार्ट फैशन के वाईस प्रेसिडेंट कपिल थीरानी ने कहा, दिलचस्प भारतीय ट्रेंड गरम गरम के साथ जेन जी के विश्वप्रसिद्ध ट्रेंड जीआरडब्लूएम (गेट रेडी विद मी) से प्रेरित यह कैम्पेन फ्लिपकार्ट फैशन की फ्लैगशिप एंड-ऑफ-सीजन सेल को एक नई ट्रेंड-फर्स्ट पहचान दे रहा है। यह कैम्पेन पारंपरिक क्लीयरेंस सेल से अलग है। इसमें जो नया है, जो ट्रेंड कर रहा है और जो सांस्कृतिक रूप से जुड़ा है, वह पेश किया जा रहा है। यह सेल फ्लिपकार्ट के मार्केटप्लेस सेलर्स और होमग्रोन डी2सी ब्रांड्स के बढ़ते हुए परिवेश के माध्यम से फैशन के लिए अगले 200 मिलियन भारतीयों को ऑनलाईन लाने की फ्लिपकार्ट की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करती है।

# मेरठ विकास प्राधिकरण: 30 साल की सेवा के बाद बेरोजगारी की कगार पर सफाई कर्मचारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ विकास प्राधिकरण की शताब्दीनगर, वेदव्यासपुरी और लोहियानगर योजनाओं में बीते 30 वर्षों से सफाई व्यवस्था संभाल रहे दर्जनों कर्मचारियों के सामने रोजगार का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। इन तीनों आवासीय योजनाओं के नगर निगम को हस्तांतरित होने के बाद से करीब 40-50 सफाई कर्मचारियों की नौकरी पर तलवार लटक गई है। वर्षों तक नालियों, सीवरेज और सड़कों की सफाई करने वाले इन कर्मचारियों को अब अपने परिवार के भरण-पोषण की चिंता सताने लगी है।

### 30 साल की सेवा, फिर भी भविष्य अंधकार में

कर्मचारियों का कहना है कि उन्होंने एमडीए की इन योजनाओं में 1990 के दशक से लगातार काम किया है। शुरुआत में दिहाड़ी पर रखे गए ये कर्मचारी बाद में ठेका प्रथा के




तहत काम करते रहे। अब योजनाएं नगर निगम को सौंपे जाने के बाद एमडीए इन्हें अपना कर्मचारी मानने से इनकार कर रहा है, जबकि नगर निगम नई भर्ती की बात कह रहा है। सफाई कर्मचारी संघ के नेता राजेश ने बताया, तीन दशक तक हमारी सेवा लेने के बाद हमें बेरोजगार करना न केवल अन्यायपूर्ण है, बल्कि मानवीय संवेदनाओं के भी खिलाफ है। हरियाणा, पंजाब और दिल्ली में 25-30 साल से काम कर रहे कर्मचारियों को स्थायी किया जा चुका है। यूपी में भी यही नीति लागू होनी चाहिए।

### पार्षद ने उठाई आवाज, आज होगी अहम वार्ता

वार्ड-31 के पार्षद एवं एमडीए कार्यकारिणी सदस्य किर्ती घोपला ने कर्मचारियों के पक्ष में मोर्चा संभाल लिया है। उन्होंने एमडीए उपाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपकर सभी कर्मचारियों को नगर निगम में समायोजित करने या एमडीए में ही स्थायी करने की मांग की है। आज 3 जून को एमडीए मुख्यालय में उपाध्यक्ष के साथ कर्मचारी प्रतिनिधियों की अहम वार्ता होनी है। इसमें रोजगार सुरक्षा का मुद्दा प्रमुख रहेगा। घोपला ने कहा कि मेरठ शहर की 30 लाख की आबादी पर मानकों के अनुसार 8400 सफाई कर्मचारियों की जरूरत है, जबकि वर्तमान में केवल 2900 कर्मचारी ही कार्यरत हैं। ऐसे में अनुभवी कर्मचारियों को हटाना शहर की सफाई व्यवस्था के लिए भी घातक होगा।

### पहले भी हो चुका है आंदोलन

यह पहला मौका नहीं है जब मेरठ के सफाई कर्मचारी सड़कों पर उतरे हों। पिछले साल 3 जून को तीन माह का वेतन न मिलने पर कर्मचारी हड़ताल पर चले गए थे। बाद में वेतन मिलने पर हड़ताल खत्म हुई थी। अभी हाल में नगर निगम में आउटसोर्सिंग भर्ती में धांधली के आरोपों पर भी कर्मचारी भूख हड़ताल कर चुके हैं। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि आज की वार्ता में सम्मानजनक समाधान नहीं निकला तो 9 जून से अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर शहर की सफाई व्यवस्था ठप कर दी जाएगी।

### निगाहें एमडीए प्रशासन पर

अब सभी की निगाहें एमडीए प्रशासन के फैसले पर टिकी हैं। कर्मचारी चाहते हैं कि उन्हें 20 वर्ष से अधिक सेवा के आधार पर स्थायी किया जाए या नगर निगम में समायोजित किया जाए। एमडीए उपाध्यक्ष का रुख इस मामले में निर्णायक होगा। अगर फैसला कर्मचारियों के हक में नहीं आया तो न सिर्फ दर्जनों परिवार बेरोजगार होंगे, बल्कि शहर में सफाई संकट भी गहरा सकता है।

# तारीख-ए-पैदाइश का ऐसा खेल, खाकी तक पहुंच गया मेल

■ **2008 की मार्कशीट में एक जन्मतिथि, पुलिस भर्ती के समय दूसरी, एसएसपी के आदेश पर दर्ज हुई एफआईआर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** यूपी पुलिस भर्ती प्रक्रिया में फर्जीवाड़े का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। किठौर थाना क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर निवासी एक युवक पर आरोप है कि उसने अपने माता-पिता के साथ मिलकर जन्म प्रमाण पत्र और शैक्षिक अभिलेखों में कथित हेरफेर कर खुद को पात्र दिखाया और उत्तर प्रदेश पुलिस में नौकरी हासिल कर ली। मामले की शिकायत मिलने के बाद एसएसपी मेरठ के निर्देश पर आरोपी पुलिसकर्मी समेत तीन लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि ग्राम फतेहपुर निवासी राहुल शर्मा ने वर्ष 2008 की हाईस्कूल परीक्षा में जिस जन्मतिथि के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की थी, बाद में उसी में बदलाव कर फर्जी दस्तावेज तैयार किए गए। आरोप है कि बदली हुई जन्मतिथि और अन्य कूटरचित अभिलेखों के आधार पर राहुल ने यूपी पुलिस भर्ती प्रक्रिया में हिस्सा लिया और चयनित हो गया। शिकायत कर्ता ने हाईस्कूल, इंटरमीडिएट की अंकतालिकाएं तथा भर्ती संबंधी अभिलेख भी एसएसपी को उपलब्ध कराए हैं। प्रथम




दृष्टया मामला गंभीर पाए जाने पर राहुल, उसके पिता सतीश शर्मा और माता सुमन के खिलाफ धोखाधड़ी, कूटरचना, फर्जी दस्तावेजों के उपयोग और आपराधिक साजिश से संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि आरोपी राहुल शर्मा वर्तमान में उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही के पद पर तैनात है और उसका मूल निवास थाना किठौर क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर में है।

# प्रज्ञानंद ने कार्लसन पर दूसरी जीत के साथ इतिहास रचा

■ भारतीय ग्रैंड मास्टर ने नॉर्वे शतरंज 2026 के आठवें राउंड में दुनिया के नम्बर-1 खिलाड़ी को एक ही टूर्नामेंट में दूसरी बार हराया




**(नॉर्वे), वार्ता।** भारतीय ग्रैंड मास्टर आर- प्रज्ञानंद ने नॉर्वे शतरंज 2026 के आठवें राउंड दुनिया के नम्बर-1 खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को एक ही टूर्नामेंट में दूसरी बार हराकर ऐतिहासिक रिकॉर्ड कायम किया। वह इस प्रतिठित प्रतियोगिता में कार्लसन को दो बार क्लासिकल फॉर्मेट में हराने वाले पहले भारतीय बने हैं।

इसी के साथ टूर्नामेंट में पहले स्थान की दौड़ में नया रोमांच भर दिया है। अलीरेजा फिरोजजा ने विश्व चैंपियन गुकेश डोम्माराजू पर एक महत्वपूर्ण क्लासिकल जीत दर्ज की। सफेद मोहरों से खेलते हुए, फिरोजजा ने आपसी समय के दबाव के बीच एक तनावपूर्ण एंडगेम को कुशलता से संभाला और एक बहुमूल्य जीत हासिल की, जिससे वह टूर्नामेंट के लीडर वेस्ली सो से केवल एक अंक पीछे रह गए। प्रज्ञानंद रमेशबाबू ने एक और ऐतिहासिक परिणाम दिया, जब उन्होंने नॉर्वे शतरंज 2026 में एक बार फिर मैग्नस कार्लसन को हराकर खिताब की दौड़ को और कड़ा कर दिया। 20 वर्षीय खिलाड़ी, जिसने पिछले हफ्ते सफेद मोहरों से खेलते हुए कार्लसन को हराया था, ने राउंड 8 में काले मोहरों से खेलते हुए उसी कारनामे को दोहराया, और इस तरह एक ही टूर्नामेंट में कार्लसन पर दो क्लासिकल जीत दर्ज कीं। इसके साथ ही, प्रज्ञानंद भारत के दिग्गज विश्वनाथन आनंद के बाद कार्लसन को एक ही टूर्नामेंट में दो बार हराने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं, और उन चुनिंदा खिलाड़ियों के समूह में भी शामिल हो गए हैं जिन्होंने पांच बार के विश्व चैंपियन को क्लासिकल शतरंज में तीन बार हराया है। वेस्ली सो और विसेंट कीमर के बीच बचा हुआ क्लासिकल गेम ड्रॉ पर समाप्त हुआ। सो ने बाद में आर्मागेडन जीत हासिल करके अतिरिक्त अंक जुटाए और अंक तालि. का में शीर्ष पर अपनी स्थिति बरकरार रखी। राउंड 8 के बाद, वेस्ली सो 14 अंकों के साथ नॉर्वे शतरंज में सबसे आगे हैं। फिरोजजा 13 अंकों के साथ उनके ठीक पीछे हैं, जबकि प्रज्ञानंद 12 अंकों के साथ दौड़ में मजबूती से बने हुए हैं, जिससे अंतिम राउंड में खिताब की दौड़ बेहद रोमांचक बनी हुई है। महिला वर्ग राउंड 8 में भी दो निर्णायक क्लासिकल परिणाम और एक आर्मागेडन निर्णायक मुकाबला देखने को मिला, जिसमें बिबि. बसारा असाउबाएवा ने अंक तालिका में शीर्ष पर अपनी बढ़त को और मजबूत किया। असाउबाएवा ने दिव्या देशमुख पर एक महत्वपूर्ण क्लासिकल जीत हासिल की। काले मोहरों से खेलते हुए, टूर्नामेंट की लीडर ने दबाव के बावजूद संयम बनाए रखा। और जब दिव्या का समय समाप्त होने लगा, तो उन्होंने खेल को अपने पक्ष में मोड़ते हुए पूरे अंक हासिल किए। झू जिनर ने भी एक बड़ी क्लासिकल जीत हासिल की।

## सिंगापुर को 25-0 से रौंद कर भारतीय टीम अंडर-18 एशिया कप के सेमीफाइनल में

**(जापान), वार्ता।** भारतीय हॉकी टीम ने महिला अंडर-18 एशिया कप 2026 के अपने अंतिम पूल ए मैच में सिंगापुर के खिलाफ आक्रामक प्रदर्शन करते हुए 25-0 से जीत दर्ज की। इस जबरदस्त जीत के साथ भारत ने पूल चरण को सभी मैचों में जीत के रिकॉर्ड के साथ समाप्त किया और सेमीफाइनल की ओर बढ़ते हुए पूल ए में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत ने मुकाबले में शुरु से ही आक्रामक प्रदर्शन किया और आखिरी तक इसे जारी रखा। इस दौरान 10 अलग-अलग खिलाड़ियों ने स्कोरशीट पर अपना नाम दर्ज कराया। इनमें सबसे आगे नौशीन नाज रहीं, जिन्होंने सात गोल (8', 13', 17', 18', 40', 52', 58') किए। गीतश्री नामी, जिन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया, ने पांच गोल (13', 28', 47', 48', 60') किए, जबकि कप्तान स्वीटी कुजूर ने चार गोल (2', 24', 38', 45') का योगदान दिया। प्रियंका मिज ने भी हैट्रिक (22', 37', 53') बनाई, जबकि दिया (27'), नैन्सी सरोहा (36'), श्रुति कुमारी (40'), पुपा मांझी (47'), रश्मीन कौर (47') और संदीप कुमारी (51') ने इस बड़ी जीत को पूरा किया। भारत ने शुरू से ही अपने इरादे साफ कर दिए थे, जब कप्तान स्वीटी ने मैच के दूसरे ही मिनट में पहला गोल दाग दिया। नौशीन ने आठवें मिनट में बढ़त को दोग. ुना कर दिया।

## युवा अपनी दिनचर्या में साइकिल उपयोग करे: मांडविया

**नई दिल्ली, वार्ता।** केन्द्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने बुधवार को विश्व साइकिल दिवस पर देश के युवाओं से अपनी जीवनशैली और दिनचर्या में साइकिल उपयोग करने का आह्वान किया। डॉ मांडविया ने आज सोशल मीडिया मंच एक्स पर विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष में साझा किए विडियो में कहा कि देश की युवा शक्ति से अपील कि वे साइकिल को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। उन्होंने कहा कि यह केवल एक कसरत या एक दिन का शौक नहीं, बल्कि सशक्त और स्वस्थ जीवन शैली की पहचान है। साइकिल हमें फिट रखती है, शरीर को ऊर्जावान बनाती है और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर रखती है। उन्होंने कहा, साइकिल को दिनचर्या का जीवन का हिस्सा बनाने से प्रदूण कम होगा।

# महिला टी-20 विश्व कप से पहले भारत इंग्लैंड से सीरीज हारा

■ निर्णायक मैच भारत ने छह विकेट से गंवाया, इंग्लैंड ने 4-2 से सीरीज अपने नाम की




**टांटन, वार्ता।** टांटन में इंग्लैंड के खिलाफ महिला टी 20 सीरीज का तीसरा और निर्णायक मैच भारत ने छह विकेट से गंवा दिया। एक मजबूत स्थिति में होने के बावजूद भारत ने यह मैच गंवाया, जिसके साथ ही इंग्लैंड ने महिला टी 20 विश्व कप से पहले 2.1 से सीरीज अपने नाम कर ली। कप्तान हरमनप्रीत कौर के नाबाद अर्धशतक के बावजूद, दुनिया की तीसरे नम्बर की टीम भारत का 180/5 का स्कोर, दूसरे नम्बर की टीम इंग्लैंड के खिलाफ इस हाई-प्रेशर मुक. ाबले में जीत के लिए काफी साबित नहीं हुआ।

इंग्लैंड की ओर से लॉरेन बेल सबसे सफल गेंदबाज रहीं, जिन्होंने 36 रन देकर 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए, इंग्लैंड की टीम 38/3 के स्कोर पर मुश्किल में थी, लेकिन एलिस कैप्सी (43 गेंदों में 82 रन) और हीथर नाइट (42 गेंदों में 70 रन, नाबाद) के बीच 76 गेंदों में हुई 137 रनों की साझेदारी की बदौलत मेजबान टीम ने 18-3 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ओर से सिर्फ दो गेंदबाज ही विकेट लेने में कामयाब रहीं - अरुंधति रेड्डी (31 रन देकर 2 विकेट) और क्रांति गौड़ (40 रन देकर 2 विकेट)। सीरीज के शुरुआती दो मैचों में दोनों टीमों ने एक-एक मैच जीता था, जिसके बाद यह निर्णायक मैच खेला गया। चेम्सफोर्ड में खेला गया पहला टी20 भारत ने जीता था, जबकि ब्रिस्टल में खेले गए दूसरे मैच में इंग्लैंड ने वापसी करते हुए जीत हासिल की थी। टॉस हारने के बाद इंग्लैंड ने भारत को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। शुरुआती झटकों से उबरते हुए भारत के मध्यक्रम के बल्लेबाजों ने टीम को संभाला, जिसके बाद हरमनप्रीत कौर ने 40 गेंदों में नाबाद 56 रनों की संयमित पारी खेलकर टीम की पारी को मजबूती दी। शेफाली वर्मा पारी की शुरुआत में ही लिन्जी स्मिथ का शिकार बन गईं,

जबकि चौथे ओवर में चार्ली डीन ने स्मृति मंधाना को पगबाधा आउट कर दिया। यास्तिका भाटिया ने 18 गेंदों में 32 रन बनाकर पावरप्ले का स्कोर 57/2 तक पहुंचाया, जिसके बाद वह अगले ही ओवर में रन आउट हो गईं। जेमिमा रोड्रिग्स (19 गेंदों में 29 रन) ने हरमनप्रीत कौर के साथ मिलकर 40 रनों की साझेदारी की, जिसके बाद लॉरेन बेल ने उन्हें आउट कर दिया। 11वें ओवर में 100/4 के स्कोर पर भारत की लय बिगड़ने का खतरा मंडरा रहा था, लेकिन हरमनप्रीत और दीप्ति शर्मा ने पारी को संभाला और पांचवें विकेट के लिए 67 रन जोड़े( इसमें दीप्ति ने 24 गेंदों में 32 रनों का योगदान दिया। दीप्ति 19वें ओवर में आउट हो गईं, लेकिन हरमनप्रीत अंत तक नाबाद रहीं और भारत को 180/5 के स्कोर तक पहुंचाने में मदद की। गेंदबाजी में भी भारत की शुरुआत शानदार रही।

क्रांति गौड़ ने डैनी व्याट-हॉज और एमी जोन्स को आउट किया, जबकि अरुंधति रेड्डी ने सोफिया डंकले का विकेट लिया। इसके चलते छठे ओवर में ही इंग्लैंड का स्कोर 38/3 हो गया और वह मुश्किल में पड़ गई। हालांकि, एलिस कैप्सी और हीथर नाइट ने जवाबी हमला बोलते हुए भारत के हाथों से लक्ष्य का पीछा करने का नियंत्रण छीन लिया। कैप्सी ने 27 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया और कुल 43 गेंदों में 82 रनों की तूफानी पारी खेली, जिसमें नौ चौके और तीन छक्के शामिल थे। दूसरी छोर पर हीथर नाइट ने भी उसी आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 42 गेंदों में नाबाद 70 रन बनाए, जिसमें 10 बाउंड्री शामिल थीं। इस जोड़ी ने चौथे विकेट के लिए 137 रन जोड़े और यह सुनिश्चित किया कि इंग्लैंड की लय दोबारा न बिगड़े, भले ही भारत ने गेंदबाजी के लिए छह अलग-अलग विकल्प आजमाए हों। आखिरकार 18वें ओवर में कैप्सी आउट हो गईं।

## खेल विशेष

### कीन यू इंडोनेशिया ओपन के पहले ही दौर में हुए रिटायर

**जकार्ता, वार्ता।** सिंगापुर के पेशेवर बैडमिंटन खिलाड़ी लोह कीन यू का इंडोनेशिया ओपन 2026 का सफर पहले ही राउंड में खत्म हो गया। उन्होंने हांगकांग के एनजी का लॉन्ग एंगस के खिलाफ दूसरे गेम के बाद मैच छोड़ दिया। मंगलवार को खेले गए मुकाबले में लोह ने पहला सेट 21-14 से जीता, लेकिन अगला गेम 16-21 से हार गए, मैच छोड़ने से पहले वे एक बार भी बढ़त नहीं बना पाए। सिंगापुर के इस खिलाड़ी को एनजी ने पहले खेले गए पांच मैचों में कभी नहीं हराया था। पुरुष वर्ग में, दूसरी वरीयता प्राप्त कुनलावुत विटिडसर्न ने भी पहले गेम में ही टोमा जूनियर पोपोव के खिलाफ मैच छोड़ दिया। थाईलैंड के इस स्टार खिलाड़ी ने केवल छह पॉइंट तक ही मैच खेला।

### रवि ब्रदर्स सीसी ने दिल्ली ब्लूज सी.सी. को 19 रन से हराया

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रतिठित 51वें अखिल भारतीय गोस्वामी गणेश दत्त मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट (पंजीकृत) के पूल डी मुकाबले में रवि ब्रदर्स क्रिकेट क्लब ने दिल्ली ब्लूज क्रिकेट क्लब को 19 रन से हराकर शानदार जीत दर्ज की। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला करने वाली दिल्ली ब्लूज सी-सी- के सामने रवि ब्रदर्स सी-सी- ने 18-3 ओवर में 150 रन बनाकर अपनी पूरी टीम गंवा दी। रवि ब्रदर्स की ओर से मयंक गुसाईं ने 19 गेंदों पर महत्वपूर्ण 26 रन बनाए, जबकि शौर्यवीर सिंह ने 27 रन और विवेक जिदर ने 20 रन का योगदान दिया। दिल्ली ब्लूज की ओर से रोहित यादव ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 3-3 ओवर में 20 रन देकर 4 विकेट हासिल किए।

### एलिस की शानदार गेंदबाजी से ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को दुसरे ओडीआई में हराया

**लाहौर, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने वनडे सीरीज में शानदार वापसी की, नाथन एलिस के चार विकेटों की बदौलत टीम सीरीज बराबर करने में कामयाब रही। लाहौर की पिच धीमी और नीची थी, जिस पर ऑस्ट्रेलिया को बल्लेबाजी में संघर्ष करना पड़ा, लेकिन गेंदबा. जी में टीम ने कमाल दिखाते हुए 41 रनों की शानदार जीत हासिल की। बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत बेहद खराब रही, जब एलेक्स कैरी पहली ही गेंद पर आउट हो गए। यह इस पिच के मिजाज का संकेत था, शाहीन अफरीदी की गेंद थोड़ी रुककर आई और कैरी उसे ठीक से खेल नहीं पाए, गेंद उनके बल्ले का अंदरूनी किनारा लेकर सीधे स्टंप्स से जा टकराई। जोश इंग्लिस ने कुछ चौके लगाकर दबाव कम करने की कोशिश की, लेकिन अबरार अहमद के आने से पासा पलट गया, मैथ्यू शॉर्ट ने उनकी गेंद को हल्के हाथ से खेलकर वापस गेंदबाज की तरफ ही मार दिया और आउट हो गए। मार्नस लाबुशेन का 'स्लॉग स्वीप' खेलने का प्रयास सफल नहीं रहा।

# टी-20 विश्व कप में शेफाली व मेरी भूमिका बेहद अहम होगी: स्मृति मंधना

■ मंधाना और शेफाली ने तीन मैचों में क्रमश: 19, 27 और शून्य की ओपनिग साझेदारियां की




**टॉन्टन, वार्ता।** भारतीय महिला टीम की उपकप्तान स्मृति मांधना का मानना है कि मौजूदा सीरीज में इंग्लैंड के खिलाफ बड़ी साझेदारी न करने के बावजूद वह और उनकी सलामी जोड़ीदार शेफाली वर्मा आगामी टी-20 विश्व कप की शुरुआत में अपनी टीम को अच्छी लय दे पाएंगे। मंधाना और शेफाली ने तीन मैचों में क्रमश: 19, 27 और शून्य की ओपनिग साझेदारियां कीं। इसके बावजूद मंधाना का मानना है कि विश्व कप में भारत की सफलता के लिए दोनों की भूमिका बेहद अहम होगी। पिछले साल नवम्बर में घरेलू जमीन पर वनडे विश्व कप जीतने के बाद अब भारत की नजर टी-20 विश्व कप ट्रॉफी पर है। तीसरे टी-20 में छह विकेट से हार के बाद मांधना ने कहा कि मेरे और शेफाली के लिए अच्छी बात यह है कि हम गेंद को अच्छी तरह टाइम कर रहे हैं, लेकिन दुर्भाग्य से हम टीम के लिए बड़ी पारियां नहीं खेल पाए। हम दोनों नेट्स में वापस जाएंगे, कड़ी मेहनत करेंगे और एक सलामी जोड़ी के तौर पर पहले से अधिक मजबूत होकर लौटने की कोशिश करेंगे। हम दोनों हमेशा टीम को अच्छी शुरुआत देने और लय बनाए रखने पर गर्व करते हैं, लेकिन इस सीरीज में ऐसा नहीं कर पाए। हम इससे सीखेंगे और आगे बेहतर करने की कोशिश करेंगे। विश्व कप से पहले इंग्लैंड आकर यहां सीरीज खेलना तैयारी के लिहाज से निश्चित रूप से फायदेमंद है। मंगलवार को खेले गए निर्णायक मुकाबले में कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 40 गेंदों पर नाबाद 56 रन बनाए, जिसकी बदौलत भारत ने पांच विकेट के नुकसान पर 180 रन बनाए। हालांकि यह स्कोर भी इंग्लैंड को रोकने के लिए काफी नहीं रहा। हरमनप्रीत की पारी पर मंधाना ने कहा कि उन्होंने आज शानदार बल्लेबाजी की। जब हरमन अपने सर्वश्रेठ फॉर्म में होती हैं तो उन्हें बल्लेबाजी करते देखना शानदार अनुभव होता है। उन्होंने मैदान के हर हिस्से में रन बनाए और दबाव की स्थिति में बेहद अहम पारी खेली। मुझे लगता है कि हमारी पूरी बल्लेबाजी इकाई अच्छी लय में है। विश्व कप से पहले यह अच्छे संकेत हैं। जेमी (जेमिमाह रोड्रिग्स), हरमन और शो सभी बल्लेबाज शानदार लय में दिख रही हैं।

# भारत की स्टार खिलाड़ी सतघरे और टीनएज टैलेंट जाधव चमकीं

**मुंबई, वार्ता।** पहली नुवामा प्राइवेट टी-20 मुंबई महिला लीग में अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए, भारत की स्टार खिलाड़ी सायली सतघरे ने बुधवार को एक बार फिर टीम की अगुवाई की। उन्होंने ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए बेहतरीन खेल दिखाया, जबकि 14 साल की टीनएज सनसनी स्वरा जाधव ने गेंद से कमाल किया जिसकी बदौलत सोबो मुंबई फालकन्स ने आकाश टाइगर्स मुंबई वेस्टर्न सबअर्ब्स को सात विकेट से हराकर टूर्नामेंट में अपनी लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

आगे बढ़कर नेतृत्व करते हुए, सतघरे ने गेंद से शानदार स्पेल डाला। उन्होंने चार विकेट लिए और पहले ही ओवर में विकेट लेकर टाइगर्स पर तुरंत दबाव बना दिया। फाल्कन्स के अनुशासित गेंदबाजी आक्रमण के साथ मिलकर काम करते हुए, उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि विरोधी टीम कभी भी लय हासिल न कर पाए। इसके बाद, टीनएज लेफ्ट-आर्म स्पिनर जाधव (3/19) ने तीन विकेट लेकर टाइगर्स की मुश्किलें और बढ़ा दीं। उन्होंने मध्यक्रम को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया और विरोधी टीम को मैच में वापसी करने का कोई मौका नहीं दिया। पहले बल्लेबाजी करने का फैसला करने के बाद, आकाश टाइगर्स को फाल्कन्स के लगातार और कड़े आक्रमण के सामने अपनी पूरी पारी के दौरान संघर्ष करना पड़ा। सानिका चालके ने सर्वाधिक 21 रन बनाए, लेकिन उन्हें बाकी बल्लेबाजों से बहुत कम सहयोग मिला, जिसके चलते नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे। कोई बड़ी साझेदारी बनाने या जरूरत पड़ने पर रन गति बढ़ाने में असमर्थ रहने के कारण, टाइगर्स 20 ओवरों में केवल 113/9 का मामूली स्कोर ही बना पाई। जवाब में, फाल्कन्स ने निराशाजनक शुरुआत से जल्दी ही उबर लिया।

सिमरन शेख (23) और इम्पैक्ट सब्स्टीट्यूट सारिका कोली (33 नाबाद) ने पारी को संभाला, जिसके बाद कप्तान सतघरे (30 नाबाद) ने लक्ष्य का पीछा करने की कमान अपने हाथों में ले ली। पूरे आत्मविश्वास के साथ बल्लेबाजी करते हुए, उन्होंने कोली के साथ मिलकर 64 रनों की अटूट साझेदारी की, जिससे टीम को जीत हासिल करने में कोई और बाधा न आए। कप्तान पूरी तरह से नियंत्रण में दिखीं, उन्होंने तीन चौके लगाए और फाल्कन्स को आसानी से जीत की राह दिखाई, तथा 25 गेंदें शो रहते ही लक्ष्य हासिल कर लिया। इससे पहले, मंगलवार को पुरुों की प्रतियोगिता में, सोबो मुंबई फालकन्स को शिवम दुबे की टीम एआरसीएस अंधेरी के हाथों पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। फील्डिग चुनने के बाद, दुबे ने तीन विकेट लेकर टीम को आगे से लीड किया।

# चीनी ताइपे को 13-1 से हराकर भारत पुरुष अंडर-18 एशिया कप के सेमीफाइनल में

**काकामिगाहारा, जापान, वार्ता।** भारतीय पुरु हॉकी टीम ने बुधवार को चीनी ताइपे को पूल ए के आखिरी लीग मैच में 13-1 से हराकर अंडर-18 एशिया कप के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। भारत ने कजाकिस्तान, कोरिया और चीनी ताइपे के खिलाफ जीत के साथ अपने पूल के मुकाबले खत्म किए, जबकि मेजबान जापान से उसे हार का सामना करना पड़ा।

इन चार मैचों से टीम को कुल नौ अंक मिले। चीनी ताइपे के खिलाफ टीम की आक्रामक क्षमता पूरी तरह से देखने को मिली, जिसमें आशीा तानी पूर्ति अपनी हैट्रिक (27', 35', 42') के साथ सबसे बेहतरीन खिलाड़ी बनकर उभरे। वहीं, गाजी खान (40', 44'), सिद्धार्थ बेन (30', 52') और राहुल यादव (20', 54') ने दो-दो गोल किए। इसके अलावा, करण गौतम (7'), प्रेमचंद सोय (11'), कप्तान केतन कुशवाहा (13') और वरिदर सिंह (50') ने भी गोल करने में अपना योगदान दिया। भारत ने शुरू से ही अपने इरादे साफ कर दिए थे और अपने तेज-तर्रार खेल से मैच की गति को अपने नियंत्रण में रखा, जिससे चीनी ताइपे की रक्षापंक्ति लगातार मुश्किल में रही।

सातवें मिनट में करण ने भारत के पहले पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर मैच का पहला गोल किया और गतिरोध तोड़ा। इसके बाद प्रेमचंद (11') ने एक फील्ड गोल करके बढ़त को दोग. ुना कर दिया, जबकि कप्तान कुशवाहा (13') ने जल्द ही तीसरा गोल करके पहले क्वार्टर के अंत तक अपनी टीम को पूरी तरह से मैच पर हावी कर दिया। भारत ने दूसरे क्वार्टर में भी अपना दबदबा बनाए रखा। यादव (20') ने चौथा गोल किया, जिसके बाद पूर्ति (27') ने एक पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर स्कोर 5-0 कर दिया। सि(र्थ (30') ने हाफ-टाइम से ठीक पहले एक और फील्ड गोल करके भारत के लिए दूसरे क्वार्टर को बेहद शानदार तरीके से समाप्त किया। हालांकि, योंग-ज्यून झांग (30') ने चीनी ताइपे के लिए एक गोल करके वापसी की( उन्होंने हॉर्न बजने से ठीक पहले एक पेनल्टी कॉर्नर से गोल करके हाफ-टाइम तक स्कोर 6-1 कर दिया। हाफ-टाइम के बाद भारत ने उसी जोश के साथ खेल फिर से शुरू किया। पूर्ति ने 35वें मिनट में एक और सेट-पीस से अपना दूसरा गोल किया, जिससे स्कोर 7-1 हो गया। फिर खान (40') ने भी अपना कमाल दिखाया और एक पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत की बढ़त को और बढ़ा दिया।

# भारत सीरीज न्यूजीलैंड के जोरदार घरेलू समर का मुख्य आकर्षण

■ न्यूजीलैंड पांच बड़े सेंटर्स पर भारत की मेजबानी करेगा

**आकलैंड, वार्ता।** भारत अक्टूबर-दिसम्बर में न्यूजीलैंड के दौरे पर जाएगा, जहां वह एक मल्टी-फॉर्मेट सीरीज खेलेगा। यह न्यूजीलैंड क्रिकेट के 2026/27 के व्यस्त घरेलू समर का प्रमुख आर्काण होगा।

न्यूजीलैंड पांच बड़े सेंटर्स पर भारत की मेजबानी करेगा, जिसमें पांच टी 20, पांच वनडे और दो टेस्ट मैच शामिल होंगे। न्यूघीलैंड क्रिकेट के अनुसार, मैचों (12) की संख्या के लिहाज से यह न्यूजीलैंड के इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा इन-बाउंड दौरा है। दो टेस्ट मैच वेलिंगटन के सेलो बेसिन रिजर्व और क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल में खेले जाएंगे। ए टेस्ट मैच 22 अक्टूबर से शुरू होने वाले व्हाइट-बॉल दौरे के ठीक बाद खेले जाने हैं। भारत ने 2019/20 के दौरे के बाद से टेस्ट मैच खेलने के लिए न्यूजीलैंड का दौरा नहीं किया है, हालांकि इस बीच न्यूजीलैंड दो बार भारत के दौरे पर आ चुका है। इनमें 2024/25 का दौरा भी शामिल है, जिसमें न्यूजीलैंड ने भारत को टेस्ट सीरीज में 3-0 से हराकर एक ऐतिहा. सिक क्लीन स्वीप किया था। भारत के साथ होने वाली वनडे सीरीज से न्यूजीलैंड के फैन्स को विराट कोहली और रोहित शर्मा को वनडे फॉर्मेट में खेलते हुए देखने का मौका मिल सकता है। यह एकमात्र ऐसा फॉर्मेट है जिससे इन दोनों महान व्हाइट-बॉल खिलाड़ियों ने अभी तक संन्यास नहीं लिया है। अगले साल होने वाले वनडे वर्ल्ड कप को देखते हुए, ए पांच वनडे मैच टूर्नामेंट की तैयारी के लिए एक बेहतरीन मौका साबित होंगे। सबसे छोटे फॉर्मेट (टी-20) की बात करें तो, दोनों टीमें आखिरी बार इसी साल टी 20 वर्ल्ड कप के फाइनल में आमने-सामने आई थीं। उससे पहले, साल की शुरुआत में न्यूजीलैंड ने भारत का दौरा किया था, जहां उसने आठ व्हाइट-बॉल मैच खेले थे। हालांकि न्यूजीलैंड ने वनडे सीरीज 2-1 से जीत ली थी, लेकिन टी 20 सीरीज में उसे भारत के हाथों 4.1 से करारी हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद न्यूजीलैंड की मेजबानी जारी रहेगी, जिसमें महिला टीम बांग्लादेश के खिलाफ तीन टी20 और उतने ही वनडे मैच खेलेगी। पहली आईसीसी महिला टी 20 चैंपियंस ट्रॉफी को फरवरी में रीशेड्यूल किए जाने के कारण, फरवरी-मार्च में न्यूजीलैंड महिला टीम का ऑस्ट्रेलिया दौरा नहीं होगा। इसके बजाय, दौरे को रीशेड्यूल किया जाएगा। इसके बाद पुरु टीम चार टेस्ट मैचों के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी, और फिर घर लौटकर श्रीलंका की मेजबानी करते हुए एक और पूरी सीरीज खेलेगी। उस सीरीज की शुरुआत तीन वनडे मैचों से होगी, जिसके बाद जनवरी 2027 में तीन टी 20 मैच खेले जाएंगे। व्हाइट-बॉल मैचों का दौर खत्म होने के बाद, दोनों टीमें दो टेस्ट मैच खेलेंगी, जिसके साथ ही न्यूजीलैंड का घरेलू समर सीजन खत्म हो जाएगा।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# इच्छाशक्ति का अभाव

इसे विडम्बना ही कहा जा सकता है कि बड़े हादसों के बावजूद सबक न लेने की परिपाटी जड़ पकड़ रही है। राजनीतिक इच्छाशक्ति का अभाव भी इस परिपाटी को खत्म करने की बजाए बल दे रहा है। देश के तमिलनाडु, गुजरात, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, असम और महाराष्ट्र राज्यों में अवैध शराब के सेवन से सामूहिक मौत की कई घटनाएं हो चुकी हैं। साल 2015 की मालवणी घटना के बाद, जिसमें 100 से ज्यादा लोग मारे गये थे, व्यवस्थागत सुधार के आधिकारिक वादे किये गये जो कभी पूरी तरह अमल में नहीं आये दृ न तो वहां न ही कहीं और। पिछले हफ्ते पुणे-पिंपरी-चिंचवाड़ त्रासदी सामने आयी, जिसमें एक दर्जन से ज्यादा पीड़ित गरीब मोहल्लों में रहने वाले कामगार तबके के लोग हैं। प्रारंभिक जांच में कामचलाऊ से कहीं बेहतर सप्लाई चेन का पता चला है। औद्योगिक ग्रेड का मेथनाल (वह जहर जो ज्यादातर कच्ची शराब त्रासदियों के लिए जिम्मेदार होता है) राज्य के बाहर से लाया गया और तगड़ी देशी शराब बनाने के लिए उसे एथनाल में मिलाया गया। लाइसेंसी अल्कोहल की मांग को भारी राज्य करों का सामना करना पड़ता है, जिससे निम्न-आय वाले लोग अवैध शराब की ओर मुड़ते हैं। दूसरी तरफ, औद्योगिक मेथनाल मिलाने से नगण्य इनपुट लागत पर बैच की मात्रा काफी बढ़ जाती है, जिससे नफे में जबरदस्त अंतर आ जाता है। हालांकि, जांच से गुजर रहे कुछ लोगों ने पूछताछ के दौरान यह भी कहा है कि अपने ग्राहकों' को जहर देना नियमित विक्रेताओं के हित में नहीं है। फिर भी, ऐसी गति. विधियां अमूमन अर्ध-दृश्यमान स्थानीय अर्थव्यवस्थाएं होती हैं जो गोपनीयता से ज्यादा प्रशासकीय सहिष्णुता के बूते चलती हैं और इसलिए पुलिस व स्थानीय अधिकारियों की मिलीभगत के आरोपों की जांच जरूर होनी चाहिए। अधिकांश जानलेवा घटनाओं के बाद शुरुआती कानून प्रवर्तन में केवल खुदरा विक्रेताओं को गिरफ्तार किया जाता है, कच्चे माल के आपूर्तिकर्ताओं और कथित सरगनाओं के मामले में जांच अक्सर असमान नतीजों वाली या अनिर्णायक साबित हुई है। वास्तव में, इन त्रासदियों की पुनरावृत्ति इसलिए होती है कि तबाही के कारक बार-बार साथ आ पाने में सक्षम होते हैं। फैक्ट्रियों से निकलने के बाद मेथनाल के इस्तेमाल पर नजर रखने की कोशिशों में एक बड़ी नियामकीय चूक यह है कि कितनी आसानी से इसे चुराकर अवैध शराब के लिए भेज दिया जाता है। ज्यादातर पीड़ित दिहाड़ी मजदूर होते हैं और विद्वानों का तर्क है कि शारीरिक श्रम से पैदा थकान सस्ती राहत की मांग पैदा करती है, जो जहरीले पदार्थों के प्रति सतर्कता पर भारी पड़ती है। इसमें आर्थिक अनिश्चितता और लत भी भूमिका निभाती हैं। चूंकि पीड़ित अक्सर हाशिए के समुदायों के होते हैं, इस चक्र को तोड़ने की खातिर जरूरी सुधारों (जिसमें मेथनाल का बेहतर हिसाब रखना और वहनीय अल्कोहल विकल्प शामिल हैं) को लागू करने के लिए लगातार-बरकरार राजनीतिक इच्छाशक्ति का अक्सर अभाव होता है।

## आत्मसम्मान से समझौता नहीं करते आदिवासी



जनजातियों के समग्र विकास और सरकार की योजनाएं उन तक सुचारु रूप से पहुंचाने के लिए अधिकारियों को उनके पास जाकर उनकी समस्याओं को समझना होगा, अधिकारी गांव-गांव जाकर आदिवासियों से मिलें और उनके साथ घुल- मिलकर उनकी समस्याओं को समझें, तभी वे वास्तविकताओं से अवगत हो सकेंगे, इसके बाद ही आदिवासियों के समग्र विकास की योजनाएं शासन स्तर पर बनाई जा सकेंगी, आदिवासी खुलकर अपनी दिक्कतें और समस्याओं लोगों से बताते नहीं हैं, उनके साथ घुल-मिलकर ही उनकी दुश्वारियां समझी जा सकती हैं आदिवासी बहुत आत्मसम्मान से जीते हैं, उनके पास धन नहीं होगा, उनके पास खाने को कुछ नहीं होगा, लेकिन वे आत्मसम्मान से समझौता नहीं करेंगे।

-द्रौपदी मुर्मु, राष्ट्रपति

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों, वरिष्ठ स्तंभकारों और लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, यहां प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क**

**( सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003 )**

# दरगाह बघरा है एकता की प्रतीक

## चार दिन तक चलने वाली मजलिसों में शामिल होंगे लाखों जायरीन

**यहां देखने पर तेज गर्मी के मौसम में कड़ी भूमि पर घोड़े की टाप के निशानात कापफी गहरे दिखाई दिए, जिसमें से अद्भुत चमत्कारी खुशबू आ रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुता. बिक उन्होंने ऐसी अद्भुत सुगंध कभी महसूस नहीं की। कई घंटे के प्रयासों के बाद असगर होश में आया, उसने घटित हुए वाकिए को विस्तार से बताया। बाद में विद्वानों ने तय पाया कि जहां हजरत अली के बेटे हजरत अब्बास प्रकट हुए थे, मौजूद निशानात उन्हीं के घोड़े के टापों के निशानों को सुरक्षित करे दिया गया। साथ ही हजरत अब्बास के नाम से यहां रोजा बना दिया।**



**दरगाह आलिया बाबुल हवायज से मन्नत मांगने के बाद मन्नत पूरी होने पर वार्षिक कार्यक्रमों में सभी धर्म के लोग अपनी-अपनी चादरें चढ़ाते व तबरुक बांटते देखे जा सकते हैं, मजलिस कार्यक्रम के साथ यहां के आल इंडिया मुशायरे में पूरे देश के शायर शिरकत करते हैं, इस भव्य दरगाह की देखरेख एक रजिस्टर्ड कमेटी अंजुमन-ए-आरफी करती है।**

प्रत्येक वर्ग के लोगों को एक कड़ी के रूप में पिरोकर धार्मिक सौहार्द्र व भाईचारा बनाने में जितनी अहम भूमिका विभिन्न स्थानों पर स्थित दरगाह व मजार निभा रहे हैं। उससे देश-विदेश में एक मिसाल कायम हो रही है। ऐसे स्थानों पर जहां हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई आदि धर्मों के लोगों का संगम देखा जा सकता है।

यहां जिला मुख्यालय में 12 किलोमीटर दूर शामली मार्ग, बघरा में स्थित दरगाह आलिया हजरत अब्बास बाबुल हवायज बघरा किसी परिचय की मोहताज नहीं है। धार्मिक सौहार्द्र के प्रतीक के रूप में मशहूर इस स्थान पर विभिन्न समुदाय के लोग मन्नत-मुरादें मांगने के लिए पहुंचते हैं। शिया समुदाय के विश्व प्रसिद्ध धर्मस्थल के रूप में प्रसिद्ध दरगाह में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली सालाना मजलिसों में देश-विदेश में लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती है। मुगल बादशाह हुमायूं के शासनकाल में राजा भगीरथ द्वारा बसाई गई यह बस्ती बघरा के नाम से जानी जाती है। यहां बस स्टेंड पर स्थित दरगाह के बारे में मान्यता है कि शिया समुदाय के बहुचर्चित मौलाना फरजंद अली के इराक स्थित करबला में मुहम्मद स0 अ0 के नवासे इमाम हुसैन की कब्र से पवित्र मिट्टी लाकर बघरा स्थित इस बाग में दफन की थी, जहां फिल्हाल यह दरगाह स्थित है। इसी बाग में पहले से ही ताजिए दफन किए जाते थे।

दरगाह की उत्पत्ति भी एक विचित्र ढंग से हुई, यहां का इतिहास बड़ा रोचक है। 13 अप्रैल 1963 की शाम लगभग पांच बजे निकटवर्ती गांव सैदपुरा का असगर त्यागी नाम का युवक खेतों में पशु चरा रहा था, तभी एक नकाबपोश घुड़सवार की ओर कोई ध्यान नहीं दिया। इसी बीच घुड़सवार नकाबपोश की ठोकर असगर के मुंह पर लगी, जिससे असगर 40 कदम दूरी पर जा गिरा व बेहोश हो गया। यह खबर बघरा व सैदपुरा गांव में आग की तरह फैल गई। आसपास के गांवों में सैंकड़ों लोग वहां पहुंचे, जहां असगर बेहोश पड़ा था। यहां देखने पर तेज गर्मी के मौसम में कड़ी भूमि पर घोड़े की टाप के निशानात काफी गहरे दिखाई दिए, जिसमें से अद्भुत चमत्कारी खुशबू आ रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक उन्होंने ऐसी अद्भुत सुगंध कभी महसूस नहीं की। कई घंटे के प्रयासों के बाद असगर होश में आया, उसने घटित हुए वाकिए को विस्तार से बताया। बाद में विद्वानों ने तय पाया कि जहां हजरत अली के बेटे हजरत अब्बास प्रकट हुए थे, मौजूद निशानात उन्हीं के घोड़े के टापों के निशानों को सुरक्षित करे दिया गया। साथ ही हजरत अब्बास के नाम से यहां रोजा बना दिया। धीरे-धीरे इस छोटे से रोजे ने अब विशाल दरगाह का रूप धारण कर लिया है। देश-विदेश से प्रतिवर्ष लाखों जायरीन यहां पहुंचते हैं और मन मांगी मुराद पाते हैं। दरगाह की प्रमुख खासियत यहां प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली चार दिवसीय सालाना इस्लाही मजलिस कार्यक्रम है। जिसमें देश-विदेश से लाखों की संख्या में जायरीन शिरकत करते हैं। मजलिसों में इस्लाम का ज्ञान रखने वाले बुद्धिजीवी करबला की घटनाओं का सजीव वर्णन करते हैं। प्रतिवर्ष करबला का साक्षात दृश्य दिखाने के लिए मैदान भी दर्शाया गया है। दरगाह पर जियारत के लिए आने वाली हस्तियों का जमावड़ा भी यदाकदा देखा जा सकता है। यहां पर काफी समय पहले केन्द्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी, स्व. फूलन देवी, सोनिया गांधी के पुत्र व कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी सहित अनेक हस्तियों ने यहां पहुंचकर मन्नत मांगी और मन्नत कबूल हुई। दरगाह आलिया बाबुल हवायज से मन्नत मांगने के बाद मन्नत पूरी होने पर वार्षिक कार्यक्रमों में सभी धर्म के लोग अपनी-अपनी चादरें चढ़ाते व तबरुक (प्रसाद) वितरण करते देखे जा सकते हैं। यहां चार दिवसीय मजलिसें 4 जून से शुरू होकर 5, 6 व 7 जून 2026 तक चलेंगी। जिसमें देशभर से आए हुए नामवर उलेमायदीन तकरीर करेंगे। यहां जायरीनों के लिए कमेटी की ओर से सभी इंतजाम पूरे कर लिए गए हैं।



जिया अब्बास ज़ैदी
वरिष्ठ पत्रकार

मोबाइल नंबर-9837776610,
ई-मेल- ziaabbaszaidist@gmail.com

# बढ़ती गर्मी से कीटों पर बढ़ता जा रहा संकट

**अगर उनकी संख्या घटती है, तो इसका असर पूरे पारिस्थितिकी तंत्र पर पड़ सकता है। शोधकर्ता कहते हैं कि यह पूरी तरह स्पष्ट नहीं है कि उष्णकटिबंधीय कीट बदलते मौसम के साथ कैसे तालमेल बिठाएंगे, लेकिन अध्ययन दर्शाता है कि दुनिया के सबसे गर्म इलाकों में तापमान में थोड़ी-सी बढ़ोतरी भी कई कीट प्रजातियों की सहनशीलता को परास्त कर सकती है।**

उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों के गर्म और निचले स्थानों में रहने वाले कीट अत्यधिक गर्मी में भी जीवित रहने की क्षमता के लिए जाने जाते हैं। लेकिन एक बड़े अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन से पता चला है कि इनमें से कई कीट पहले ही अपनी सहनशक्ति के तापमान की सीमा के करीब रह रहे हैं। ऐसे में अगर पृथ्वी का तापमान और बढ़ता है, तो इन प्रजातियों के लिए बड़ा खतरा पैदा हो सकता है। नेचर पत्रिका में प्रकाशित इस शोध में यह देखा गया कि अलग-अलग कीट प्रजातियां गर्मी पर किस तरह प्रतिक्रिया देती हैं ताकि यह समझा जा सके कि जलवायु परिवर्तन उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में कीटों की विविधता को कैसे प्रभावित कर सकता है।

गौरतलब है कि स्तनधारियों के विपरीत, कीट अपने शरीर का तापमान खुद नियंत्रित नहीं कर सकते। उनके शरीर का तापमान लगभग पूरी तरह आसपास के वातावरण पर निर्भर करता है। इसलिए अधिक गर्मी से बचने के लिए वे छांव में चले जाना, मिट्टी में दुबक जाना या ठंडक के समय में ही सक्रिय रहना जैसे तरीके अपनाते हैं। उनके शरीर में कुछ खास प्रकार के प्रोटीन भी बनते हैं, जो अधिक तापमान से कोशिकाओं को नुकसान से बचाने में मदद करते हैं। इन्हें 'हीट शॉक प्रोटीन' कहा जाता है, लेकिन इस सुरक्षा की भी एक सीमा है। जब तापमान एक हद से ऊपर चला जाता है, तो कीट हिलना-डुलना बंद कर देते हैं और अंततरू मर जाते हैं। कीटों की अधिकतम ऊष्मा-सहनशीलता सीमा को समझने के लिए वैज्ञानिकों ने लगभग 2300 प्रजातियों पर एक बड़ा फील्ड अध्ययन किया। यह काम पर्यावरण वैज्ञानिक किम ली होल्जमैन के शोध से शुरू हुआ था। उन्होंने पेरू के एंडीज पर्वत क्षेत्र में अलग-अलग ऊंचाइयों से कई मौसमों के दौरान कीट इकठा किए। हर कीट को एक छोटी ट्यूब में रखकर धीरे-धीरे बढ़ती गर्मी के संपर्क में लाया गया। वैज्ञानिक यह देखते रहे कि किस तापमान पर कीट हिलना-डुलना बंद कर देता है, क्योंकि यही उसकी गर्मी सहने की अधिकतम सीमा मानी जाती है। बाद में इसी तरह का प्रयोग केन्या के एक अन्य उष्णकटिबंधीय पर्वतीय क्षेत्र में भी किया गया। अध्ययन से पता चला कि गर्म और निचले इलाकों में रहने वाले कीट आम तौर पर ठंडे और ऊंचे इलाकों के कीटों की तुलना में ज्यादा तापमान सहन कर सकते हैं। लेकिन इसके साथ एक बड़ी समस्या भी है। निचले इलाकों का वातावरण पहले ही उस अधिकतम तापमान के बहुत निकट है, जिसे वहां रहने वाले कीट सह सकते हैं। इसलिए अगर तापमान थोड़ा भी बढ़ता है, तो वे जल्दी ही अपनी सहनशीलता की सीमा पार कर सकते हैं। अध्ययन में यह भी पाया गया कि अलग-अलग कीट समूहों की गर्मी सहने की क्षमता अलग होती है। उदाहरण के लिए, मक्खियां सबसे ज्यादा संवेदनशील हैं और औसतन लगभग 39 डिग्री सेल्सियस पर ही उनकी गति. विधि रुकने लगती है। भृंग (बीटल) थोड़े मजबूत होते हैं और करीब 41 डिग्री सेल्सियस तक गर्मी सह सकते हैं। मधुमक्खियां और अन्य कॉलोनी बनाकर रहने वाले कीट इससे थोड़ी अधिक गर्मी झेल सकते हैं। टिड्डे और उनसे मिलती-जुलती प्रजातियां सबसे ज्यादा सहनशील पाई गई, जो लगभग 44 डिग्री सेल्सियस तक का तापमान सह सकती हैं। इन समूहों के अंतर को समझने के लिए वैज्ञानिकों ने सैकड़ों कीट प्रजातियों के जेनेटिक डैटा का अध्ययन किया। कंप्यूटर मॉडल की मदद से उन्होंने देखा कि कीटों के शरीर में मौजूद हीट शॉक प्रोटीन की संरचना किस तापमान पर बिखरने लगती है। नतीजे प्रयोगों से मिले परिणामों से मेल खाते थेय जिन प्रजातियों के प्रोटीन अधिक स्थिर थे, वे अधिक गर्मी सहन कर पाए। इससे संकेत मिलता है कि गर्मी सहने की यह सीमा कीटों की जैविक बनावट से जुड़ी है और जैविक बनावट सहस्राब्दियों में बदलती है, अर्थात इन कीट प्रजातियों की स्थिति कमोबेश स्थिर रहेगी। यह अध्ययन चिंताजनक है। जलवायु मॉडल बताते हैं कि इस सदी के अंत तक उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों का तापमान इतना बढ़ सकता है कि लगभग आधी कीट आबादियां कुछ घंटों तक भविष्य की गर्मी झेलने के बाद बेहोशी जैसी स्थिति में पहुंच सकती हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि इतनी चरम स्थिति आने से पहले ही कीटों की संख्या घटने लग सकती है, क्योंकि लंबे समय तक गर्मी का दबाव उनके जीवित रहने और प्रजनन की क्षमता को कम कर देता है। कीट पर्यावरण में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। परागण, जैविक कचरे का विघटन करके वे खाद्य संजाल का एक जरूरी हिस्सा होते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पत्रकारिमा में गिरती रैंकिंग

**पिछले दिनों गोदी मीडिया से जुड़े एक प्रसिद्ध टी वी चैनल की एक प्रसिद्ध महिला ऐंकर अंजना ओम कश्यप ने एक लाइव शो के दौरान हुई एक अभद्र टिप्पणी करते हुए यूट्यूब टीचर्स और ऑनलाइन एजुकेटर्स पर निशाना साधा। उन्होंने यूट्यूब टीचर्स के लिए दो कौड़ी के, लुटेरे, छिछले यूट्यूबर और भाड़े के वीडियो जैसे अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया। अपनी बकवास में उन्होंने कहा कि यूट्यूब स्टार टीचर्स को दो कौड़ी का ज्ञान भी नहीं होता। उन्होंने कहा कि मोटिवेशन के नाम पर यह शिक्षक केवल व्यूज और कमाई के लिए कंटेंट बनाते हैं। कम जानकारी के कारण ऐसे टीचर्स छात्रों को गुमराह कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ भ्रामक हेडलाइंस लिखकर व्यूज बटोरते हैं। इस गैर जिम्मेदाराना व अपमानजनक टिप्पणी के बाद देश के अनेकानेक प्रसिद्ध यूट्यूबर्स खासकर शिक्षकों, ऑनलाइन एजुकेटर्स व उनके छात्रों व समर्थकों का गुस्सा इस महिला ऐंकर फूट पड़ा। सोशल मीडिया पर उसकी जबरदस्त ट्रोलिंग हुई।**



निर्मल रानी

पेरिस-आधारित अंतर्राष्ट्रीय संगठन रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स द्वारा वार्षिक रूप से जारी किए जाने वाले विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक के अनुसार यदि भारतीय पत्रकारिता की रैंकिंग पर नजर डालें तो 2026 में यह 180 देशों में 157 वें स्थान पर है। पिछले वर्ष से यह रैंकिंग 62 अंक नीचे गिरी है। यह स्थिति विश्व में भारतीय पत्रकारिता की बहुत गंभीर श्रेणी की तरफ इशारा करती है, जबकि नॉर्वे, एस्तोनिया व नीदरलैंड्स जैसे देशों के नाम इस सूची में शीर्ष पर हैं। चिंता की बात तो यह है कि पड़ोसी देशों नेपाल,मालदीव व लंका जैसे देशों की स्थिति भी भारत से बेहतर है। गोया भारत में प्रेस स्वतंत्रता इस समय संकट के दौर से गुजर रही है जिसकी वजह सत्ता का नियंत्रण,राजनीतिक दबाव, अप्रत्यक्ष डिजिटल निगरानी,विज्ञापन की लालच, मीडिया घरानों पर सत्ता से जुड़े लोगों का नियंत्रण व पत्रकारों के साथ होने वाली हिंसा व अन्याय प्रमुख कारण हैं। यही वजह है कि भारतीय मीडिया गोदी मीडिया के नाम से भी प्रचलित हो गया है। हालांकि सत्ता की चाटुकारिता के इसी दौर में पूर्व में गोदी मीडिया से जुड़े रहे अनेक ईमानदार पत्रकार अपने निजी यू-ट्यूब चैनल चलाकर भारतीय मीडिया की साख बचाने की कोशिश जरूर कर रहे हैं।

अफसोस की बात तो यह है कि जनता द्वारा गोदी पत्रकार,चरण चुंबक पत्रकार, दलाल जैसी उपाधियों से नवाजे जाने व सोशल मीडिया पर आम जनता की लानते सुनने के बाद भी यह गोदी पत्रकार ईमानदारी से पत्रकारिता का दायित्व निभाने के बजाए अपने बेतुके बोल, सत्ता के प्रति अपनी वफादारी व अज्ञानता पूर्ण बातों के चलते आम लोगों की नफरत का पर्याय बनते जा रहे हैं। यही वजह है कि शो पीस रूपी इन ऐंकर्स व इनके टीवी चैनल्स की लोकप्रियता व इनके दर्शकों की संख्या जहां दिन प्रतिदिन गिरती जा रही है वहीं यू ट्यूब चैनल्स व सोशल मीडिया से जुड़े ईमानदार पत्रकारों के दर्शकों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। पिछले दिनों गोदी मीडिया से जुड़े एक प्रसिद्ध टी वी चैनल की एक प्रसिद्ध महिला ऐंकर अंजना ओम कश्यप ने एक लाइव शो के दौरान हुई एक अभद्र टिप्पणी करते हुए यूट्यूब टीचर्स और ऑनलाइन एजुकेटर्स पर निशाना साधा। उन्होंने यूट्यूब टीचर्स के लिए दो कौड़ी के, फ्रॉड, लुटेरे, छिछले यूट्यूबर और भाड़े के वीडियो जैसे अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया। अपनी बकवास में उन्होंने कहा कि यूट्यूब स्टार टीचर्स को दो कौड़ी का ज्ञान भी नहीं होता। उन्होंने कहा कि मोटिवेशन के नाम पर यह शिक्षक केवल व्यूज और कमाई के लिए कंटेंट बनाते हैं। कम जानकारी के कारण ऐसे टीचर्स छात्रों को गुमराह कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ए सिर्फ भ्रामक हेडलाइंस लिखकर व्यूज बटोरते हैं।

इस गैर जिम्मेदाराना व अपमानजनक टिप्पणी के बाद देश के अनेकानेक प्रसिद्ध यू ट्यूबर्स खासकर शिक्षकों, ऑनलाइन एजुकेटर्स व उनके छात्रों व समर्थकों का गुस्सा इस महिला ऐंकर फूट पड़ा। सोशल मीडिया पर उसकी जबरदस्त ट्रोलिंग हुई। देश विदेश से लोगों ने वीडियो बनाकर उस महिला एंकर के इस बेह. ूदा बयान की निंदा की तथा उन्हें पत्रकारिता के दायित्व व कर्तव्य बताते हुए आइना दिखाना शुरू कर दिया। कुछ ने तो यहां तक कह दिया कि वे जिन शिक्षकों के बारे में यह कह रही है कि उन्हें दो कौड़ी का ज्ञान भी नहीं होता तो दरअसल उन जैसी पत्रकारों को फूटी कौड़ी का भी ज्ञान नहीं है, अन्यथा आज के सूचना व संचार के आधुनिक दौर में जब पूरे विश्व में ज्ञान का माध्यम यू ट्यूब व एआई ही है, उस माध्यम पर ऐसी घटिया टिप्पणी नहीं की गई होती। वास्तव में शिक्षक पूरी मेहनत से बच्चों को पढ़ाते हैं और बेरोजगारी, परीक्षा प्रणाली, महंगाई व पेपर लीक जैसे मुद्दों को उठाते हैं जबकि इन शिक्षकों को अपमा. नित करने वाला गोदी मीडिया वास्तविक मुद्दों को उठाकर पत्रकारिता का दायित्व निभाने के बजाए सत्ता की चापलूसी करने में व्यस्त रहता है।

इसी तरह पिछले दिनों उत्तराखंड के कोटद्वार के दीपक कुमार उर्फ मोहम्मद दीपक के जिम पर आर्थिक संकट आ गया, क्योंकि हिंदूवादी संगठनों के विरोध के बाद उनके जिम से अनेक लोगों ने अपने संबंध तोड़ लिए। इसी विषय को लेकर अजित अंजुम व अशोक कुमार पांडेय जैसे जिम्मेदार पत्रकार व प्रसिद्ध यू ट्यूबर्स ने दीपक की आर्थिक सहायता की अपील की। परिणाम स्वरूप देशभर के अमन पसंद लोगों ने दीपक की इतनी सहायता कर दी कि उनका संकट कई वर्षों के लिए टल गया। इस अपील पर तमाम नए लोगों ने जिम की सदस्यता भी लेकर दीपक की आर्थिक मदद की। परन्तु अमन चोपड़ा नमक इसी गोदी मीडिया के एक बदनाम शुदा एंकर ने इस खबर को नकारात्मक रूप में पेश करते हुए अपनी ओछी व घटिया टिप्पणी में दीपक की आर्थिक तंगी का मजाक उड़ाते हुए और उसपर तंज कसते हुए कहा कि सेक्युलरिज्म का वजन नहीं उठा पाए पहलवान दीपक ओ सॉरी, मोहम्मद दीपक। उसने यह भी कहा कि नाम के आगे मोहम्मद लगाने से भी उनके विचार को फ्लॉप कर दिया गया। मोहम्मद दीपक के लिए, कोई मोहम्मद उस तरह से खड़ा नहीं हुआ। इस नफरती ऐंकर ने आर्थिक संकट के समय दीपक का मजाक उड़ाया जबकि दीपक ने कोटद्वार घटना के समय धर्म नहीं बल्कि केवल इंसानियत दिखाई थी। बहरहाल भारतीयता के पैरोकार देश भर के हजारों शांतिप्रिय लोगों ने दीपक की अनअपेक्षित सहायता कर नफरती चिंटुओं के मुंह पर तमाचा जड़ दिया।

दरअसल यह उन्हीं कथित पत्रकारों का गिरोह है जिसने 2025 में ऑपरेशन सिंदूर के समय जब एक गोदी चैनल पाकिस्तान के 5 शहर तबाह होने का दावा कर रहा था तो दूसरे चैनल ने कहा था कि 25 शहर तबाह हो गए। यह वही एंकर्स हैं जो स्टूडियो में बंदरों की तरह उछलते हैं और अभद्र शब्दावली का प्रयोग यहां तक कि लड़ाई व मारपीट को भी प्रोत्साहित करते रहते हैं। यह कथित पत्रकार धर्म-जाति के आधार पर समाज बांटने वाली बातें करते हैं तथा 2000 की नोट में चिप लगी होने का भ्रामक दावा कर भारतीय करेंसी को भी बदनाम करते हैं। ऐसे अनेक लोग कभी किसी अपराध में जेल जा चुके हैं तो कभी अपने भ्रामक बयानों के लिए मुआफी मांग चुके हैं। अपना भ्रामक व गुमराह करने वाले ट्वीट डिलीट करने में भी इन्हें महारत हासिल है। अदालती फटकार भी इन्हें आए दिन सुनने को मिलती रहती है। सत्ता की खुशामद कर समाज में नफरत फैलाकर केवल धन कमाने वाले ऐसे लोगों को पत्रकार नहीं बल्कि पत्थरकार कहना ज्यादा मुनासिब होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस में टूट होने के बाद मीडिया के सवालों का जवाब देती पूर्व सीएम ममता बनर्जी।

# मौत के 4 महीने बाद सुपुर्द-ए-खाक होंगे खामेनेई

## जनाजे में शामिल हो सकते हैं 2 करोड़ लोग, अमेरिका-इजरायल के हमले में उनकी मौत हुई थी

**तेहरान।** ईरान के सुप्रीम लीडर रहे अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के लगभग चार महीने बाद उन्हें दफनाया जाएगा। खामेनेई को उनकी अंतिम इच्छा के मुताबिक मशहद शहर में शिया इस्लाम के चर्चित इमाम रजा के पवित्र दरगाह परिसर के पास दफनाया जाएगा। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स (आईआरजीसी) के मुताबिक खामेनेई को 21 जून के आसपास आखिरी विदाई दी जा सकती है।

28 फरवरी को तेहरान में उनके आवास पर हुए अमेरिका-इजराइल के हमले में उनकी मौत हो गई थी। उनका राजकीय अंतिम संस्कार पहले 4 मार्च को होने वाला था, लेकिन युद्ध की वजह से इसे टाल दिया गया था। अधिकारियों को उम्मीद है कि तेहरान, कुम और मशहद में होने वाले अंतिम संस्कार कार्यक्रमों में करीब 2 करोड़ लोग शामिल हो सकते हैं। लोगों को अंतिम दर्शन और श्रद्धांजलि देने के लिए पूरे तीन दिन निर्धारित किए गए हैं। ईरान के तेहरान में, पूर्व सुप्रीम लीड अयातुल्ला अली खामेनेई के



■ खामेनेई का मुख्य अंतिम संस्कार समारोह तेहरान में होगा, जो कम से कम 24 घंटे तक चलने की उम्मीद है

कार्यालय के पास उनकी कुर्सी और एक तस्वीर प्रदर्शित की गई है। खामेनेई का मुख्य अंतिम संस्कार समारोह तेहरान में होगा, जो कम से कम 24 घंटे तक चलने की उम्मीद है। इसके बाद पार्थिव शरीर को धार्मिक शहर कुम ले जाया जाएगा और फिर मशहद पहुंचाया जाएगा, जहां इमाम रजा के दरगाह परिसर में दफनाया जाएगा। तेहरान नगर निगम के एक अधिकारी ने बताया कि दफन से पहले खामेनेई के पार्थिव शरीर को कुम और मशहद की सड़कों पर अंतिम यात्रा के रूप में ले जाया जाएगा। यह जानकारी आईआरजीसी के एक बयान में दी गई, अगर खामेनेई के जनाजे में वास्तव में 2 करोड़ लोग पहुंचते हैं, तो यह इस्लामिक गणराज्य के संस्थापक अयातुल्ला रुहोल्लाह खोमैनी के 1989 वाले रिकार्ड से कहीं बड़ा आयोजन होगा। 1989 में अयातुल्ला रुहोल्लाह खोमैनी के जनाजे में करीब 1 करोड़ (10 मिलियन) लोग शामिल हुए थे। यह उस समय ईरान की कुल आबादी का लगभग छठा हिस्सा था। इस कार्यक्रम को आज भी दुनिया के सबसे बड़े जनाजों में गिना जाता है। इतनी भारी भीड़ उमड़ी थी कि भगदड़ मच गई थी, जिसमें कम से कम 8 लोगों की मौत हो गई थी और हजारों लोग घायल हुए थे। इस बार अधिकारी इससे भी बड़ी भीड़ को संभालने और किसी हादसे से बचने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन युद्ध के प्रभाव से उबर रहे देश में इतना बड़ा आयोजन कराना बड़ी चुनौती माना जा रहा है। अयातुल्ला अली खामेनेई की अंतिम संस्कार में हुई देरी इस्लामी परंपरा के लिहाज से असामान्य मानी जा रही है। आमतौर पर इस्लाम में किसी व्यक्ति को मौत के एक-दो दिन के भीतर दफना दिया जाता है। हालांकि ईरानी अधिकारियों के मुताबिक, भारी भीड़ की उम्मीद और युद्ध के हालात के कारण अंतिम संस्कार में देरी हुई। तेहरान नगर निगम में सामाजिक और सांस्कृतिक मामलों के उपप्रमुख मोहम्मद अली तवक्कोलीजादेह ने अंतिम संस्कार की तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने सरकारी टेलीविजन से कहा कि खामेनेई के लिए तीन दिन का सार्वजनिक जनाजा आयोजित किया जाएगा। अधिकारी ने यह नहीं बताया कि जनाजा कब होगा, लेकिन कहा कि यह इस्लामी कैलेंडर के पहले महीने मुहर्रम की शुरुआत में हो सकता है, जो 21 जून के आसपास में पड़ता है।

## कुवैत हवाई अड्डे पर ड्रोन हमला, एक भारतीय नागरिक की मौत

**कुवैत।** कुवैत हवाई अड्डे पर हुए एक भीषण हमले में एक भारतीय नागरिक की जान चली गई है। कुवैत में स्थित भारतीय दूतावास ने इस दुखद घटना की पुष्टि की है। दूतावास ने भारतीय नागरिक की मौत पर गहरा दुख जताया है। दूतावास के अधिकारी पीड़ित परिवार के साथ लगातार संपर्क में बने हुए हैं। वे परिवार को हर मुमकिन सहायता और सहयोग देने के लिए कुवैत के अधिकारियों के साथ तालमेल बिठा रहे हैं। इस हमले में जो लोग घायल हुए हैं, दूतावास उन्हें भी पूरी मदद पहुंचाने का काम कर रहा है।

# ईरान के केशम द्वीप पर अमेरिका ने बोला हमला

## ईरान ने भी खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को बनाया निशाना

**वाशिंगटन।** अमेरिका की सेना ने होर्मुज स्ट्रेट में समुद्री नाकेबंदी का उल्लंघन करने वाले एक तेल टैंकर को रो. कने के कुछ ही घंटे बाद, मंगलवार रात को ईरान के रणनीतिक केशम द्वीप पर बने एक सैन्य नियंत्रण केंद्र पर हमला कर दिया। इसके जवाब में ईरान ने खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोनों से पलटवार किया।

इस दौरान कुवैत के अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भी हमला हुआ, जिससे वहां भारी नुकसान हुआ है और कई लोग घायल हुए हैं। केशम द्वीप पर हमले से पहले अमेरिकी सेना ने बोत्सवाना के झंडे वाले 'एम/टी लेक्सी' नाम के एक सुपरटैंकर को अपने हेलफायर मिसाइल से पंगु बना दिया था। अमेरिका का दावा है कि इस टैंकर ने नाकेबंदी के नियमों को मानने से बार-बार इन्कार कर दिया था।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) के मुताबिक, यह खाली जहाज ईरान के खार्ग द्वीप की ओर जा रहा था और उसने 24 घंटे के भीतर कई बार सैन्य निर्देशों को मानने से इनकार किया था। इसके बाद एक अमेरिकी विमान ने जहाज के इंजन रूम पर हेलफायर मिसाइल दागकर उसे आगे बढ़ने से रोक दिया। सेंटकॉम ने कहा कि एक अमेरिकी विमान ने आखिरकार जहाज के इंजन रूम पर हेलफायर मिसा. इल दागकर उसे निष्क्रिय कर दिया, जिससे वह ईरान नहीं पहुंच सका। अमे. रिकी सेना के अनुसार, 13 अप्रैल को नाकेबंदी लागू होने के बाद से रोका गया यह छठा जहाज है, लेकिन अरब खाड़ी के भीतर किसी जहाज पर हमले का यह पहला मामला है। ईरान ने भी इस पर बहुत तेजी से पलटवार किया। उसने कुवैत और बहरीन की तरफ बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, जहां अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। सेंटकॉम ने बताया कि कुवैत की ओर दागी गई, दो मिसाइलें या तो रास्ते में ही गिर गईं या हवा में नष्ट हो गईं, जबकि बहरीन को निशाना बनाकर दागी गई तीन मिसाइलों को अमेरिका और बहरीन के एयर-डिफेंस सिस्टम ने हवा में ही मार गिराया। ईरान की 'इस्लामिक रिवोल्यूशन. री गार्ड कॉर्प्स' ने इस इलाके में कई हथियारबंद ड्रोन भी भेजे। सेंटकॉम का हालांकि दावा है कि आम जहाजों को नुकसान पहुंचाने से पहले ही तीन ड्रोनों को नष्ट कर दिया गया। बाद में कुवैत ने पुष्टि की कि ईरान के ड्रोनों ने उसके अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हमला किया है, जिससे हवाई अड्डे की इमारत को काफी नुकसान पहुंचा है और कई लोग घायल हुए हैं। इस हमले के बाद बुधवार सुबह से वहां विमानों की आवाजाही रोक दी गई है। प्रशासन ने हालांकि अभी तक घायल होने वाले लोगों की सही संख्या या उनकी हालत के बारे में जानकारी नहीं दी है। न्यूज चैनल 'अल जजीरा' के अनुसार, कुवैत के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल सऊद अब्दुलअजीज अल-ओतैबी ने हमले की कड़ी निंदा की और इसे 'ईरान की आपराधिक हरकत' करार दिया। दूसरी तरफ, ईरान की आईआरजीसी ने अपनी इस कार्रवाई को सही ठहराते हुए अमेरिका को आगे तनाव न बढ़ाने की चेतावनी दी और एक बयान में कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा से खिलवाड़ करने की अमेरिकी सेना को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। यह तनाव ऐसे समय में बढ़ा है, जब इस महीनों पुराने विवाद को सुलझाने की राजनयिक कोशिशें पूरी तरह नाकाम होती दिख रही हैं। कुछ दिन पहले ही अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा था कि ईरान 'वाकई एक समझौता करना चाहता है, जो अमेरिका के हक में होगा।' लेकिन सप्ताहांत में हुई बातचीत तब टूट गई, जब अमेरिका ने यूरेनियम संवर्धन और ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर नई शर्तें सामने रख दीं। ईरान ने इन प्रस्तावों को सिरे से खारिज करते हुए अमेरिका पर बातचीत के दौरान अपना स्टैंड बदलने का आरोप लगाया है। ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका लगातार अपना रुख बदल रहा है और नई एवं विरोधाभासी मांगें सामने रख रहा है।



■ अमेरिकी सेना ने होर्मुज स्ट्रेट में समुद्री नाकेबंदी का खुलकर किया उल्लंघन

### अमेरिका-ईरान के बीच शांति समझौता टूटने की आशंका प्रबल

**दोहा।** अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे शांति समझौते की टूटने की आशंका जताई जा रही है। कतर में जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मेहरान कामरावा ने बताया कि फारस की खाड़ी में तनाव और सैन्य टकराव किसी भी पल फिर से शुरू हो सकता है। उन्होंने कहा कि ईरान की परिसंपत्तियों पर लगी रोक और ईरान के खिलाफ प्रतिबंधों को हटाने का प्रश्न अब भी बातचीत में प्रमुख गतिरोध बना हुआ है। उन्होंने कहा कि हालांकि समझौते पर मोटेतौर पर रूपरेखा पर सहमति बन गई है लेकिन अमे. रिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प लगातार नए संशोधन करने की प्रयास कर रहे हैं, जिसे ईरान भरोसे के लायक नहीं मानता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि ईरान चाहता है कि अमेरिका उसके खिलाफ लगे प्रतिबंधों को हटा ले, जबकि ट्रम्प का कहना है कि प्रतिबंधों में राहत ष्ईरान के बर्ताव' के आधार पर दी जानी चाहिए। राष्ट्रपति ट्रम्प इस बात पर भी अड़े हैं कि समझौते के तहत ईरान की जब्त की गई राशि जारी नहीं की जाएगी, भले ही मसौदा समझौते में इन संपत्तियों का आधा हिस्सा जारी करने का प्रावधान है। समझौते के स्वरूप को लेकर भी दोनों पक्षों के बीच मतभेद बरकरार हैं। प्रो. कमरावा बताते हैं, ईरानियों और अमेरिकियों की इस बात को लेकर बिल्कुल अलग-अलग धारणाएं हैं कि किसी समझौते का स्वरूप कैसा होना चाहिए।

# खलीलुर रहमान संयुक्त राष्ट्र महासभा के अगले अध्यक्ष निर्वाचित

■ बंगलादेश के विदेश मंत्री ने कड़े मुकाबले में साइप्रस के एंड्रियास काकौरिस को पराजित किया

**संयुक्त राष्ट्र।** बंगलादेश के विदेश मंत्री खलीलुर रहमान संयुक्त राष्ट्र महासभा के 81वें सत्र के अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। उन्होंने कड़े मुकाबले में साइप्रस के एंड्रियास काकौरिस को परा. जित किया। गुप्त मतदान के जरिए हुए चुनाव में खलीलुर रहमान को 99 मत मिले, जबकि काकौरिस को 91 मत प्राप्त हुए। कुल 190 मत डाले गए और कोई भी मत अमान्य या अनुपस्थित नहीं रहा।

संयुक्त राष्ट्र महासभा की अध्यक्षता पांच क्षेत्रीय समूहों के बीच क्रमवार बदलती है और 81वां सत्र एशिया-प्रशांत समूह के हिस्से में आया है। वह आठ सितम्बर से एक वर्ष का कार्यकाल संभालेंगे। उनका कार्यकाल ऐसे समय शुरू होगा, जब संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस का कार्यकाल 31 दिसम्बर 2026 को समाप्त हो रहा है और उनके उत्तरा. धिकारी के चयन की प्रक्रिया शुरू होगी। खलीलुर रहमान को कूटनीति और बहुपक्षीय संस्थाओं में चार दशक से अधिक का अनुभव है। वह फरवरी से बंगलादेश के विदेश मंत्री हैं। इससे पहले वह राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहक. ार और रोहिंग्या मुद्दे पर उच्च प्रतिनिधि के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। चुनाव के बाद महासभा को संबोधित करते हुए खलीलुर रहमान ने कहा कि वह विनम्रता और जिम्मेदारी की भावना के साथ यह दायित्व स्वीकार कर रहे हैं, ऐसे समय में जब अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था और संयुक्त राष्ट्र पर भरोसा कई मोर्चों पर चुनौती का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र अपने नौवें दशक में ऐसे समय प्रवेश कर रहा है जब संगठन की क्षमता और विश्वसनीयता पर सवाल उठ रहे हैं। विभिन्न चुनौतियां लोगों के विश्वास को कमजोर कर रही हैं। वर्तमान महासभा अध्यक्ष एनेलेना बेयरबॉक ने चुनाव के बाद कहा कि संयुक्त राष्ट्र इस समय अत्यंत कठिन दौर से गुजर रहा है।

# भारत नेपाल के साथ मिलकर काम करने को उत्सुकः मोदी

■ नेपाल की सत्तारूढ़ राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के अध्यक्ष रवि लामिछाने ने राजधानी दिल्ली में मोदी से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत नेपाल के नए नेतृत्व के साथ मिलकर दोनों देशों के बीच लंबे समय से चली आ रही साझेदारी को और मजबूत बनाने की दिशा में काम करने को लेकर उत्सुक है। नेपाल की सत्तारूढ़ राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के अध्यक्ष रवि लामिछाने ने बुधवार को यहां मोदी से मुलाकात की। बातचीत के बाद मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में इसकी जानकारी दी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नेपाल की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष रवि लामिछाने से मिलकर मुझे बहुत खुशी हुई। एक साझा और समृद्ध भविष्य के लिए मिलकर काम करने की उनकी इच्छा का मैं स्वागत करता हूं और पूरी तरह से इसका समर्थन करता हूं। नेपाल को भारत की ओर से दी जाने वाली अहमियत को दोहराते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि नेपाल हमारी 'पड़ोसी पहले' नीति के तहत एक प्राथमिकता वाला भागीदार है और हम वहां की नई सरकार के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं, ताकि हमारे दोनों देशों के बीच विशेष और बहुआयामी संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाया जा सके। इससे पहले लामिछाने ने मंगलवार को केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की थी। गौरतलब है कि लामिछाने के नेतृत्व में नेपाल का एक प्रतिनिधिमंडल पांच दिवसीय दौरे पर भारत आया हुआ है। दोनों नेताओं के बीच यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब भारत और नेपाल आपसी सम्पर्क, ऊर्जा, व्यापार, बुनियादी ढांचे और लोगों के बीच आपसी मेलजोल जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं।

# इजरायल में बन रहे गृहयुद्ध जैसे हालात

### अनिवार्य सैन्य भर्ती के विरोध में हिंसक प्रदर्शनकारियों ने रेल यातायात बाधित कर दिया और कुछ स्थानों पर कारों में आग लगाई

**यरूशलम।** इजरायल में हजारों अति-रूढ़िवादी यहूदियों ने अनिवार्य सैन्य भर्ती के विरोध में जबरदस्त प्रदर्शन किया और सड़कें जाम कीं।

हिंसक प्रदर्शनकारियों ने रेल यातायात बाधित कर दिया और कुछ स्थानों पर कारों में आग लगा दी। पुलिस ने कहा, प्रदर्शनकारियों ने कई प्रमुख चौराहों को रोका और एक बस से उतरे सैनिक पर हमला किया। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को पानी की बौछारों का इस्तेमाल करना पड़ा। प्रदर्शन से जनजीवन ठप हो गया। हालात इतने विकट हो गए कि मध्य क्षेत्र स्थित यरुशलम और तेल अवीव में प्रमुख राजमार्ग बंद हो गए तथा सार्वजनिक परिवहन सेवाएं भी प्रभावित रहीं। इजरायल में अधिकतर यहूदी पुरुषों और महिलाओं के लिए सैन्य सेवा अनिवार्य है। हालांकि, प्रभावशाली लोग छूट हासिल करते रहे हैं। अब यह छूट खतरे में दिख रही है। बड़ी संख्या में इजरायली युवक लंबे समय से चली आ रही इस व्यवस्था से असंतुष्ट हैं। यह असंतोष सेना के दबाव झेलने के चलते बढ़ गया। इजरायली युवाओं में अनिवार्य सैन्य भर्ती के लिए आक्रोश इसलिए भी बढ़ गया क्योंकि अनेक नागरिकों को रिजर्व डयूटी के लिए बार-बार मोर्चे पर लौटना पड़ा है। खासतौर पर पिछले कुछ वर्षों में गाजा और फिर लेबनान, ईरान तथा यमन में शुरू लड़ाई के चलते युवाओं के लिए यह नियम परेशानी बन गया है। इससे परिवारों में भी असंतोष है। यह विवाद अब पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की सत्तारूढ़ गठबंधन सरकार के लिए भी गंभीर सियासी संकट का कारण बन गया है। अति-रूढ़िवादी दलों द्वारा सरकार से समर्थन वापसी के बाद गठबंधन में दरार गहरा गई है। इसके चलते इस वर्ष के चुनाव समय पूर्व कराए जा सकते हैं।



# भारत समेत 60 देशों पर नया टैरिफ लगाने की तैयारी में अमेरिका

■ कहाः जबरन श्रम से उत्पादित वस्तुओं के निर्यात पर प्रभावी प्रतिबंध लगाने में विफल रहे हैं 60 देश

**वाशिंगटन।** अमेरिका एक तरफ भारत के साथ संबंध बेहतर करने की दुहाई दे रहा है, वहीं दूसरी तरफ ट्रम्प प्रशासन भारत के खिलाफ कार्रवाई से बाज नहीं आ रहा है। दरअसल अमेरिकी सरकार एक बार फिर भारत पर नया टैरिफ लगाने की तैयारी कर रही है।

अमेरिका के व्यापार प्रति. निधि यूएसटीआर ने भारत समेत 60 देशों पर ये नया टैरिफ लगाने का प्रस्ताव दिया है। टैरिफ लगाने की वजह ये बताई गई है कि भारत समेत 60 देश जबरन श्रम से उत्पादित वस्तुओं के निर्यात पर प्रभावी प्रतिबंध लगाने में विफल रहे हैं। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि अमेरिकी व्यापार कानून 1974 की धारा 301 के तहत पाया गया है कि 60 देशों की नीतियां और कार्यशैली अमेरिकी व्यापार पर गैरजरूरी दबाव बढ़ाती हैं और अमेरिकी व्यापार को बाधित करती हैं। अमे. रिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय, अमेरिका की एक कार्यकारी संघीय एजेंसी है, जो अमेरिका की विदेश व्यापार नीति बनाने के लिए जिम्मेदार है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय के अनुसार, भारत समेत 54 देश उन सामानों के निर्यात पर जरूरी प्रतिबंध लगाने में विफल रहे हैं, जिन्हें जबरन श्रम द्वारा बनाया जाता है।

# क्यूबा पर हमले की तैयारी कर रहा अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विद. ेश मंत्री मार्को रूबियो ने क्यूबा को विफल देश बताते हुए उसे अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बढ़ता हुआ खतरा बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि क्यूबा में चीन और रूस की खुफिया गतिविधियां चल रही हैं और क्यूबा पूरे लैटिन अमेरिका में अमेरिका-विरोधी गतिविधियों को समर्थन देता है। राष्ट्रीय सुरक्षा, विद. ेश विभाग और संबंधित कार्यक्रमों पर बनी संसदीय उपसमिति के सामने बोलते हुए रूबियो ने कहा कि क्यूबा की आर्थिक बदहाली और अमेरिका के विरोधी देशों के साथ उसके करीबी रिश्ते, पश्चिमी क्षेत्र में अमेरिकी हितों के लिए बड़ी चुनौती बन गए हैं। रूबियो ने कहा कि दशकों की खराब आर्थिक नीतियों और कुप्रबंधन की वजह से क्यूबा का आर्थिक मॉडल लगभग टूट चुका है।

NIRWAL HOSPITAL
MULTI SPECIALITY
स्त्री की सभी समस्याओं का इलाज आयुष्मान कार्ड से
डॉ. नीति चतुर्वेदी
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
• जच्चा व बच्चा के सभी रोगों का इलाज • बांझपन का इलाज
• बच्चेदानी व अण्डेदानी के सभी ऑपरेशन दूरबीन द्वारा व खुले
• परिवार नियोजन के लिए परामर्श व हर प्रकार की सुविधा।
• हाईरिस्क गर्भावस्था
• बच्चेदानी का कैंसर रोकने हेतु टीकाकरण
• बच्चेदानी का ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड से
• नार्मल व ऑपरेशन (सिजेरियन) के द्वारा डिलीवरी की सुविधा
साउथ सिविल लाईन, सरकुलर रोड, जाट कॉलोनी, मु. नगर
मो.: 0131-2621600, 7300773004



# कॉमेडी को जीवंत बना देते हैं वरुण धवनः पूजा हेगड़े

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री पूजा हेगड़े ने अभिनेता वरुण धवन के साथ फिल्म है जवानी तो इश्क होना है में काम करने के अपने अनुभव साझा करते हुए कहा है कि वरुण अपनी ऊर्जा और कॉमिक टाइमिग से पूरे सेट को जीवंत बना देते हैं। पूजा और वरुण निर्देशक डेविड धवन की आगामी फिल्म है जवानी तो इश्क होना है में साथ नजर आएंगे। पूजा का कहना है कि वरुण के साथ स्क्रीन साझा करना एक अलग तरह का अनुभव रहा, क्योंकि उनकी ऊर्जा का स्तर लगातार ऊंचा रहता है।उन्होंने कहा कि वरुण हमेशा पूरी तरह एक्टिव रहते हैं। टेक्स के बीच भी वह कुछ नया करने की कोशिश करते रहते हैं, डांस करते हैं, मजाक करते हैं या किसी दृश्य को अलग अंदाज में निभाने का प्रयास करते हैं। वह कभी भी सेट की ऊर्जा को कम नहीं होने देते और इसका असर पूरी टीम पर पड़ता है।

## जापान में तूफान ने मचाई तबाही 60000 घरों की बिजली आपूर्ति प्रभावित

**टोक्यो।** उष्णकटिबंधीय भीषण तूफान जोंगमी के चलते तेज हवाओं और मूसलाधार बारिश ने बुधवार सुबह जापान के विभिन्न हिस्सों में कहर बरपाया जिससे लगभग 60 हजार से घर प्रभावित हुए हैं। जापान की मौसम विज्ञान एजेंसी ने कहा कि तूफान का केंद्र मुख्य मध्य द्वीप होंशू से दूर था, जो 25 मीटर प्रति सेकंड की अधि. कतम निरंतर हवा की गति के साथ उत्तर-पूर्व में ग्रेटर टोक्यो क्षेत्र की ओर बढ़ रहा था। एजेंसी ने यह भी कहा कि प्रशांत तट के किनारे स्थित कुछ क्षेत्रों में 'भयावह प्राकृतिक आपदाओं' के कारण यहां रखना खतरनाक होता जा रहा है। सरकारी प्रवक्ता मिनोरू किहारा ने नियमित प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि इस सीजन का यह छठा चक्रवाती तूफान है। इसके स्तर को कम कर उष्णकटिबंधीय तूफान में बदल दिया गया था, उसका केंद्रीय दबाव 980 एचपीए है। इसकी वजह से लगभग 60,000 घरों की बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई है।

गुप्त समस्याएं
बचपन की गलतियाँ
धात, स्वपनदोष, नामर्दी, शीघ्रपतन
लिंगदोष, वीर्यदोष, नसों में ढीलापन ल्यूकोरिया, शुक्राणुहीनता, पेशाब रोग
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नुमाईश ग्राउंड के ठीक सामने मेरठ रोड, मुजफ्फर नगर
M-9359406499

